नई दिल्ली

बुधवार 17 जून 2026

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 30, अंक : 59
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

**मौसम**
अधि. 40
न्यून. 32

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


# एक दशक में देश ने देखा अभूतपूर्व इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, पीएम मोदी ने माय मोबाइल जीओवी पर किया पोस्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले एक दशक के दौरान भारत ने बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। उन्होंने कहा कि देशभर में रिकॉर्ड स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार हुआ है, जिससे न केवल लोगों की आवाजाही आसान हुई है, बल्कि आर्थिक विकास और रोजगार के नए अवसर भी सृजित हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच पर माय-जीओवी पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि उनकी सरकार विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए देशवासियों के लिए अगली पीढ़ी के आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मजबूत और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर किसी भी विकसित राष्ट्र की आधारशिला होता है और भारत इसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।


फाइल फोटो

### कनेक्टिविटी बढ़ने से बढ़े अवसर

*देश में बेहतर कनेक्टिविटी केवल भौगोलिक दूरियां कम करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक अवसरों का भी विस्तार कर रही है। बेहतर सड़क, रेल और हवाई नेटवर्क से छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिली है। सरकार का मानना है कि कनेक्टिविटी में सुधार से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है, माल परिवहन की लागत कम हुई है और विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने में सहायता मिली है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हुई है।*

### विकसित भारत के लक्ष्य पर जोर

*प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने दोहराया कि सरकार आधुनिक राजमार्गों, हाई-स्पीड रेल नेटवर्क, अत्याधुनिक हवाई अड्डों, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और स्मार्ट लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के विकास* ▸▸ शेष पेज 5 पर

### विकास की नई नींव

*माय गोव पोस्ट में यह भी कहा गया कि देश में हुए इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार ने एक अधिक समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत की नींव को मजबूत किया है। बेहतर परिवहन और कनेक्टिविटी सुविधाओं के कारण उद्योगों, किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को सीधे लाभ मिल रहा है। सरकार का दावा है कि पिछले एक दशक में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर विशेष जोर देने से भारत वैश्विक स्तर पर तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में अपनी स्थिति और मजबूत करने में सफल रहा है। आने वाले वर्षों में भी इसी गति को बनाए रखते हुए विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में कार्य जारी रहेगा।*

---

नीट-यूजी पुनः परीक्षा से पहले बोले एनटीए महानिदेशक अभिषेक सिंह, कोई और विकल्प नहीं था

# छात्रों को ठगी के मकड़जाल से बचाने के लिए लगाया टेलीग्राम पर अस्थायी बैन: सिंह



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पेपरलीक के बाद इसी सप्ताह 21 जून को एक बार फिर से देशभर में नीट-यूजी की प्रवेश परीक्षा होने वाली है। लेकिन उससे ठीक पहले केंद्र सरकार के इलेक्ट्रानिक्स-सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा टेलीग्राम पर 22 जून तक अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिसका बचाव करते हुए मंगलवार को राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक अभिषेक सिंह का एक महत्वपूर्ण बयान सामने आया है। जिसमें उन्होंने कहा कि हमारे पास अन्य कोई विकल्प शेष नहीं बचा था। क्योंकि स्कैमर्स पूर्व में हुए पेपरलीक के बाद छात्रों के मन में लगातार बनी हुई घबराहट का फायदा उठाकर उन्हें नकली प्रश्नपत्र को भावी नीट परीक्षा का असली पेपर बताकर भारी भरकम रकम के साथ बेच रहे थे। एजेंसी की यह कार्यवाही हालिया समय में गुजरात एटीएस द्वारा किए गए एक गिरोह के भंडाफोड़ के परिपेक्ष्य में सामने आई है। यहां बता दें कि 2026 में 3 मई को नीट-यूजी की प्रवेश परीक्षा हुई। जो कुछ ही दिनों के भीतर पेपरलीक के बाद रद्द कर दी गई थी।

**नकली चैनल चलाने वालों की ट्रिक :** सिंह के मुताबिक, टेलीग्राम पर नकली चैनल चलाने वाले कई ट्रिक अपनाते हैं। जिसमें नकली प्रूफ वीडियो के रूप में दिखाए जाते हैं, जिसमें सारी चैट पुरानी होती है। उदाहरण के रूप में कोई भी व्यक्ति जो टेलीग्राम चैनल चला रहा है। वह उसमें दी गई पुरानी सामग्री को ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ठगी से बचेंगे छात्र

*उन्होंने कहा कि एजेंसी ने टेलीग्राम के अधिकारियों के साथ एक बैठक में मामले पर विचार-विमर्श किया गया। जिसके बाद ऐसे कई समूहों और कुल करीब 200 से ज्यादा सोशल मीडिया चैनलों को ब्लॉक किया गया है। एनटीए की यह पूरी कोशिश आगामी दिनों में फिर से होने वाली परीक्षा को पारदर्शी ढंग से आयोजित कराने को लेकर की गई है। वहीं, चैनलों पर रोक से भी फर्जीवाड़े की पूरी व्यवस्था प्रभावित नहीं होती है। क्योंकि तेजी से नए चैनल बनाए जा सकते हैं। भारत में टेलीग्राम पर प्रतिबंध लगने से यह फायदा होगा कि यहां देश में छात्र इस तक नहीं पहुंच सकेंगे। जिससे वह आर्थिक धोखाधड़ी का शिकार नहीं बनेंगे। केंद्र ने टेलीग्राम पर 22 जून तक अस्थायी रोक और मैसेज में संशोधन करने यानी उन्हें एडिट करने पर प्रतिबंध लगा चुकी है। उन्होंने इस बात पर हालांकि चिंता जताई कि कुछ यूजर्स वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (यूवीएन) के जरिए इन प्रतिबंधों का धता बताते हुए अपनी गतिविधियों को जारी रख सकते हैं। साथ ही वह भारत के बाहर से भी अपने चैनलों को चला सकते हैं। लेकिन इन सबके बीच हमने यह तय किया है कि टेलीग्राम भारत में फिलहाल प्रतिबंधित रहेगा।*

### कोई पेपरलीक नहीं हुआ

*एनटीए महानिदेशक ने एक्स पर एक आडियो-वीडियो पोस्ट में छात्रों और अभिभावकों को चेतावनी देते हुए कहा कि टेलीग्राम पर स्कैमर दो तरह से अपना गोरखधंधा चला रहे हैं। पहले में जो चैनल पुनः परीक्षा का प्रश्नपत्र भेजने के लिए छात्रों से 14 से 25 हजार रुपए मांग रहे थे। कुछ मामलों में 10 लाख रुपए तक की मांग की गई है। छात्र ऐसा कुछ भी न करें। क्योंकि अभी तक नीट-यूजी का कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। ऐसे में अपने पैसों को बड़ी सावधानी के साथ ही ट्रांसफर करें। क्योंकि एक बार में ही पेमेंट होने पर पैसा ट्रांसफर हो जाता है। इस तरह के मामलों में अगर किसी छात्र ने अपना एडमिट कार्ड, व्हाट्सएप नंबर भेजा हो तो स्कैमर इन दस्तावेजों का इस्तेमाल बाकी छात्रों को ठगने के लिए करते हैं।*

---


प्रधानमंत्री ने एक्स पर साझा की समूह के कई अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों से हुई मुलाकात की तस्वीरें

# जब अपनी सीट छोड़कर पीएम मोदी के लिए खड़े हुए राष्ट्रपति ट्रंप, गर्मजोशी से मिलाया हाथ

- फ्रांस के एवियन में जी-7 की शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं ने मुस्कुराते हुए किया एक-दूसरे का अभिवादन
- बुधवार को सम्मेलन से इतर होगी भारत-अमेरिका के शीर्ष नेताओं की अहम द्विपक्षीय मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी में जारी तनाव के बीच आखिरकार वो घड़ी आ गई जिसका हर खासो-आम को बेसब्री से इंतजार था। जी हां, फ्रांस के एवियन-लेस-बैंस में मंगलवार को जी-7 शिखर सम्मेलन के मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ गर्मजोशी से भरी हुई एक अनौपचारिक मुलाकात हुई है। आयोजन स्थल पर समूह देशों के राष्ट्राध्यक्षों के पहुंचने के क्रम में जैसे ही भारत के प्रधानमंत्री का आगमन हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति की नजर उनकी तरफ गई और वह तुरंत अपनी सीट से उठकर खड़े हो गए। दोनों शीर्ष नेताओं ने बेहद गर्मजोशी और मुस्कुराते हुए एक-दूसरे से हाथ मिलाया, फिर संक्षिप्त वार्ता भी हुई। दोनों ने एक-दूसरे का अभिवादन स्वीकार किया। इस मुलाकात में राष्ट्रपति ट्रंप ने न केवल पीएम मोदी से बेहद आत्मीयता के साथ हाथ मिलाया। बल्कि उनके कंधे को भी थपथपाया। यह पूरा घटनाक्रम एक प्रकार से दोनों नेताओं की गहरी दोस्ती और उसमें बने हुए आपसी विश्वास और सम्मान का भी प्रतीक है। बताते चलें ▸▸ शेष पेज 5 पर




### आज होगी द्विपक्षीय बैठक

*प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच बीते करीब डेढ़ साल के बाद हुई यह पहली प्रत्यक्ष मुलाकात है। पूर्व में 2025 की शुरुआत में दोनों नेता वाशिंगटन डीसी में मिले थे। यह वह दौर था। जब अमेरिका के राष्ट्रपति ने दूसरी बार बतौर अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया था। इन सबके बीच व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच बुधवार (17 जून) को जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों, व्यापक रणनीतिक साझेदारी से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों (द्विपक्षीय व्यापार समझौते का मसला शामिल) पर चर्चा की जा सकती है। शीर्ष नेताओं की इस बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों के मामले (ओमान की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना के हमले में मारे गए भारतीय नाविकों का मुद्दा शामिल) पर भी विचार-विमर्श किया जा सकता है।*

### मेलोनी, स्टार्मर, उर्सुला लेयेन से मिले मोदी

*प्रधानमंत्री ने एक्स पर साझा की गई कुछ तस्वीरों के जरिए अपनी जी-7 देशों के कुछ अन्य नेताओं और वैश्विक संगठनों के प्रमुखों से हुई मुलाकात के बारे में जानकारी दी है। जिसमें वह इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय आयोग परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा मुख्य रूप से शामिल हैं।*

### ग्रुप फोटो ने खींचा सबका ध्यान

*उन्होंने अपनी एक अन्य पोस्ट में इस आयोजन के मुख्य मेजबान देश फ्रांस और उसके राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा किए गए स्वागत के लिए उनका धन्यवाद किया। पीएम मोदी ने लिखा, एवियन में मेरे स्वागत के लिए धन्यवाद मेरे दोस्त राष्ट्रपति मैक्रों। वहीं, जी-7 सम्मेलन से ठीक पहले ली गई ग्रुप फोटो भी बेहद आकर्षक नजर आई। जिसमें समूह देशों, संगठनों-संस्थाओं के सभी दिग्गज नेता एक साथ नजर आए। लेकिन इन सबके बीच भी दो नेताओं ने सबका ध्यान खींचा। वह हैं फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के सीधे हाथ की तरफ खड़े प्रधानमंत्री मोदी और उल्टे हाथ की तरफ खड़े राष्ट्रपति ट्रंप। ग्रुप फोटो को लेकर पीएम ने अपनी पोस्ट में लिखा कि एवियन में जी-7 शिखर सम्मेलन में साथी नेताओं के साथ। हम समृद्धि, स्थिरता और मानव कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक साथ काम करना जारी रखेंगे।*

---

राष्ट्रपति पेलेग्रिनी ने पीएम को प्रदान किया 'द आर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस' सम्मान

# स्लोवाकिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित हुए प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनियाभर के देशों द्वारा अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से सम्मानित किए जाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम अब एक नाम स्लोवाकिया का भी शामिल हो गया है। इस मध्य यूरोपीय देश ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द आर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस' (प्रथम श्रेणी) से भारत के प्रधानमंत्री को सम्मानित किया है। 1993 के बाद किसी भारतीय पीएम द्वारा की गई ब्रातिस्लावा की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने इस सम्मान से नवाजा। जिसके साथ ही प्रधानमंत्री को अब तक दुनिया के देशों से मिले शीर्ष सम्मानों का आंकड़ा कुल 33 पर पहुंच गया है। वहीं, इस पुरस्कार की बात करें तो यह स्लोवाकिया द्वारा विदेशी नागरिकों को दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक और सैन्य सम्मान है।

**140 करोड़ देशवासियों को किया समर्पित :** पीएम ने स्लोवाकिया के इस सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित ▸▸ शेष पेज 5 पर

---

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक लेकर की समग्र कृषि क्षेत्र की समीक्षा

# अल नीनो से निपटने पर केंद्र गंभीर, हर हफ्ते होगी समीक्षा बैठक: चौहान

- जिन जिलों में अल नीनो का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक पड़ सकता है, वहां विशेष ध्यान देकर जिलाधिकारियों की बैठक की जाएगी
- जिलेवार कंटिंजेंसी प्लान और खाद उपलब्धता की बारीकी से समीक्षा
- कपास उत्पादन बढ़ाने के लिए मिशन मोड में मुहिम चलाने के शिवराज सिंह चौहान ने दिए निर्देश
- 'दलहन आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य की पूर्ति पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री का विशेष जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित कृषि भवन, में उच्चस्तरीय साप्ताहिक कृषि समीक्षा बैठक में खरीफ 2026 के लिए देशभर की तैयारियों की गहन समीक्षा की। साथ ही, संभावित अल नीनो ▸▸ शेष पेज 5 पर



# क्रेस्ट घोटाला: करोड़ों की सरकारी धनराशि गबन मामले में सीबीआई की चार्जशीट, 13 आरोपी नामजद

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

सीबीआई ने चंडीगढ़ अक्षय ऊर्जा, विज्ञान एवं तकनीकी प्रोत्साहन सोसायटी (क्रेस्ट) से जुड़े 75.34 करोड़ रुपये के कथित गबन मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए आज विशेष सीबीआई अदालत में पहली चार्जशीट दाखिल कर दी। इस मामले में कुल 13 आरोपियों को नामजद किया गया है, जिनमें आईडीएफसी बैंक के अधिकारी, क्रेस्ट के सरकारी कर्मचारी, निजी व्यक्ति और शेल कंपनियां शामिल हैं। आरोपपत्र के अनुसार, कुल 13 आरोपियों में बैंक के 5 अधिकारी, क्रेस्ट (चंडीगढ़ प्रशासन) के 2 लोकसेवक, 2 शेल कंपनियां तथा 4 निजी व्यक्ति शामिल हैं। सभी आरोपी वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं।

**गंभीर धाराओं में आरोप :** आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत कई गंभीर धाराएं लगाई हैं। इनमें आपराधिक साजिश, आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, जालसाजी, साक्ष्य नष्ट करने और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम से संबंधित अपराध शामिल हैं।

**कैसे हुआ करोड़ों रुपये का गबन :** जांच ▸▸ शेष पेज 5 पर

---

## इड्रग्स नियम, 1945 में संशोधन अधिसूचित किया

# बिना लाइसेंस कफ सिरप की बिक्री पर रोक केंद्र सरकार ने अब और कड़े कर दिये नियम

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश में कफ सिरप (खांसी की दवा) की बिक्री को लेकर महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए ड्रग्स नियम, 1945 में संशोधन अधिसूचित किया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी राजपत्र (गजट) अधिसूचना के अनुसार, छोटे गांवों में कफ सिरप की बिक्री के लिए दी गई विशेष छूट को समाप्त कर दिया गया है। सरकार का कहना है कि यह कदम दवाओं की बिक्री पर नियामकीय निगरानी को ▸▸ शेष पेज 5 पर



### ग्रामीण क्षेत्रों पर क्या होगा प्रभाव?

*नए नियम के लागू होने के बाद छोटे गांवों में रहने वाले लोगों को कफ सिरप खरीदने के लिए अधिकृत और लाइसेंस प्राप्त दवा दुकानों पर निर्भर रहना होगा। सरकार का मानना है कि इससे दवाओं की गुणवत्ता, सुरक्षा और उचित उपयोग सुनिश्चित होगा, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी जारी रहेंगी।*

### सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा पर जोर

*स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह संशोधन देशभर में दवा वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कफ सिरप जैसी दवाएं केवल अधिकृत चैनलों के माध्यम से ही उपलब्ध हों और उनका उपयोग चिकित्सकीय मानकों के अनुरूप किया जाए। इस नए नियम के लागू होने के साथ ही छोटे गांवों में बिना लाइसेंस कफ सिरप की बिक्री का प्रावधान समाप्त हो गया है और अब पूरे देश में इसके वितरण के लिए एक समान नियामकीय व्यवस्था लागू होगी।*




## खबर संक्षेप

### साइबर अपराधियों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले 10 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने देशभर में साइबर अपराधियों को कमीशन पर मिलने वाले बैंक खाते उपलब्ध करने में शामिल एक बड़े संगठित गिरोह का भंडाफोड़ कर 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान विजय कुमार, प्रदीप कुमार, यतेंद्र कुमार, मुकेश, विनेश, गुरबाज सिंह, अमन, सूरज यादव, गौरव नाहर और लक्ष्मण के रूप में हुई है। इनके पास से 11 पीओएस मशीनें, विभिन्न बैंकों की 27 चेक बुक, 17 एटीएम कार्ड और 12 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। डीसीपी राजीव कुमार के अनुसार यह कार्रवाई केरल की रहने वाली एक महिला से हुई दो लाख रुपये की धोखाधड़ी की शिकायत की जांच के दौरान की गई। जांच में पता चला कि धोखाधड़ी की रकम एक खाते में जमा की गई थी, जिसका इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी के पैसों के लेनदेन के लिए हो रहा था। वित्तीय और तकनीकी विश्लेषण के जरिये इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश हुआ। पुलिस के अनुसार, आरोपी बेरोजगार और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को नौकरी का झांसा देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे। इसके बाद उनके एटीएम कार्ड, चेक बुक, पंजीकृत मोबाइल नंबर और इंटरनेट बैंकिंग संबंधी जानकारी अपने कब्जे में ले लेते थे और इन्हें साइबर अपराधियों को दे देते थे। पुलिस इस मामले में शामिल अन्य साइबर अपराधियों और लाभार्थियों की पहचान के लिए आगे की जांच कर रही है।

### दिल्ली पुलिस ने व्यक्ति को खुदकुशी करने से रोका

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की पीसीआर इकाई में तैनात एक उपनिरीक्षक ने महिपालपुर फ्लाईओवर पर एक व्यक्ति को आत्महत्या करने से रोक लिया। दरअसल सूचना मिलते ही पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची, और पाया कि एक व्यक्ति फ्लाईओवर के किनारे खतरनाक तरीके से खड़ा है। उपनिरीक्षक अनिल शर्मा ने उससे बात की और उसका विश्वास जीता। अधिकारी ने बताया कि शर्मा लगातार उससे बात करते रहे और इस दौरान उन्होंने व्यक्ति से फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। एक अधिकारी ने बताया कि बातचीत के दौरान पीसीआर कर्मचारियों ने व्यक्ति को उसका मोबाइल फोन देकर उसका ध्यान भटकाया तथा अवसर का लाभ उठाते हुए उसे तेजी से किनारे से खींच सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया।

### कार से अंडे की रेहड़ी को टक्कर मारने वाला चालक पकड़ा

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले के केशवपुरम इलाके में एक तेज रफ्तार कार से एक रेहड़ी को टक्कर मारने और चार लोगों को जख्मी करने के आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी चालक पुनीत (31) को 14 जून को गिरफ्तार किया गया। कार को भी जब्त कर लिया गया है जिससे दुर्घटना हुई थी। पुलिस के अनुसार त्रिनगर में 10 जून को हुए हादसे के बारे में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को सूचना मिलने के बाद, पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पाया कि घायलों को पहले ही पास के अस्पताल ले जाया जा चुका है। शुरुआती जांच में पता चला है कि पीड़ित अंडे की एक रेहड़ी के पास खड़े होकर खाना खा रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार का संतुलन बिगड़ गया और उसने रेहड़ी को टक्कर मार दी। चार घायलों को डीसीबी अस्पताल ले जाया गया था और बाद में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### केशवपुरम फैक्टरी में आग लगी

**नई दिल्ली।** शास्त्री नगर मेट्रो स्टेशन के पास एक फैक्टरी में मंगलवार को आग लग गई। दमकल विभाग से मिली सूचना के अनुसार घटना में किसी के जख्मी होने की खबर नहीं है। केशवपुरम थाने की पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। डीएफएस को दोपहर करीब एक बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की सात गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दोपहर ढाई बजे तक आग को बुझा लिया गया और शाम तक साइट की कूलिंग का कार्य जारी था।

## तीन लोगों को किया गिरफ्तार

# पाकिस्तान से जुड़े 'डिजिटल अरेस्ट' गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कथित रूप से पाकिस्तान से जुड़े 'डिजिटल अरेस्ट' गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए, तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी धोखाधड़ी से हासिल रकम को कमीशन पर मिलने वाले बैंक खातों और क्रिप्टकरेंसी के जरिए, इधर-उधर करने में अपने आकाओं की मदद करते थे। इनके नाम उत्तर प्रदेश के कन्नौज के रहने वाले अंकित (23), कानपुर के सैफ अंसारी (34) और दिल्ली के 24 साल के मोहम्मद नूर आलम बताये गये हैं। धोखाधड़ी से जुड़े लगभग एक लाख रुपये पुलिस द्वारा फ्रीज भी करवाये गये हैं।

पुलिस के अनुसार 19 जनवरी को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर एक शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि शिकायतकर्ता को कुछ व्यक्तियों ने दूरसंचार कंपनी के कर्मचारी, पुलिस अधिकारी और सरकारी अफसर बनकर ठग लिया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, उसे आठ जनवरी को एक महिला ने फोन कर खुद के दूरसंचार कंपनी की कर्मचारी होने का दावा किया और उसे बताया कि उसके आधार कार्ड पर जारी एक मोबाइल नंबर का इस्तेमाल बेंगलुरु में अवैध गेमिंग गतिविधियों में किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि बाद में उसे एक वीडियो कॉल आई जिसमें व्यक्ति ने खुद को बेंगलुरु के इंदिरा नगर थाने का उपनिरीक्षक बताया। जालसाजों ने कथित तौर पर उसे बताया कि उसके नाम पर खोले गए कई बैंक खाते धन शोधन के मामले से जुड़े हैं और उनकी जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि पीड़ित को लगातार वीडियो निगरानी में रखा गया और उसे अपने बैंक खातों, सावधि जमा, म्यूचुअल फंड और अन्य निवेशों के विवरण का खुलासा करने के लिए राजी किया गया। इसके बाद जालसाजों ने उसे अपने निवेश से पैसा निकालने और रकम को उनके द्वारा प्रदान किए गए बैंक खातों और यूपीआई आईडी में स्थानांतरित करने के लिए मना लिया और दावा किया गया कि यह आरबीआई लेखा परीक्षकों द्वारा सत्यापन के लिए आवश्यक है और बाद में पैसा वापस कर दिया जाएगा। नौ से 16 जनवरी के बीच पीड़ित ने विभिन्न खातों में कुल 15.31 लाख रुपये स्थानांतरित कर दिए। इसके बाद शिकायतकर्ता को ठगे जाने का एहसास हुआ। तकनीकी निगरानी के बाद पुलिस नूर आलम तक पहुंची। खुलासा हुआ कि साइबर जालसाजों के लिए बैंक खातों की व्यवस्था आलम ने की थी और वह पाकिस्तान में बैठे बिलाल नामक व्यक्ति के साथ नियमित संपर्क में था। पुलिस ने बताया कि ठगी से हासिल पैसे को पहले उसके द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक खातों में लाया जाता था और फिर इसे यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी में बदल कर विदेश में बैठे आकाओं को भेज दिया जाता था। उसे क्रिप्टोकरेंसी में कथित तौर पर कमीशन मिलता था जिसे बाद में विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से निकाल लिया जाता था।



# 1.24 करोड़ की धोखाधड़ी में शामिल परिवार गोवा से अरेस्ट

- अभिनंदन ज्वैलर्स गोल्ड इन्वेस्टमेंट फ्रॉड केस में महिला समेत चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आर्थिक अपराध शाखा ने अभिनंदन ज्वैलर्स के गोल्ड इन्वेस्टमेंट फ्रॉड मामले में मास्टरमाइंड मुकेश वर्मा को परिवार संग गोवा से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये तीन अन्य लोगों में मुकेश की पत्नी, पिता ओम प्रकाश वर्मा और बेटा रिदम वर्मा शामिल है। इस केस में चार आरोपियों को रोहिणी कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित किया जा चुका था। इस परिवार पर सोने में निवेश पर पक्का रिटर्न और सोना देने का झूठा भरोसा देकर 26 से ज्यादा लोगों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप है। धोखाधड़ी की कुल रकम लगभग 1.24 करोड़ रुपये बताई गई थी। पुलिस के अनुसार रोहित ठुकराल से मिली एक शिकायत के बाद केस दर्ज किया गया था। आरोप लगाया गया था कि अभिनंदन ज्वैलर्स के डायरेक्टर मुकेश वर्मा ने अपने परिवार के सदस्यों ओम प्रकाश वर्मा, रिदम वर्मा और एक अन्य महिला के साथ मिलकर उन्हें और कई अन्य निवेशकों को पक्के रिटर्न के भरोसे गोल्ड इन्वेस्टमेंट स्कीम में पैसा लगाने के लिए उकसाया था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि उन्होंने बैंकिंग चैनलों के जरिए 14.70 लाख रुपये और नकद में 2.50 लाख रुपये आरोपियों के पास निवेश किए थे। आरोपियों ने एक तय समय के बाद सोना देने या निवेश की गई रकम को अतिरिक्त मुनाफे के साथ वापस करने का वादा किया था। इसके बाद 25 अन्य पीड़ितों से भी ऐसी ही शिकायतें मिलीं और उन्हें मौजूदा एफआईआर के साथ जोड़ दिया गया था। जांच से पता चला कि लोगों ने कुल मिलाकर लगभग 1.24 करोड़ रुपये आरोपियों के पास निवेश किए थे। मार्च 2025 में आरोपियों ने अचानक अपना कारोबार बंद कर दिया था और फरार हो गए थे। निवेशकों को न तो रकम लौटाई, न ही वादा किया गया रिटर्न या सोना दिया। आरोपियों को कैंडोलिम, गोवा से अरेस्ट किया गया।



## दयालपुर में 40 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** दयालपुर इलाके में 40 वर्षीय शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना सोमवार रात सामने आई। मृतक का नाम राशिद बताया गया है। वह इलाके में वाटर प्लांट चलाता था। पुलिस मामले की दुश्मनी सहित कई पहलुओं को ध्यान में रख कर जांच कर रही है। घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसमें हमलावर वारदात को अंजाम देकर भागते नजर आये हैं। पुलिस के मुताबिक, सोमवार रात को पीड़ित को कई गोलियां मारी गई थी, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से संबंधित एक कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें तीन लोग मोटरसाइकिल पर आते हुए दिख रहे हैं और उनमें से दो ने हेलमेट पहना हुआ है। वीडियो में तीनों को गाड़ी से उतर कर पीड़ित पर गोलियां चलाते और फिर वहां से भागते हुए देखा जा सकता है। पुलिस के अनुसार राशिद इलाके का बाशी है और वह पहले रंगदारी, गंभीर चोट पहुंचाने, चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों से संबंधित मामलों में संलिप्त पाया गया था। मृतक और आरोपी दोनों एक ही समुदाय के हैं। पुलिस ने कहा कि अपराध में शामिल आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनके ठिकाने के बारे में कई सुराग मिले हैं।

## एनजीटी की बैठक में लिए गए फैसलों को सीएम करें सार्वजनिक, ओ जोन में तोड़फोड़ रोकेः यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मांग की है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्लीवालों को अंधेरे में रखने की बजाय नेशन ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी) की बैठक में लिए गए फैसलों को सार्वजनिक करें। यादव ने सीएम से मांग की है कि जल्द से जल्द दिल्ली के ओ जोन में तोड़फोड़ पर रोक के नए आदेश जारी करके गरीबों के आशियानों को उजड़ने से बचाए। भाजपा की दिल्ली के 3 करोड़ जनता के साथ वादा खिलाफी बंद करते हुए तोड़फोड़को रूकवाने का कार्य करें, न की तोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि सीएम रेखा की कथनी और करनी में बहुत बढ़ा फर्क है। भाजपा को सत्ता में आए एक साल से अधिक समय के बाद भी वादे अधूरे हैं। दिल्ली में कभी ओ जोन के नाम पर, कभी अवैध निर्माण के नाम पर लगातार तोड़फोड़ जारी है। यादव ने कहा कि 8 तारीख को एनजीटी के आदेश पर मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों, एजेंसियों और मंत्रियों के साथ एक बैठक के बाद दावा किया कि ओ जोन का मामला सुलझा लिया है, तोड़फोड़ नहीं होगी। लेकिन आज भी ओ जोन के नाम पर तोड़ फोड़ जारी है। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता यदि वास्तव में दिल्ली के लोगों की परेशानी को खत्म करना चाहती है तो उन्हें बयानबाजी करने की जगह तोड़फोड़ पर रोक और ओ जोन की कॉलोनियों को नियमित करने का अध्यादेश अविलंब जारी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को जनता के हित में तोड़फोड़ पर रोक के लिए निर्णय लेने होंगे, बयानबाजी से जनता की परेशानियां खत्म नही होने वाली।

## आईएसआई समर्थित इंटरनेशनल टेरर-क्राइम मॉड्यूल का भंडाफोड़

- सात कुख्यात गिरफ्तार, पांच पिस्टल और 41 कारतूस बरामद

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल की ईस्टर्न रेंज ने आईएसआई समर्थित इंटरनेशनल टेरर-क्राइम मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। गिरोह के सात मुख्य सदस्यों से पांच आधुनिक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल, 41 कारतूस, आपत्तिजनक डिजिटल सबूत और एक स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद की गई। पुलिस का दावा है कि इस गिरफ्तारी से दिल्ली एनसीआर में कई नियोजित आतंकी घटनाओं को सफलतापूर्वक रोका गया है। पुलिस के अनुसार पाकिस्तान समर्थित इंटरनेशनल टेरर-क्राइम सिंडिकेट को सफलतापूर्वक खत्म कर दिया है। इस सिंडिकेट को कथित तौर पर गैंगस्टर से आतंकवादी बने शहजाद भट्टी और उसका साथी अजमल गुज्जर चला रहा था। इस ऑपरेशन के परिणामस्वरूप सात मुख्य सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जो पाकिस्तान से पंजाब के रास्ते लाए गए अवैध हथियारों, कारतूस और नशीले पदार्थों की तस्करी और वितरण में शामिल थे। बाद में इन्हें दिल्ली और एनसीआर में सप्लाई करते थे। गिरफ्तार किये गये बदमाशों में अनस उर्फ अनस त्यागी, मोहित उर्फ योगी, दीपक उर्फ दीपक एग्रोला, आरिफ उर्फ प्रधान, करणवीर सिंह, जतन और साबिर शामिल बताये गये हैं। इनमें से ज्यादातर लोनी, गाजियाबाद के रहने वाले हैं।

## फ्रिज का कंप्रेशर फटने से तीन मंजिला इमारत में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- दर्जनभर लोग किये गये रेस्क्यू

राजधानी में आग लगने की घटना लगातार जारी हैं। दक्षिण दिल्ली के सैनिक फार्म इलाके में स्थित राजू पार्क में सोमवार देर रात एक तीन मंजिला इमारत में फ्रिज का कंप्रेशर फटने से आग लग गई। पुलिस व फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने के साथ धुएं में घिरे दर्जनभर लोगों को सुरक्षित बचाया।

दमकल विभाग को सोमवार रात 11.05 बजे घर में आग की लगने की सूचना मिली। पहले तीन गाड़ियां मौके पर रवाना की गई। लेकिन तब तक मकान के दूसरी और तीसरी मंजिल तक आग फैल चुकी थी। मौके पर नेब सराय थाने की टीम भी पहुंची। दोनों फ्लोर में लोग फंसे हुए थे, जिसमे बच्चे महिलाएं और पुरुष शामिल थे। दिल्ली पुलिस के जवानों ने किसी को रस्से के सहारे बालकनी से तो किसी को छत से दूसरे छत पर रेस्क्यू किया। पुलिस व फायर की टीम ने कुल 12 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। बचाए गए लोगों में चार बच्चे, चार महिलाएं व चार पुरुष शामिल बताये गये हैं। फायर की गंभीरता को देखते हुए तीन अतिरिक्त गाड़ियां भी मौके पर बुलाई गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक दूसरी मंजिल पर फ्रिज में शॉर्ट सर्किट से आग की शुरुआत हुई थी। फिर कंप्रेशर ब्लास्ट हुआ, जिससे आग पूरे तल पर फैल गई और फिर आग तीसरी मंजिल तक पहुंच गई।

## जल्द मेगा शिविर लगाने की घोषणा

# डीजेबी के नए उपाध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में नवनियुक्त उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय (विधायक) सहित नए सदस्यों ने मंगलवार को मुख्यालय जाकर अपना अपना कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर उपाध्याय के अलावा विधायक मनोज कुमार शौकिन, अजय कुमार महावर एवं राजेश कुमार गोयल (सदस्य, दिल्ली छावनी परिषद) ने बतौर सदस्य के रूप में अपना कार्यभार संभाला। इस अवसर पर नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक अनिल कुमार शर्मा, दिल्ली विधान सभा के मुख्य सचेतक अभय वर्मा सहित डीजेबी के सीईओ, मेंबर फाइनेंस, मेंबर एडमिन एवं अन्य उच्च अधिकारी आदि उपस्थित थे।



इस मौके पर मौजूद सभी ने एक स्वर में जल बचाने एवं उसके सदुपयोग की शपथ भी ली। पदभार संभालने के बाद सभी ने कहा कि वह दिल्ली की जनता की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी एवं दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के स्वच्छ भारत, नदी संरक्षण एवं जल संरक्षण के विज़न के अनुरूप दिल्ली जल बोर्ड राजधानी में जल एवं सीवरेज अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए मिशन मोड में जो कार्य कर रहा है, उसके आगे बढ़ाएंगे। पद संभालते ही सबसे पहले उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने घोषणा की है कि जल्द ही एक मेगा जन सुनवाई शिविर, का आयोजन किया जायेगा। इसमें आरडब्लूए एवं जनता से जुड़ी सभी समस्यों का शीघ्र ही समाधान किया जायेगा। उपाध्याय ने पहले ही दिन नवनियुक्त सदस्यों, मेंबर फाइनेंस, मेंबर एडमिन एवं अन्य के साथ एक मीटिंग भी की, जिसमें उन्होंने जल बोर्ड की कार्यप्रणाली के बारे में चर्चा की। इसके बाद दूसरी मीटिंग में उपाध्याय ने डीजेबी बोर्ड के चीफ़ इंजिनियर्स एवं अन्य उच्च अधिकारियों के साथ भी एक मीटिंग की और सभी अधिकारियों से विभाग की कार्यप्रणाली से संबंधित प्रेजेंटेशन तैयार करने एवं अगले तीन महीनों के लिए विभाग की कार्य योजना तैयार करने के लिए कहा है।

## प्रदूषण नियंत्रण और हरियाली बढ़ाने के लिए साझा रणनीति अपनाने का आह्वान

# एनसीआर के संतुलित विकास के लिए राज्यों को मिलकर करना होगा गंभीर प्रयासः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के समग्र एवं संतुलित विकास तथा वहां के निवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एनसीआर से जुड़े सभी राज्यों को मिलकर गंभीर और सतत प्रयास करने होंगे। क्षेत्रीय विकास की गति तभी तेज होगी जब सभी राज्य समन्वित दृष्टिकोण के साथ कार्य करेंगे। ऐसा करने से विकास के लाभ एनसीआर के प्रत्येक क्षेत्र तक पहुंचेंगे।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह विचार मंगलवार को केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) की 42वीं बैठक में व्यक्त किए। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि एनसीआर क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी संबंधित राज्यों को संयुक्त रूप से कार्य करना होगा ताकि क्षेत्र में समुचित विकास सुनिश्चित हो सके और नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर बने।

दिल्ली सरकार जनसुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए निरंतर गंभीरता से कार्य कर रही है। इसी प्रकार एनसीआर के अन्य राज्यों को भी विकास की दिशा में गंभीर प्रयास करने होंगे, जिससे दिल्ली पर बढ़ते जनसंख्या दबाव को कम किया जा सके और क्षेत्रीय संतुलन स्थापित हो। बैठक के दौरान दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान के बीच संस्थागत समन्वय को और अधिक मजबूत बनाने, क्षेत्रीय आवागमन एवं संपर्क सुविधाओं में सुधार, विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा एनसीआर से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।


**अलंकित लिमिटेड**
CIN: L74900DL1989PLC036860
पंजी. कार्यालय : 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055
Website: www.alankit.in Email for investors: investor@alankit.com
Tel No.: 011-42541234/904

**सूचना**
(कम्पनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)
विषय : फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन हेतु स्पेशल विंडो
सेबी सर्कुलर नं. HO/38/13/11(2)/2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, लिस्टेड कम्पनियों के फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन हेतु एक स्पेशल विंडो उपलब्ध कराई गई है।
यह सुविधा 01 अप्रैल 2019 से पूर्व बेचे/खरीदे गये शेयरों के लिए उपलब्ध है और 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक खुली रहेगी।
कम्पनी के फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट धारण करने वाले शेयरधारकों को निर्धारित अवधि के अंदर इस अवसर का लाभ उठाने का परामर्श दिया जाता है।
विवरण हेतु : www.alankit.in | ई-मेल आईडी investor@alankit.com
आरटीए : अलंकित असाइनमेंट्स लि., फोन : 011-42541100 | ई-मेल आईडी : jksingla@alankit.com
कृते अलंकित लिमिटेड
हस्ता/-
दिनांक : 16 जून, 2026
स्थान : नई दिल्ली
अंकित अग्रवाल
प्रबंध निदेशक



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त: **विशाल, पुत्र: हरि चंद, निवासी: आर-403, रघुबीर नगर, राजौरी गार्डन, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **E-FIR No.025233/2024 U/S 305(b)/317(2) BNS** के तहत यह मामला **थाना करोल बाग, मध्य जिला, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **विशाल** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **विशाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **E-FIR No.025233/2024 U/S 305(b)/317(2) BNS, थाना करोल बाग, मध्य जिला, नई दिल्ली** के अभियुक्त **विशाल** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 03.09.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, श्री निशात बांगर,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-01 (सेंट्रल),
कमरा नंबर 180, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली।
DP/8081/CD/2026
(अदालती मामला)



हरियाणा सरकार

**उद्यान विभाग हरियाणा, सेक्टर 21, पंचकुला**
**सार्वजनिक सूचना सुझाव आमंत्रित**

राज्य में उद्यान विभाग द्वारा एफ. पी. ओ. मिशन, टीश्यू कल्चर आधारित बीज आलू विधेयक 2026 और बागवानी नीति तैयार की जा रही है। इनका प्रारूप बागवानी विभाग की वैबसाईट www.hortharyana.gov.in पर लिंक notification/circular पर उपलब्ध है। उपरोक्त बिल/मिशन/नीति के प्रारूपों को अंतिम रूप देने से पूर्व सभी किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, कृषि संबंधित विभागों व अन्य हितधारकों से सुझाव दिनांक 22.06.2026 तक ईमेल-hortharyana@gmail.com पर आमंत्रित हैं।

महानिदेशक उद्यान,
हरियाणा।

पीआरडीएच-1149/11/1131/2027/46283/88/7 दि. 16.06.26



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **श्री सुभाष राठी**, मैसर्स इस्तुति सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड **पताः** 147/5, सेक्टर-22, रोहिणी, दिल्ली-110086, ने **Case Reg. No. 17882/2019, U/s: 138 NI ACT, थानाः अमन विहार, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **श्री सुभाष राठी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **श्री सुभाष राठी**, फरार हो गया है (या उक्त वारन्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case Reg. No. 17882/2019, U/s: 138 NI ACT, थानाः अमन विहार, दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त, **श्री सुभाष राठी**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री संयम जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04,
कमरा नं.112,
रोहिणी कोर्ट दिल्ली
DP/8040/RD/2026
(Court Matter)




# रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली डीएम ऑफिस में 'सिटिजन लाउंज-कम-न्यू एज लर्निंग सेंटर' का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को नई दिल्ली जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) कार्यालय परिसर में स्थापित 'सिटिजन लाउंज-कम-न्यू एज लर्निंग सेंटर' का उद्घाटन किया। यह पहल नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने, प्रशासनिक सेवाओं को अधिक जनहितकारी बनाने तथा युवाओं के लिए सीखने और विकास के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आधुनिक सिटिजन लाउंज, लाइब्रेरी एवं रीडिंग कॉर्नर तथा नव-निर्मित शौचालय ब्लॉक का अवलोकन किया। उन्होंने इस पहल को सुशासन और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि प्रशासनिक कार्यालयों में आने वाले नागरिकों को सम्मानजनक, सुविधाजनक और सकारात्मक अनुभव मिलना चाहिए और यही दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों को बेहतर सुविधाएं और युवाओं को नए अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह केवल एक वेटिंग लाउंज या लाइब्रेरी नहीं, बल्कि नई सोच और बेहतर प्रशासन का प्रतीक है। यहां आसपास की बस्तियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चे भी आकर अध्ययन कर सकेंगे और ऐसी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे, जो सामान्यतः उनके लिए सहज उपलब्ध नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि जब सरकार, प्रशासन और सीएसआर के तीनों स्तंभ एक साथ आते हैं, तब किसी भी शहर के विकास और नव-निर्माण की मजबूत नींव तैयार होती है। डीएम कार्यालय में स्थापित यह सिटिजन लाउंज उसी समन्वित प्रयास का सशक्त उदाहरण है।



## सीखने और कौशल विकास का केंद्र बनेगा न्यू एज लर्निंग सेंटर

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह सिटिजन लाउंज भविष्य में केवल प्रतीक्षालय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युवाओं और विद्यार्थियों के लिए एक ज्ञान एवं कौशल विकास केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां कानून, प्रशासन, करियर मार्गदर्शन, प्रतियोगी परीक्षाओं और अन्य विषयों से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, डिजिटल संसाधनों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कंप्यूटर भी स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यहां समय-समय पर करियर काउंसलिंग सत्र, स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम, एक्सपर्ट टॉक, मार्गदर्शन कार्यशालाएं और युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे युवाओं को नई जानकारी, कौशल विकास और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को समझने का अवसर प्राप्त होगा।

## महापौर ने केशवपुरम जोन का किया निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने मंगलवार को केशवपुरम जोन के विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अशोक विहार स्थित प्रेरणा चौक पर चल रहे मुनक नहर परियोजना एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। न्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रेरणा चौक ड्रेन तथा जल बोर्ड कार्यालय के समीप नाले पर स्लैब डालने की संभावनाओं पर शीघ्र कार्यवाही की जाए, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर त्रिनगर वार्ड की पार्षद मीनू गोयल भी उपस्थित रहीं। इस दौरान उनके साथ एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार, उपायुक्त मोहित बंसल, प्रमुख अभियंता प्रमुख पी.सी. मीणा सहित निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निगम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के '12 साल, सुशासन के' मंत्र से प्रेरणा लेकर जन कल्याण कार्यों को आगे बढ़ाने और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के विकास के विजन को लागू करने के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। महापौर ने त्रिनगर वार्ड का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को त्रिनगर चौक पर पार्किंग सुविधा विकसित करने की संभावनाओं का विस्तृत अध्ययन करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन सभी स्थानों को तत्काल साफ करने के निर्देश दिए जहां से ढलाव बंद कर फिक्स्ड कंपेक्टर ट्रांसफर स्टेशन में स्थानांतरित किए गए हैं।

## एलजी ने खान मार्केट का दौरा कर किया विकास कार्यों का निरीक्षण

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने मंगलवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) अंतर्गत मशहूर खान मार्केट का दौरा किया और बाजार की मध्य लेन में चल रहे सुधार एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एलजी ने सत्य मार्ग नई दिल्ली में स्थापित मॉड्यूलर वर्षा जल संचयन प्रणाली के कार्यान्वयन की भी समीक्षा की। इस मौके पर एलजी ने जल संरक्षण प्रणाली के विकेंद्रीकरण की आवश्यकता पर बल दिया तथा सभी कार्य मानसून शुरू होने से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एलजी संधू के अलावा एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा व उपाध्यक्ष कुलजीत चहल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एलजी ने कहा कि जल संरक्षण के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ एवं विकेंद्रीकृत करना जलवायु-अनुकूल तथा पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ राजधानी के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। ऐसी मॉड्यूलर वर्षा जल संचयन प्रणालियां भूजल के भराव को बढ़ाने, स्थानीय स्तर पर जलभराव को कम करने तथा दिल्ली में प्रभावी शहरी जल प्रबंधन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे पहले एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा ने एलजी को जानकारी देते हुए बताया कि परिषद की 340 मौजूदा एवं प्रस्तावित वर्षा जल संचयन संरचनाओं में से 290 का कार्य पूर्ण कर उन्हें साफ-सुथरा एवं संचालन योग्य बना दिया गया है। शेष 50 संरचनाओं, जिनमें 28 मॉड्यूलर एवं 22 पारंपरिक संरचनाएं शामिल हैं, की सफाई एवं तैयारी कार्य तीव्र गति से चल रहा है और इसे जून , 2026 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान एनडीएमसी ने 61 मॉड्यूलर वर्षा जल संचयन गड्ढों का निर्माण किया है, जिनमें प्रत्येक की भंडारण क्षमता 30 किलो लीटर है। इस मौके पर एलजी ने कहा कि शहरभर में ऐसी पर्यावरण-अनुकूल एवं टिकाऊ प्रणालियों को तेजी से अपनाने एवं विस्तारित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, हम हरित शहरी विकास को आगे बढ़ाने तथा नवाचारी एवं सुदृढ़ नागरिक आधारभूत ढांचे के माध्यम से दिल्ली के पर्यावरणीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए दृढ़तापूर्वक प्रतिबद्ध हैं।

## पश्चिमी दिल्ली में केंद्र सरकार के विकास कार्यों ने बदली तस्वीर : कमलजीत

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली में केंद्र सरकार के विकास कार्यों ने बदली तस्वीर, बेहतर कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर और जनसुविधाओं को नई गति मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर केंद्र सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। नरेंद्र मोदी को चुने हुए प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक लम्बा सेवा कार्यकाल को रिकॉर्ड बनाने के लिए प्रेसवार्ता में बधाई भी दी गई। इस मौके पर विधायक श्याम शर्मा, पवन शर्मा, संदीप सहरावत, जिला अध्यक्ष चंद्रपाल बख्शी और राज शर्मा गौतम, प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार फुलवरिया भी उपस्थित थे।

## लगातार चौथे दिन हुई बारिश, तापमान में गिरावट

नई दिल्ली। लगातार चौथे दिन मंगलवार को दिल्ली में कई बारिश व तेज हवा के चलते तापमान में भारी गिरावट देखने को मिली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले चार पांच दिन हल्की बारिश व तेज हवा का अनुमान व्यक्त किया है। आईएमडी ने अच्छी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया था, जो सही साबित हुआ। आईएमडी का कहना है कि मंगलवार को राजधानी एनसीआर में कई जगहों पर तेज हवाओं के साथ अच्छी बारिश देखने को मिली। सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच अधिकृत सफदरजंग वेधशाला ने 2.8 मिमी बारिश दर्ज की। जबकि नजफगढ़ व इसके आस पास सबसे ज्यादा 24 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं पालम में 9.1 मिमी, लोधी रोड 1.2 मिमी,आया नगर में 2.5 मिमी, पूसा में 0.5 मिमी और राजघाट में 0.4 मिमी बारिश दर्ज हुई। आईएमडी का कहना है कि लगातार बारिश व तेज हवा के चलते दिल्ली में तापमान में 5 डिग्री तक की गिरावट देखने को मिली। अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे है।

## दिल्ली नगर निगम की वित्तीय स्थिति पहले से हुई और मजबूतः सत्या शर्मा

नई दिल्ली। भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनने के बाद दिल्ली नगर निगम ने वित्तीय प्रबंधन, राजस्व संग्रहण और संसाधनों के बेहतर उपयोग के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। दिल्ली नगर निगम की वित्तीय स्थिति को लेकर स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में एमसीडी ने अपने इतिहास का सर्वाधिक 14,549.06 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है, जो अब तक किसी भी वर्ष में प्राप्त सबसे अधिक आय है। सत्या शर्मा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली की जनता लगातार सुनती रही कि एमसीडी आर्थिक संकट से गुजर रही है, कर्मियों के वेतन के लिए धन नहीं है, विकास कार्य प्रभावित हैं और निगम संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। लेकिन आज उपलब्ध आंकड़े साबित करते हैं कि समस्या संसाधनों की नहीं, बल्कि प्रबंधन और प्राथमिकताओं की थी। सत्या शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में, जब दिल्ली सरकार और एमसीडी दोनों में आम आदमी पार्टी का शासन था, तब निगम की कुल आय 12,406.75 करोड़ रुपये थी। वहीं भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनने के बाद वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 14,549.06 करोड़ रुपये पहुंच गई। यानी मात्र एक वर्ष में निगम की कुल आय में 2,142.31 करोड़ रुपये अथवा 17.27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।




Terms & Conditions apply. *Loan approval is at the sole discretion of the financier and may require additional documentation. *Interest rate, loan amount, down payment, tenure, and EMI are subject to the applicant's credit profile. *Certain scheme benefits cannot be combined. *Offers/features may be modified or withdrawn without prior notice. *All offers valid till 30th June 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000–₹10000) on all HMSI models. #Applicable on HDFC Bank Credit Card EMI transactions (Minimum Transaction: ₹20000; Tenure: 6 to 24 months). #Valid only on transactions processed through Pine Labs machines. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #Instant Cashback offer valid till 30th June 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Delhi. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **DELHI: CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9910364903; (Kapashera) - 9599442118; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 9821398522; (Jheel) - 9821398526; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8130093649; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar ) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 8130788666; Parkash Honda (Bhangel) - 7838474152; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 7351489999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.
**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

## खबर संक्षेप

### ब्लड बीमारियों के इलाज में जीन थेरेपी पर चर्चा



**फरीदाबाद।** मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में आयोजित कार्यक्रम में ब्लड संबंधी बीमारियों के इलाज में बदलते दृष्टिकोण व बोन मैरो ट्रांसप्लांट, जीन थेरेपी के भविष्य पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने बताया कि अस्पताल की टीम अब तक 1400 से अधिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट कर चुकी है।

### राममंदिरः घोटालेबाजों पर कब चलेगा बुलडोजर




**गाजियाबाद।** अयोध्या राम मंदिर में हुए दान घोटाले को लेकर मंगलवार को करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल उर्फ अम्मू ने जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राम भक्तों की भावनाओं का अपमान हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार आखिरकार चुप क्यों है, जब इतना बड़ा घोटाला हो गया है तो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज क्यों नहीं कराई गई। इस मामले में बुलडोजर कार्यवाही कब देखने को मिलेगी।

### सिरफिरे ने घर में घुसकर दो बहनों को गोली मारी

**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र में एक सिरफिरे युवक ने घर में घुसकर दो बहनों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। दोनों बहनें गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें इलाज के लिए दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। घटना खोड़ा थाना क्षेत्र के आदर्श नगर वाल्मीकि चौक की है। घायल युवती खुशी (20 वर्ष) और उसकी छोटी बहन निधि (18 वर्ष) अपने घर में मौजूद थीं।

### आईपीओ में निवेश का झांसा देकर ठगी, काबू

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल सेक्टर-17 की टीम ने शेयर ट्रेडिंग एवं आईपीओ में निवेश के नाम पर 32.81 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक खाताधारक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आलोक रायजादा निवासी शांति कुंज अपार्टमेंट, पश्चिम विहार नई दिल्ली के रूप में हुई है। ठगों ने कुल राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त भुगतान करने की मांग की।

### क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी, काबू

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी करने के मामले में दो महिला सहित चार आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ कर रही है।दरअसल, बीती 27 फरवरी को एक व्यक्ति ने साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस को शिकायत दी थी। जिसमें बताया कि जालसाजों ने उससे क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 98,266 रुपए की ठगी कर ली।

## मंत्री नागर ने खाद्य आपूर्ति अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, हर महीने की 10 तारीख तक राशन बांटना सुनिश्चित करें डिपो होल्डर

**मंत्री ने कहा- डिपो होल्डर की निरंतर जनता से शिकायतें प्राप्त हो रहीं**

मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों से कहा कि डिपो होल्डर की निरंतर जनता से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इस बारे में त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिसके नाम डिपो होल्डर आवंटित है वही व्यक्ति राशन का वितरण करें। यदि कोई और व्यक्ति उनके आधार पर राशन का वितरण करते पाया जाए तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर-16 स्थित सर्किट हाउस में खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एवं सभी इंस्पेक्टर के साथ बैठक ली। जिसमें मंत्री राजेश नागर ने सभी राशन डिपो द्वारा 10 तारीख तक राशन वितरण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि डिपो होल्डर की निरंतर जनता से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इस बारे में त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिसके नाम डिपो होल्डर आवंटित है वही व्यक्ति राशन का वितरण करें। यदि कोई और व्यक्ति उनके आधार पर राशन का वितरण करते पाया जाए तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



### हर महीने 4 से 6 डिपो की हो जांच

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि सभी इंस्पेक्टर्स की हर महीने 4 से 6 डिपो को जांच करने की ड्यूटी लगाई जाए। इसके साथ ही हर 10 तारीख तक किस डिपो में कितना राशन वितरित हुआ, उसकी रिपोर्ट है उनको उपलब्ध करवाई जाए।उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वह दिए गए निर्देशों का सख्ती से पालन करें। यदि उनकी तरफ से भी कोई लापरवाही बरती गई तो विभागीय कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि डिपो होल्डर सभी राशन लाभार्थियों को पूरा और समय पर राशन दें क्योंकि यह उनका हक है। खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने सभी अधिकारियों से कहा कि हमें शासन और प्रशासन के बेहतर संयोजन से जनता को लाभ पहुंचाना है। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही न आपको बर्दाश्त करनी है, न मैं बर्दाश्त करने वाला हूं।

## केंद्रीय मंत्री गुर्जर के नेतृत्व में चला स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान

# पीएम मोदी के नेतृत्व में 12 साल में फरीदाबाद और देश में विकास के नए आयाम स्थापित किए

*नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 9 जून से 21 जून तक पूरे देश में विभिन्न जन.जागरूकता एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 9 जून से 21 जून तक पूरे देश में विभिन्न जन.जागरूकता एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सेक्टर-65 तथा सेक्टर-60 में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रमुख लोगों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 10 जून 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्थापित किया है। पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, आधारभूत संरचना, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं।



### नीम, पीपल, बरगद पर्यावरण के लिए लाभकारी

उन्होंने कहा कि अभियान के तहत स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें नीम, पीपल और बरगद जैसे पर्यावरण के लिए अत्यंत लाभकारी पौधे लगाए जा रहे हैं। ये वृक्ष प्राकृतिक रूप से अधिक ऑक्सीजन प्रदान करते हैं तथा पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### आश्रम से सराय तक सिग्नल फ्री कॉरिडोर परियोजना को स्वीकृति मिली

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि ग्रेटर नोएडा से संपर्क मजबूत करने के लिए यमुना नदी पर नया पुल निर्मित कर कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाया गया है। आश्रम से सराय तक सिग्नल.फ्री कॉरिडोर परियोजना को भी स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अलावा कालिंदी कुंज क्षेत्र में लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लगभग 500 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद को नोएडा, गाजियाबाद, लोनी, ट्रॉनिका सिटी तथा दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे से जोडने के लिए लगभग 60 किलोमीटर लंबे नए राजमार्ग की योजना पर कार्य किया जा रहा है। यह परियोजना फरीदाबाद के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

**अग्नि दुर्घटना से बचाव का कोई प्रबंध नहीं था**

## जीडीए ने ध्वस्त किया अवैध रूप से चल रहा वेयर हाउस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



जीडीए ने मंगलवार को संजय नगर में अवैध रूप से चल रहे वेयर हाउस को ध्वस्त कर दिया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-03 के नेतृत्व में अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध अभियान के तहत भवन संख्या-एल-343 के सामने संजयनगर, सैक्टर-23, गाजियाबाद पर लगभग 549 वर्ग मी0 में शैलेन्द्र कुमार द्वारा अनाधिकृत रूप से निर्मित किए गए वेयर हाउस में जेप्टो प्रालि द्वारा अपना स्टोर संचालित किया जा रहा था। पूर्व में अवैध निर्माण के विरूद्ध उ0 प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए न केवल अवैध निर्माणकर्ता एवं जेप्टो को स्थल पर संचालित अवैध गतिविधि को बन्द करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था। अपितु भवन के निर्माण में अत्यन्त ज्वलनशील सामग्री/फोम का प्रयोग किए जाने, अग्नि दुर्घटना से बचाव का कोई प्रबन्ध एवं मुख्य अग्नि शमन अधिकारी का अनापत्ति प्रमाण-पत्र न होने के क्रम में मुख्य अग्नि शमन अधिकारी को भी पत्र प्रेषित किया गया था। जिसका अनुपालन न करने के कारण उक्त अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के समय सहायक अभियन्तागण ,अवर अभियन्ता, एवं समस्त सुपरवाइजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आमिर, पुत्रः अली जाफर, पताः म. सं. 756, 10/सी, गली नं. 10, लाल फ्लैट्स, सेक्टर–3, डीएसआईआईडीसी, बवाना, दिल्ली** ने **FIR No. 179/2019, U/s 356/379/34 IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आमिर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आमिर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 179/2019, U/s 356/379/34 IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अभियुक्त **आमिर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री भारती बेनिवाल**
**ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास–05, उत्तर रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/7981/ON/2026**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी अदनान, पुत्रः** अकबर उर्फ गुल्लू **पताः** सी–202, ठोकर, नंबर 4, शाहिन बाग, नई दिल्ली **FIR No. 226/2025, U/s: 109(1)/332(B)/189(4) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थानाः हज़रत निजामुद्दीन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अदनान**, मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अदनान**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अदनान, FIR No. 226/2025, U/s: 109(1)/332(B)/189(4) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थानाः हज़रत निजामुद्दीन, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.07.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री मनुज कौशल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–3**
**दक्षिण–पूर्व, कमरा नंबर 512**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**
**DP/8062/SE/2026**
**(Court Matter)**

**कूरता का एक बेहद गंभीर मामला**

## ससुराल वालों की मारपीट से हुआ गर्भपात, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-65 थाना एरिया घरेलू प्रताड़ना और कूरता का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक पांच महीने की गर्भवती महिला के साथ उसके ससुराल वालों ने इस कदर मारपीट की कि उसका गर्भपात हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गुरुग्राम के तिगरा गांव की रहने वाली युवती की शादी बहरामपुर गांव में हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे ससुराल में लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। शनिवार को ससुराल वालों की क्रूरता सारी हदें पार कर गई, जब उन्होंने गर्भवती होने के बावजूद महिला के साथ बेरहमी से मारपीट की। पीड़िता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह पांच महीने की गर्भवती थी। शनिवार को हुए झगड़े के दौरान ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे जानबूझकर निशाना बनाया और उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान महिला के पेट और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। तबीयत अत्यधिक बिगडने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि चोटों के गंभीर असर के कारण महिला का गर्भपात हो गया है। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद सेक्टर-65 थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत मृत भ्रूण का पोस्टमार्टम करवाया ताकि मेडिकल रिपोर्ट के जरिए कोर्ट में पुख्ता सबूत पेश किए जा सकें। पुलिस ने बताया कि महिला के बयान के आधार पर आरोपी पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों के खिलाफ प्रताड़ना, मारपीट और गर्भपात कारित करने जैसी संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।




### संभव में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल की कार्रवाईः मलिक



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ। समस्त विभाग के अधिकारी संभव में उपस्थित हुए जन समस्याओं को सुनकर मौके पर समाधान की कार्यवाही की गई। संभव में 14 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें निर्माण विभाग से 4, स्वास्थ्य विभाग से 3, टैक्स विभाग से 2, जलकल विभाग से 2, उद्यान विभाग से 1 तथा अतिक्रमण संबंधित 2 प्राप्त हुईसमस्याओं की समाधान के लिए नगर आयुक्त द्वारा सभी विभाग के अधिकारियों को मौके पर टीम भेज कर तत्काल कार्यवाही करने के लिए कहा गया । संभव में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह उपस्थित रहीं।

**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**
Regd. Office- 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi - 110035
Corporate Office: 7th Floor, Corporate Office Tower, Ambience Mall, N.H.48, Gurugram-122002
E-mail: info@sainik.org Website: www.sainikfinance.com
CIN: L26912DL1991PLC045449
Telephone No.-011-28315036/0124-2719000 Fax No.-011-28315044/ 0124-2719100

**NOTICE FOR OPEN OF SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRANSFER REQUEST OF PHYSICAL SHARES**

Pursuant to SEBI Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated 2nd July, 2025, and SEBI/HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/ I/3750/2026 dated 30th January 2026, Shareholders are hereby informed that a Special Window has been opened only for relodgement of transfer deeds which were lodged prior to the deadline of 1st April, 2019 and rejected/returned/not attended, due to deficiency in the documents/process or other reasons. This relodgement window shall remain open for a period of one year i.e. from 5th February, 2026 till 4th February, 2027.

During this period, the shares/securities that are re-lodged for transfer including those requests that are pending with the Company shall be processed and issued only in dematerialized form, subject to verification and approval of all documents by the Company / Registrar & Share Transfer Agent i.e. Indus Shareshree Private Limited ('RTA').

For clarity with regard to applicability of this special window to transfer deed executed prior to 1st April, 2019, investors/shareholders may refer to the matrix provided below:

| Lodged for transfer before April 01, 2019? | Original Security Certificate Available? | Whether eligible to lodge in the current window? |
|---|---|---|
| No - It is fresh lodgement | Yes | Yes |
| Yes - but it was rejected/ returned earlier | Yes | Yes |
| Yes | No | No |
| No | No | No |

The lodger must have a demat account and provide its Client Master List ('CML'), along with the transfer documents and share certificate, while lodging the documents for transfer with RTA. Transfer requests submitted after 4th February, 2027 will not be accepted by the Company/RTA.

Shareholders are requested to send their share transfer requests along with the required documents at the following address:

Indus Shareshree Private Limited
G-65, Bali Nagar New Delhi-110015
Tel. No.: 91 -11-47671200/1214; Toll Free No.: 1800 3094001
Email Id: ippl@indusinvest.com

For Sainik Finance & Industries Limited
Sd/-
Piyush Garg
Company Secretary & Compliance Officer
Date: 16.06.2026

**प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाएंगे तो होगी कार्रवाई**

## पुलिस ने निर्माणाधीन साइट पर रेड कर तेरह बांग्लादेशी घुसपैठियों को दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच ने गुडग़ांव की एक निर्माणाधीन साइट पर रेड कर अवैध रूप से रह रहे 13 बांग्लादेशी घुसपैठियों को दबोचा है। अवैध रूप से भारत पहुंचे इन बांग्लादेशियों की जानकारी दूतावास को देते हुए इन्हें नियमानुसार डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुलिस प्रवक्ता एएसआई संदीप ने बताया कि पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान एवं सत्यापन के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिन व्यक्तियों के दस्तावेज संदिग्ध पाए जाएंगे अथवा जो भारत में वैध रूप से निवास करने के प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाएंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### कालियागंज बॉर्डर से एजेंट की मदद से भारत में घुसे थे

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि ये बांग्लादेशी नागरिक कालियागंज बॉर्डर से बांग्लादेशी एजेंट की मदद से अवैध रूप से भारत में घुसे थे तथा यहां पर मजदूर का वेश बना रह रहे थे। इन बांग्लादेशी नागरिकों को कानूनी प्रक्रिया के तहत डिपोर्ट किया जाएगा। डीसीपी क्राइम का कहना है कि पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों जैसे झुग्गी-झोपडियों, कॉलोनियों, किराए के मकानों, औद्योगिक क्षेत्रों तथा होटलों में रह रहे व्यक्तियों के दस्तावेजों एवं पहचान का सत्यापन किया जा रहा है। गुरुग्राम पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर सघन जांच की जा रही है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी में 100 बिस्तर वाले स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ ट्यूबरकुलोसिस एंड कार्डियोपलमनरी डिजिजेज के निर्माण का बकाया कार्य। | 15.06.2026 06.07.2026 | 2458.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | झज्जर जिले में बहादुरगढ़ में लोनिवि विश्राम गृह में वैद्युत उपकरणों का प्रावधान। | 15.06.2026 22.06.2026 | 23.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | सब डिवीजन नं. 2, हिसार के अधिकार-क्षेत्र के तहत वर्षा ऋतु के दौरान पम्पिंग मशीनरी के प्रचालन हेतु डीजी सैट्स को किराये पर लेना + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 19.06.2026 | 22.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 4 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में मेडिकल गैस पाइप लाइन सिस्टम (एमजीपीएस) के व्यापक रखरखाव अनुबंध हेतु ई-निविदा। | 22.06.2026 06.07.2026 | ईएमडी 70000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 5 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई - गांव खतौली (बकाया कार्य), ब्लॉक अम्बाला-II, जिला अम्बाला में बीपीएल प्लॉट्स के निकट तालाब का पुनरोद्धार। | 13.06.2026 19.06.2026 | 11.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव बिजोपुर, ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 3 कार्य। | 15.06.2026 23.06.2026 | 172.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव खेड़ी गुजरान ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण, एसएफसी। | 15.06.2026 23.06.2026 | 51.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव ककरोई में लोनिवि रोड से रामजीवन पुत्र श्री किरदार सिंह के खेत (निकट एसटीपी प्लांट) तक बीओई पथ का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.06.2026 | 11.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | कैनाल कॉलोनी बांदेपुर सोनीपत में एसई आवास की विशेष मरम्मत और पेंटिंग हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 22.06.2026 | 4.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813232636 xenwsdivnspt@rediffmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 249000 जेएलएन फीडर पर बेलदार हट और दूबलधन लिंक चैनल हैड की मरम्मत और पेंटिंग। | 15.06.2026 22.06.2026 | 3.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 11 | भगत फूल सिंह राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी फॉर वीमन खानपुर कलां में बायोकैमिस्ट्री विभाग हेतु उपकरण मद अर्थात एलीसा रीडर एंड वॉशर की अधिप्राप्ति के लिए ई-निविदा हेतु विज्ञापन के प्रकाशन के संदर्भ में + बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां, सोनीपत में 09 कार्य (श्रेणी-गुड्स)। | 15.06.2026 24.06.2026 | ईएमडी 94000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 12 | वन विभाग चरखी दादरी | दादरी रेंज में प्लांटेशन का रखरखाव। | 16.06.2026 26.06.2026 | 154.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901296600 dfodadri@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/240/46322/I/88/7 दि. 16.06.26

# लर्निंग गेप समाप्त करने अगस्त 2026 से जनवरी 2027 तक प्रतिदिन 20 से 30 मिनट का होगा विशेष कैच-अप शिक्षण

**प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी आवश्यकता के अनुरूप मिलेगा शैक्षणिक सहयोग**

निपुण भारत मिशन के माध्यम से आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने के बाद सरकार का फोकस अब उन विद्यार्थियों तक पहुंचने पर है, जो किसी कारणवश अपेक्षित अधिगम स्तर से पीछे रह गए हैं। इसी उद्देश्य से अगस्त 2026 से जनवरी 2027 तक विद्यालयों में प्रतिदिन 20 से 30 मिनट का विशेष कैच-अप शिक्षण सत्र आयोजित होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यूपी सरकार शिक्षा सुधार के अगले चरण में प्रवेश करते हुए अब बच्चों के सीखने के अंतराल को समाप्त करने के लिए प्रदेशव्यापी 'कैच-अप शिक्षण अभियान' शुरू करने जा रही है। निपुण भारत मिशन के माध्यम से आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने के बाद सरकार का फोकस अब उन विद्यार्थियों तक पहुंचने पर है, जो किसी कारणवश अपेक्षित अधिगम स्तर से पीछे रह गए हैं। अगस्त 2026 से जनवरी 2027 तक विद्यालयों में प्रतिदिन 20 से 30 मिनट का विशेष कैच-अप शिक्षण सत्र आयोजित होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और एनसीएफएसई-2023 की भावना के अनुरूप तैयार की गई इस कार्ययोजना का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी सीखने की आवश्यकता के अनुसार शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराना है।



## अधिगम परिणामों पर केंद्रित शिक्षा सुधार का नया चरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में शिक्षा सुधार अब नामांकन और आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ बच्चों के वास्तविक अधिगम परिणामों पर केंद्रित हो चुका है। निपुण भारत मिशन, शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल अनुश्रवण और अब कैच-अप शिक्षण अभियान के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है कि कोई भी बच्चा सीखने की दौड़ में पीछे न रह जाए। यह पहल गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और परिणामोन्मुखी शिक्षा व्यवस्था के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### अनुभव आधारित और रुचिकर होगा शिक्षण

कैच-अप शिक्षण को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखते हुए स्थानीय परिवेश, दैनिक जीवन के अनुभवों और गतिविधि आधारित शिक्षण से जोड़ा जाएगा। शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम), गणित किट, पुस्तकालय पुस्तकों, चार्ट, पोस्टर और स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। खेल आधारित गतिविधियों, कहानी, चित्र, लेखन, समूह कार्य तथा सहभागितापूर्ण शिक्षण के माध्यम से बच्चों की सीखने में रुचि बढ़ाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### यूपी चुनाव से पहले चिराग का बड़ा सीक्रेट प्लान



**पटना।** यूपी में आगामी विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट के बीच एनडीए के प्रमुख सहयोगी दल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने भी यूपी में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के लिए कमर कस ली है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद अरुण भारती ने यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बड़ा बयान दिया है।

### रास चुनावः एनडीए एमएलए होटल जा रहे



**रांची।** झारखंड की 2 राज्यसभा सीटों पर होने वाले चुनाव से पहले विपक्षी एनडीए के विधायकों को एक होटल में ले जाया जा रहा है। होटल में विधायकों की मौजूदगी में चुनावी रणनीति पर चर्चा होगी। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी की जीत का भरोसा जताया है।

## केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों से बदली प्रदेश की तस्वीर

# सुरक्षित बेटी, सशक्त महिला एवं आर्थिक सशक्तीकरण का मॉडल बना उत्तर प्रदेश

*केंद्र और राज्य सरकार की समन्वित नीतियों ने महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखा है। केंद्र की योजनाओं और राज्य सरकार के प्रभावी क्रियान्वयन ने लाखों महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है।*

टी एन मिश्र ▶▶ लखनऊ

केंद्र में वर्ष 2014 में मोदी सरकार बनने और वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार के गठन के बाद प्रदेश में विकास की नई धारा देखने को मिली। इस परिवर्तन का सबसे बड़ा लाभ यदि किसी वर्ग को मिला है तो वह प्रदेश की महिलाएं हैं।

केंद्र और राज्य सरकार की समन्वित नीतियों ने महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखा है। केंद्र की योजनाओं और राज्य सरकार के प्रभावी क्रियान्वयन ने लाखों महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का

**खास बातें**

- अब तक 18 .55 लाख लखपति दीदी
- महिला पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़कर हुई 44 हजार से अधिक



### महिलाओं की सुरक्षा है योगी सरकर की प्राथमिकता

महिला सशक्तीकरण की पहली शर्त सुरक्षा है, महिलाओं को सुरक्षित वातावरण नहीं मिलेगा तो शिक्षा, रोजगार और स्वावलंबन के अवसर भी सीमित रह जाएंगे। योगी सरकार ने सत्ता संभालने के बाद महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। प्रदेश में एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन व महिला हेल्पलाइन 1090 को मजबूत किया गया। महिला डेस्क की स्थापना तथा मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता पैदा की गई। महिला सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस भर्ती में महिलाओं को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया गया।

### उज्ज्वला योजना से बदला जीवन, गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से मिली राहत

'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' महिला सशक्तीकरण की सबसे प्रभावशाली योजनाओं में से एक मानी जाती है। यूपी इस योजना का सबसे बड़ा लाभार्थी राज्य रहा है। प्रदेश में लगभग 1.86 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। पहले महिलाएं लकड़ी, उपले और कोयले से खाना बनाती थीं, जिससे उन्हें आंखों और फेफड़ों की बीमारियों का सामना करना पड़ता था। इस योजना ने न केवल उनके स्वास्थ्य की रक्षा की बल्कि समय व श्रम की भी बचत की।

### आर्थिक सशक्तीकरण, स्वास्थ्य और शिक्षा को समान महत्व

योगी सरकार बनने से पहले यूपी में महिला कल्याण की योजनाएं सीमित दायरे में दिखाई देती थीं, वहीं वर्तमान व्यवस्था में महिला सुरक्षा, आर्थिक सशक्तीकरण, स्वास्थ्य व शिक्षा को भी समान महत्व दिया है। यही कारण है कि महिला सशक्तीकरण को केवल कल्याणकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि विकास के व्यापक एजेंडे के रूप में देखा जा रहा है।

**अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड**
CIN: U74210DL1991PLC042569
पंजी. कार्यालय : 205-208, अनारकली कॉम्प्लैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055
Website: www.alankitassignments.com/investor-charter;
Email ID: info@alankit.com; Tel No.: 011-42541234/904

**सूचना**

विषय : फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन हेतु स्पेशल विंडो

सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11(2)/2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, लिस्टेड कम्पनियों के फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन हेतु एक स्पेशल विंडो उपलब्ध करवाई गई है।

यह सुविधा 01 अप्रैल 2019 से पूर्व बेचे/खरीदे गये शेयरों के लिए उपलब्ध है और 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक खुली रहेगी।

फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट्स धारण करने वाले शेयरधारकों को निर्धारित अवधि के अंदर इस अवसर का लाभ उठाने का परामर्श दिया जाता है।

विवरण हेतु : www.alankitassignments.com/investor-charter/
ई-मेल आईडी jksingla@alankit.com

कृते अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड
हस्ता/-
पवन शर्मा
कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. : ए79308

दिनांक : 16 जून, 2026
स्थान : नई दिल्ली

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **संजय, पुत्र:** श्याम बिहारी **पता:** म.नं. U-524, गली नंबर 2, दूसरा पुस्ता, उस्मानपुर, दिल्ली, ने **FIR: 586/2022, U/s. 25 Arms Act, थाना: कश्मीरी गेट, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **संजय,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **संजय,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR: 586/2022, U/s. 25 Arms Act, थाना: कश्मीरी गेट, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **संजय,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री वैभव गर्ग**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11**
**(केन्द्रीय) कोर्ट सं. 138. प्रथम तल,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/8088/N/2026**
**(Court Matter)**

## पेज एक का शेष

### विकसित भारत के ...

पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रही है।उन्होंने कहा कि मजबूत बुनियादी ढांचा न केवल आर्थिक विकास को गति देता है, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने और देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### जब अपनी सीट...

कि पीएम जी-7 में भाग लेने के लिए 16 से 17 जून तक फ्रांस में रहेंगे। पूर्व में वह स्लोवाकिया से स्विट्जरलैंड होते हुए एवियन पहुंचे। स्विस राष्ट्रपति गाय परमेलिन से उनकी मुलाकात हुई है।

**टैरिफ के बाद बेपटरी हुए संबंध** : मालूम हो कि दोनों देशों के बीच संबंधों में असल दरार अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा रूस से भारत की कच्चे तेल खरीद पर नाराजगी के बाद लगाए गए भारी-भरकम टैरिफ (50%) के फैसले के बाद देखने को मिली थी। भारत ने हालांकि शुरुआत में ही अमेरिका के इस कदम की कड़ी आलोचना करते हुए उसे अनुचित बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया गया था। साथ ही यह तर्क भी दिया गया था कि ऐसे वक्त में जब खुद अमेरिका से जरूरी सामान की खरीद कर रहा है। तब वह नई दिल्ली को मास्को से तेल खरीदने से कैसे रोक सकता है? बीते वक्त में अमेरिका ने ही भारत को रूस से तेल खरीदने की मंजूरी प्रदान की है। उसका कहना है कि इससे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में स्थिरता-संतुलन लौटेगा। खाड़ी में ईरान, अमेरिकी युद्ध के चलते भारत के लिए अपने पुराने पारंपरिक तेल उत्पादक देशों से इसकी खरीद करना मुश्किल हो रहा है। मामले पर दोनों पक्षों के बीच विवाद को खत्म करने के लिए एक शांति समझौता होने को लेकर आपसी समझ बनने की राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा भारत समेत दुनिया के तमाम देशों के लिए किसी बड़ी राहत से कम नहीं है।

### स्लोवाकिया के सर्वोच्च...

होने के बाद इसे भारत की 140 करोड़ जनता और दोनों देशों के बीच मौजूद अटूट मित्रता को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान भारत-स्लोवाकिया के बीच आपसी विश्वास, सहयोग और मित्रता का प्रतीक है। जो भावी पीढ़ियों को दोनों देशों के बीच स्थापित इस मित्रता को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

### छात्रों को ठगी के...

एडिट कर परिवर्तित कर सकता है। 4 तारीख को एडिट के साथ भेजा गया मैसेज 1 तारीख के समान ही नजर आ सकता है।

**सिर्फ सत्यापित चैनलों पर करें भरोसा** : एनटीए के प्रमुख ने छात्रों से यह अपील की है कि वह केवल अपनी तैयारी पर ही ध्यान दें। उसमें केवल **nta.ac.in** और अन्य सत्यापित एनटीए हैंडल्स पर ही भरोसा करें। इसे लेकर खुद भी सतर्क रहें और अपने दोस्तों को भी बताएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्कैम की रिपोर्ट नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 या **cybercrime.gov.in** पर करें। आपकी कड़ी मेहनत ही आपको इस परीक्षा में सफलता दिला सकती है। न कि कोई टेलीग्राम चैनल। एनटीए पूरी तरह से छात्रों के साथ खड़ी है।

### अल नीनो से निपटने...

परिस्थितियों के बीच उन्होंने कपास का उत्पादन बढ़ाने, दलहन में आत्मनिर्भरता और कम बारिश वाले जिलों के लिए अग्रिम कंटिंजेंसी प्लान पर विशेष जोर देते हुए साफ संदेश दिया कि किसान हितों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में अल नीनो की संभावित स्थिति पर चर्चा करते हुए चौहान ने साफ निर्देश दिया कि जिन जिलों में कम बारिश या वर्षा में असमानता की आशंका है, वहां पहले से पूरी तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे जिलों की स्पष्ट पहचान कर राज्य सरकारों के साथ मिलकर फसलवार कंटिंजेंसी प्लान तैयार किए जाएं, ताकि किसी भी मौसमीय चुनौती की स्थिति में किसानों को तुरंत विकल्प, सलाह और सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि पानी के संरक्षण, नमी प्रबंधन, इंटरक्रॉपिंग और वैकल्पिक फसल पैटर्न पर विशेष ध्यान देते हुए, हर जोखिम वाले जिले के लिए अलग और व्यावहारिक रणनीति बनाई जाए।

शिवराज सिंह ने यह भी निर्देश दिए कि जिन 9–10 राज्यों में अल नीनो का प्रभाव अपेक्षाकृत अधिक पड़ सकता है, वहां के चिन्हित जिलों के जिला अधिकारियों, कृषि विभाग, केवीके और अन्य विस्तार तंत्र के साथ समन्वित बैठकें आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि इन बैठकों में जिला स्तर पर पूरी स्थिति स्पष्ट कर किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि हर किसान को यह पता रहे कि उसके क्षेत्र के लिए कौन-सी सावधानियां और कौन-से फसल विकल्प अधिक सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने के बजाय, वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर शांत, भरोसेमंद और समाधान-उन्मुख संदेश किसानों तक पहुंचे, यही सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में खरीफ 2026 के लिए फसलवार लक्ष्य, बुवाई की प्रगति और राज्यवार तैयारियों की समीक्षा करते हुए कपास उत्पादन बढ़ाने पर विशेष चर्चा हुई। श्री शिवराज सिंह चौहान ने वैज्ञानिक तरीकों, सही किस्मों के चयन, अंतरफसली खेती, मल्चिंग और नमी संरक्षण जैसे उपायों को बड़े स्तर पर बढ़ावा देने पर जोर दिया, ताकि कपास की उत्पादकता और आय दोनों में सुधार हो। दलहन आत्मनिर्भरता मिशन पर भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार का प्रयास है कि अरहर, उड़द, मूंग जैसी दालों में देश अधिक से अधिक आत्मनिर्भर बने और आयात पर निर्भरता कम हो। इसके लिए राज्यों के साथ मिलकर फसल चक्र, क्षेत्र विस्तार, बेहतर बीज उपलब्धता और तकनीकी मार्गदर्शन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसान सुरक्षित आय के साथ दलहन उत्पादन बढ़ा सकें। समीक्षा के दौरान उर्वरकों की उपलब्धता, बाजार में मंडी भाव, जलाशयों व जल भंडारण की स्थिति और राज्यवार स्टॉक की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर उर्वरक उपलब्धता है और जैसे-जैसे मानसून की रफ्तार बढ़ेगी, राज्यों और जिलों तक आपूर्ति को और चुस्त-दुरुस्त रखा जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देने के साथ ही इस पर भी जोर दिया कि जहां कहीं भी सूक्ष्म स्तर पर कमी की आशंका दिखे, वहां अग्रिम रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसान को किसी तरह की दिक्कत न हो।

### क्रेस्ट घोटालाः करोड़ों...

एजेंसी के अनुसार, यह मामला क्रेस्ट के बैंक खातों से 75.34 करोड़ रुपये की सरकारी धनराशि के कथित दुरुपयोग और गबन से जुड़ा है। आरोप है कि बैंक के कुछ अधिकारियों ने क्रेस्ट के अधिक आपराधिक साठगांठ कर सरकारी धनराशि को अवैध रूप से खातों से निकालकर अन्य माध्यमों में स्थानांतरित किया। सीबीआई का कहना है कि बैंक खातों से निकाली गई राशि को बाद में निजी व्यक्तियों और शेल कंपनियों की मदद से विभिन्न खातों में भेजा गया, जिससे कई लोगों को आर्थिक लाभ पहुंचाया गया।

**जांच अभी जारी, और भी चार्जशीट होंगी दाखिल** : मामले की जांच अभी जारी है और आने वाले समय में अतिरिक्त आरोपपत्र भी दाखिल किए जाएंगे। एजेंसी इस पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य व्यक्तियों और संस्थाओं की भूमिका की भी जांच कर रही है।

**तीन बड़े मामलों की जांच कर रही है सीबीआई** : उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने इस प्रकार के वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े कुल तीन मामलों की जांच अपने हाथ में ली है। पहला मामला हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से लिया गया था, जो हरियाणा सरकार के आठ विभागों से संबंधित है। दूसरा मामला चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड से जुड़ा है। तीसरा मामला क्रेस्ट चंडीगढ़ का है, जिसमें आज चार्जशीट दाखिल की गई। सीबीआई इससे पहले हरियाणा के मामले में 17 आरोपियों के खिलाफ दो चार्जशीट दाखिल कर चुकी है, जबकि चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी परियोजना से जुड़े मामले में 7 आरोपियों के खिलाफ एक चार्जशीट दायर की जा चुकी है। अब क्रेस्ट मामले में 13 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल होने के साथ ही इन तीनों मामलों में कुल 37 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। हालांकि, तीनों मामलों की जांच अभी भी जारी है।

### बिना लाइसेंस कफ ...

मजबूत करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

**क्या है नया नियम** : स्वास्थ्य मंत्रालय ने ड्रग्स नियम, 1945 के तहत अनुसूची-के में ₹क्लास ऑफ ड्रग्स₹ शीर्षक के अंतर्गत शामिल ₹सिरप₹ शब्द को हटा दिया है। इस संशोधन के बाद कफ सिरप को मिलने वाली विशेष छूट स्वतः समाप्त हो गई है।अब देश के किसी भी हिस्से में, चाहे वह छोटा गांव ही क्यों न हो, कफ सिरप की बिक्री और वितरण केवल विधिवत लाइसेंस प्राप्त मेडिकल स्टोर या फार्मेसी के माध्यम से ही किया जा सकेगा। यह व्यवस्था ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 और उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुरूप लागू होगी।

**पहले क्या थी व्यवस्था** : संशोधन से पहले एक हजार से कम आबादी वाले गांवों में कुछ दवाओं, जिनमें कफ सिरप भी शामिल था, की बिक्री के लिए खुदरा बिक्री लाइसेंस संबंधी कुछ प्रावधानों से छूट दी गई थी। इसका उद्देश्य दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। इस व्यवस्था के तहत ऐसे गांवों में बिना पूर्ण लाइसेंसिंग प्रक्रिया के भी कफ सिरप उपलब्ध कराया जा सकता था। हालांकि सरकार का मानना है कि वर्तमान परिस्थितियों में इस छूट की समीक्षा आवश्यक हो गई थी।

**क्यों लिया गया फैसला** : स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कफ सिरप और अन्य सिरप आधारित दवाओं के वितरण एवं बिक्री पर बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए यह संशोधन किया गया है। मंत्रालय के अनुसार, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा की मौजूदा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नियामकीय ढांचे को और मजबूत बनाने की जरूरत महसूस की गई। मंत्रालय का कहना है कि इस कदम से कफ सिरप की जिम्मेदाराना बिक्री और वितरण को बढ़ावा मिलेगा तथा पूरे देश में नियामकीय मानकों के अनुपालन को बेहतर बनाया जा सकेगा।

**दुरुपयोग रोकने में मिलेगी मदद** : विशेषज्ञों का मानना है कि कुछ कफ सिरप में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जिनका दुरुपयोग नशे के रूप में किया जा सकता है। पिछले कुछ वर्षों में कफ सिरप के अवैध उपयोग और अनियमित बिक्री को लेकर चिंताएं व्यक्त की जाती रही हैं। ऐसे में लाइसेंस प्राप्त फार्मेसियों के माध्यम से बिक्री सुनिश्चित होने से दवाओं की ट्रैकिंग और निगरानी आसान होगी।





# समारा ने चुलबुले अंदाज से जीता फैंस का दिल...

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी ने अपने क्यूट अंदाज, आत्मविश्वास और कैमरा-फ्रेंडली स्टाइल से एक बार फिर सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है। रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। रिद्धिमा कपूर साहनी और भरत साहनी की बेटी समारा को हाल ही में पैपराजी ने स्पॉट किया। इस दौरान वे ऑल-डेनिम लुक में चुलबुले अंदाज में नजर आईं। पैप्स को देखते हुए उन्होंने पाउट बनाकर पोज देना शुरू कर दिए। उन्हें देख नेटिजंस लिख रहे हैं कि लगता है समारा मामी आलिया भट्ट की राह पर आगे बढ़ेंगी। समारा ने कैमरा-फ्रेंडली पोज से सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं।

## लाइफ Style

# दिव्या

## सुमन के किरदार से राख में लगाए चार चांद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में रिलीज हुई अली फजल की वेब सीरीज 'राख बीते कुछ दिनों से काफी चर्चाओं में है। इसमें दिव्या शर्मा ने सुमन का किरदार निभाया है, जिनका अपहरण हो जाता है और सीरीज की पूरी कहानी उन्हें ढूंढने और अपराधी को पकड़ने के इर्द गिर्द घूमती है।

दिव्या शर्मा एक नई और उभरती हुई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने हाल ही में आई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज राख में सुमन का किरदार निभाकर काफी ध्यान खींचा है। इस सीरीज में उनका रोल बेहद अहम है, क्योंकि कहानी सुमन और उसके भाई के अचानक गायब होने के इर्द-गिर्द घूमती है। दिव्या ने इस किरदार को बहुत ही सादगी और इमोशन के साथ निभाया है, जिससे दर्शकों पर गहरा असर पड़ा है। सीरीज में सुमन को एक 16 साल की मासूम लेकिन समझदार लड़की के रूप में दिखाया गया है, जो अपने भाई के साथ घर से निकलती है और फिर दोनों लापता हो जाते हैं। इसके बाद पूरी कहानी उनकी तलाश और इस रहस्य को सुलझाने पर आधारित होती है। दिव्या शर्मा की एक्टिंग इस किरदार में काफी नेचुरल और प्रभावशाली नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। इससे पहले दिव्या 'ग्राम चिकित्सालय'में जुही के किरदार में नजर आईं थीं। ये वेब सीरीज भी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इस शो के दो सीजन रिलीज हो चुके हैं। इससे पहले वे 'ककून' नाम की मिनी सीरीज में नजर आ चुकी हैं। वेब सीरीज 'राख' रिलीज हो चुकी है। यह सीरीज 1978 के कुख्यात रंगा-बिल्ला केस से प्रेरित है, जिसे भारत के सबसे खौफनाक अपराधों में गिना जाता है।



## हॉलीवुड मसाला



# सबसे बड़े टक्कर की मिली झलक

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की अपकमिंग फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' को लेकर एक बड़ा लीक सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'अवेंजर्सः डूम्सडे' के इस क्लिप में एमसीयू के अब तक के सबसे बड़े क्रॉसओवर की झलक देखने को मिल रही है। वीडियो लीक होने के बाद जमकर वायरल हो रहा है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लीक फुटेज में रॉबर्ट डाउनी जूनियर का डॉक्टर डूम एक विशाल सेंटिनल आर्मी के साथ नजर आ रहा है।



# जेंडाया-टॉम ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर कपल जेंडाया और टॉम हॉलैंड अपनी नई फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के प्रमोशन के लिए स्पेन की राजधानी मैड्रिड पहुंचे हैं। वहां के 'फोर सीजन्स होटल' में आयोजित एक इवेंट में दोनों ने एक साथ एंट्री की। जेंडाया और टॉम हॉलैंड ने रेड कार्पेट पर ब्लैक रंग के मैचिंग कपड़ों में बेहद खूबसूरत पोज दिए। टॉम हॉलैंड ने काले रंग के सूट के साथ लाल शर्ट पहनी थी, जो उनके स्पाइडर-मैन लुक की याद दिला रही है। जेंडाया ने काले रंग की स्टाइलिश स्ट्रैपलेस ड्रेस पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने मैचिंग हील्स और खूबसूरत झुमके पहने। उनका हेयरस्टाइल और सिंपल मेकअप फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



# करना पड़ा था बॉडी शेमिंग का सामना


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी फिल्म 'मां बहन' में शानदार परफॉर्मेंस को लेकर खूब तारीफें बटोर रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस ने अपने पुराने दिनों को याद कर बड़ा खुलासा किया है। 'मां बहन' फिल्म में उनका किरदार समाज की सोच और जजमेंट का सामना करता है, खासकर उनके स्लीवलेस ब्लाउज पहनने को लेकर। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में माधुरी ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें भी बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। माधुरी ने बताया कि एक पब्लिक फिगर होने के नाते लोगों की राय और कमेंट्स से बचना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, 'जब मैंने करियर शुरू किया था, तब लोग कहते थे कि मैं बहुत पतली हूं। लोग कहते थे- इसको कुछ खिलाओ। लोग बहुत जल्दी जज कर लेते हैं।



# मलयालम सिनेमा में पहला कदम...

**मुंबई।** फिल्म 'ओडियन- द एज ऑफ इल्यूजन' का आधिकारिक ऐलान हो चुका है। इस फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है, जिसे करण जौहर ने शेयर किया है। यह फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनेगी। इस तरह निर्माता का यह मलयालम सिनेमा जगत में पहला कदम है। बता दें कि 'ओडियन' में पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आएंगे। फिल्म 'ओडियन' के निर्देशन की कमान राहुल सदाशिवन के कंधों पर हैं। वहीं, फिल्म में पृथ्वीराज के साथ मंजू वारियर अहम भूमिका में नजर आएंगी। करण जौहर ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। करण जौहर ने लिखा है, 'धर्मा मूवीज में हम मलयालम सिनेमा की दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं और मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे साथ इसके लिए सबसे अच्छे पार्टनर हैं'।

## टीवी मसाला



# संचिता की मौत के बाद टीवी इंडस्ट्री पर फूटा आंचल का गुस्सा

**नई दिल्ली।** युवा अभिनेत्री संचिता उगले ने 14 जून को आत्महत्या कर ली। उन्होंने 'कुमकुम भाग्य'; 'साजन घर' और 'दिलवाली दूल्हा ले जाएगी' जैसे कई चर्चित शो में काम किया था। संचिता की मौत के बाद एक्ट्रेस आंचल खुराना ने टीवी जगत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कुछ सवाल किए हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काम के दबाव और काम करने के तरीकों पर भी बात की। आंचल खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बीते दिन एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे काफी परेशान नजर आईं। उन्होंने संचिता के निधन पर दुख जताते हुए टीवी इंडस्ट्री के काम के ऐसे ढर्रे का खुलासा किया, जिससे कलाकारों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। आंचल का कहना है कि टीवी जगत में अगर आप किसी को लाइन नहीं दे रहे तो आपको रिप्लेस करना वहां बहुत ही आसान है। आंचल वीडियो में कह रही हैं, 'एक एक्टर ने सुसाइड कर लिया। चैनल को टीआरपी चाहिए, प्रोड्यूसर को बजट बचाना है और दर्शकों को मनोरंजन चाहिए। लेकिन, इसके पीछे क्या आपने कभी सोचा है कि एक एक्टर किन हालातों से गुजरता है? एक छोटी सी बात पर रिप्लेसमेंट। किसी के साथ सोओगे नहीं तो रिप्लेसमेंट, किसी से बहस कर लोगे तो रिप्लेसमेंट। अपना आत्म-सम्मान बचाओगे तो रिप्लेसमेंट'। आंचल ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, 'हो सकता है कि इससे चैनल और प्रोड्यूसर नाराज हो जाएं, लेकिन सच तो यही है। मैं कैमरे के सामने मुस्कुराती हुई खड़ी रहती हूं, लेकिन अंदर एक तूफान चल रहा होता है। हर दिन हम अगले ऑडिशन, उस एक लाइन या अपने सपने को पाने की कोशिश में जागते हैं। जो चीज किसी को दिखाई नहीं देती। जिस पर कोई ध्यान नहीं देता, वह है हमारी थकान। प्रासंगिक बने रहने का दबाव और भुला दिए जाने का डर बहुत भारी पड़ता है।

## बिग बॉस 20 में धमाल मचाएंगे ये सितारे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' के साथ बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान फिर से होस्ट की कुर्सी संभालने के लिए तैयार हैं। अभिनेता के 21 सितंबर



से आने वाले सीजन की शूटिंग शुरू करने की संभावना है। बिग बॉस 20 को लेकर उत्साह बढ़ रहा है और कई ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जो सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले इस शो के नए सीजन में कंटेस्टेंट के तौर पर दिख सकते हैं। नए सीजन में जिन नामों की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, उनमें फैसल शेख (मिस्टर फैसु), रिधिमा गुप्ता, अंजलि अरोड़ा, जन्नत जुबैर, आवेज दरबार और ऊर्फी जावेद शामिल हैं। अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग की वजह से ये सभी ऑनलाइन चर्चाओं में पसंदीदा बने हुए हैं। एक तरफ जहां आवेज बिग बॉस के पिछले सीजन का हिस्सा रह चुके हैं वहीं उर्फी जावेद शो के पहले ओटीटी सीजन का हिस्सा थीं, इसलिए उनका वापस आना दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होगा।

# दीपिका के बाहर होते ही कल्कि-2 में हुई आलिया की एंट्री...

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी के दूसरे पार्ट से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब आलिया भट्ट की एंट्री होने की खबर है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए पहले से शूटिंग कर ली है। अगर ऐसा हुआ तो साई पल्लवी और आलिया एक ही फिल्म में नजर आएंगी। साल 2024 में प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आई थीं। फिल्म में उनके किरदार और काम को पसंद किया गया था। मेकर्स कल्कि का दूसरा पार्ट बना रहे हैं। कुछ समय पहले खबर सामने आई थी कि दीपिका इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई है। मेकर्स ने दीपिका को रिप्लेस करते हुए साई पल्लवी को अपने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बताया था। अब ताजा खबरों की मानें तो आलिया भट्ट भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ सकती हैं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया की कई रिपोर्ट्स की मानें तो कल्कि 2 से आलिया भट्ट का नाम जुड़ गया है। इउच रिपोर्ट में कहा गया है कि वो दीपिका को रिप्लेस कर रही हैं। वहीं कुछ के मुताबिक उनका रोल एकदम अलग और नया होगा। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने पहले फी फिल्म के लिए कुछ सीन शूट



कर लिए हैं। इन सीन को शूट करने के लिए आलिया हैदराबाद गई थीं। अगर ये रिपोर्ट सही निकलीं तो आलिया भट्ट और साई पल्लवी एक ही फिल्म में नजर आएंगी। इस खबर पर आलिया भट्ट की तरफ से कोई पुष्टि नहीं है। लेकिन फिल्म कल्कि 2 से जुड़े एक शख्स ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत की। शख्स ने बताया कि इस खबर पर अभी कोई ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और सब वही कॉपी पेस्ट कर रहे हैं। आलिया की कास्टिंग को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। दीपिका पादुकोण के साथ से एक नहीं दो बड़ी फिल्में निकल गई।

# इटली की एक फिल्म पर 28 बार बन चुका है रीमेक, रोचक तरीके से दिखाती है कहानी...

***नई दिल्ली।** फिल्म इंडस्ट्री में रीमेक फिल्मों का चलन कोई नया नहीं है। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ सिनेमा तक, कई सफल फिल्मों को अलग-अलग भाषाओं और देशों में दोबारा बनाया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बार रीमेक की जाने वाली फिल्म कौन सी है? इस रिकॉर्ड पर इटली की एक फिल्म का कब्जा है। इसे अब तक 28 बार अलग-अलग भाषाओं और देशों में रीमेक किया जा चुका है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी सरल लेकिन गंभीर कहानी है। ये फिल्म आधुनिक दौर में मोबाइल फोन, पर्सनल लाइफ और रिश्तों के कॉम्प्लिकेशंस को बेहद रोचक तरीके से दिखाती है।*

## कौन-सी है ये फिल्म?

इस फिल्म का नाम है 'परफेक्ट स्ट्रेंजर्स', जो 2016 में रिलीज हुई थी। ये एक कुछ पुराने दोस्तों की कहानी है, जो एक डिनर पार्टी में मिलते हैं।बातचीत के दौरान सभी दावा करते हैं कि उनकी जिंदगी में कोई राज नहीं है और वे एक-दूसरे से कुछ नहीं छिपाते. इसी दावे को परखने के लिए वे एक खेल खेलते हैं। खेल के नियम के मुताबिक, सभी को अपने मोबाइल फोन टेबल पर रखने होते हैं और आने वाले हर कॉल, मैसेज और नोटिफिकेशन को सबके सामने शेयर करना होता है। इसके बाद एक-एक करके ऐसे राज सामने आते हैं, जो उनकी दोस्ती, रिश्तों और पर्सनल लाइफ को झकझोर देते हैं।



***बॉलीवुड में भी बन चुका है रीमेक :** इस फिल्म की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका हिंदी रीमेक भी बनाया जा चुका है। अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में इसी कहानी पर आधारित थी। हालांकि, ओरिजिनल इटैलियन फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से ज्यादा सराहना मिली। जहां ओरिजिनल फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.7 रही, वहीं हिंदी वर्जन को इसकी तुलना में कम रेटिंग मिली है।*

## आखिर क्यों इतनी बार बनी रीमेक?

परफेक्ट स्ट्रेंजर्स की कहानी यूनिवर्सल है। रिश्ते, दोस्ती, विश्वास और छिपे हुए राज जैसी बातें दुनिया के हर समाज में लोगों को जोड़ती हैं।इसके अलावा फिल्म का बजट भी काफी कम है। ज्यादातर कहानी एक ही लोकेशन पर आधारित है और इसमें बड़े एक्शन या महंगे सेट्स की जरूरत नहीं पड़ती. यही वजह है कि अलग-अलग देशों के मेकर्स इसे अपने स्थानीय दर्शकों के हिसाब से आसानी से ढाल लेते हैं।

## कुछ हुई हिट तो कुछ को नहीं मिला ऑडियंस

# इन फिल्मों में पत्नी ने पति को धोखा देकर गैर मर्दों से चलाया अफेयर

***नई दिल्ली।** हम फिल्मों में अक्सर देखते हैं कि हीरो-हीरोइन प्यार में इस कदर पागल होते होते हैं कि एक-दूसरे को पाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। यही नहीं, वो अपने प्यार के लिए परिवार और समाज से भी लड़ जाते हैं। लेकिन तब क्या हो जब उनका प्यार ही बेवफा हो जाए। हिल गए न दिमाग के तार। जी हां आज, हम आपको ऐसी ही फिल्मों और सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें एक पत्नी ने अपने पति के पीठ पीछे गैर मर्द संग अफेयर चलाया।*



### कभी अलविदा ना कहना

'कभी अलविदा ना कहना' साल 2006 में रिलीज हुई थी। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, अभिषेक बच्चन और शाहरुख खान लीड रोल में थे। रानी का फिल्म में शाहरुख खान संग अफेयर हो जाता है। इसे आप नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### मर्डर

2004 में रिलीज हुई 'मर्डर' एक प्रसिद्ध बॉलीवुड इरॉटिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में दिखाया गया कि कि मल्लिका अपने बिजी पति से परेशान होकर अपने एक्स बॉयफ्रेंड से फिर से चक्कर चलता है। इसे आप फ्री में नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### रुस्तम

साल 2016 में आई अक्षय कुमार की फिल्म 'रुस्तम' की कहानी 1959 के चर्चित के.एम. नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य के वास्तविक जीवन के मर्डर केस और देश की सुरक्षा से जुड़े एक घोटाले पर आधारित है। इस फिल्म में अक्षय एक नेवी ऑफिसर होते हैं। वहीं, उनकी पत्नी सिंथिया (इलियाना डिक्रूज) का अफेयर किसी और से हो जाता है। इस सस्पेंस और कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को आप फ्री में जी5 पर देख सकते हैं।

### ऐतराज

बॉलीवुड की हिट फिल्मों में 'ऐतराज' का नाम शामिल है। साल 2004 में आई 'ऐतराज' एक रोमांटिक साइको थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर लीड रोल में हैं। मूवी में अक्षय कुमार के लिए प्रियंका पति अमरीश पुरी को धोखा देती हैं। इसे आप फ्री में जी5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। पुरी को धोखा देती हैं।

### हसीन दिलरुबा

'हसीन दिलरुबा' साल 2021 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। कहानी रानी (तापसी पन्नू) और उसके पति ऋषभ उर्फ 'रिशु' (विक्रांत मैसी) के इर्द-गिर्द घूमती है। मूवी में दिखाया गया कि रानी का अफेयर रिशु के चचेरे भाई नील (हर्षवर्धन राणे) के अफेयर में पड़ जाती है। इसके बाद होती है नील की हत्या का कांड। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### सिलसिला

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित साल 1981 की क्लासिक फिल्म 'सिलसिला' लव ट्रायंगल पर बनी है। इस मूवी में अमिताभ बच्चन, रेखा, जया बच्चन और संजीव कुमार लीड रोल हमें थे। फिल्म में दिखाया गया था कि रेखा अपने पति संजीव को और अमिताभ अपनी पत्नी जया को धोखा देकर एक-दूसरे से चक्कर चलतो हैं। एक हिट फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ब्लैकमेल

इरफान खान की 'ब्लैकमेल' साल 2018 में रिलीज हुई एक बेहतरीन डार्क-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी देव कौशल (इरफान खान) नाम के एक सामान्य, मिडिल-क्लास आदमी की है, जो अपनी नीरस जिंदगी और ईएमआई के बोझ से परेशान रहता है। देव एक दिन अपनी पत्नी रीना (कीर्ति कुल्हारी) को सरप्राइज देने के लिए जल्दी घर लौटता है। वहाँ उसे पता चलता है कि रीना का रणजीत (अरुणोदय सिंह) नाम के एक शादीशुदा आदमी के साथ अफेयर चल रहा है। इसके बाद शुरू होता है ब्लैकमेलिंग का गंदा खेल। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### द फैमिली मैन

'द फैमिली मैन' एक हिट सीरीज रही है। इसके पहले सीजन में दिखाया गया कि पैसे कमाने और काम के चले मनोज वाजपेयी अपनी पत्नी सुची को टाइम नहीं देते हैं। ऐसे में वो प्यार और सहारे के लिए किसी और के पास नहीं बल्कि अपने ही बॉस के करीब हो जाती है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने पर संपर्क अभियान

# विकसित भारत संकल्प अभियान में सघन जनसंपर्क पर फोकस, सीएम ने जनता से किया डायरेक्ट संवाद

### काफिला छोड़ ईवी स्कूटर से भीम नगर पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को 15 जून को विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत राजधानी भोपाल के भीम नगर बस्ती पहुंचे। उन्होंने यहां लोगों से संवाद किया और उनका हाल-चाल जाना। मुख्यमंत्री ने इस संवाद के लिए काफिला छोड़ इलेक्ट्रिकल व्हीकल का इस्तेमाल किया। इस मौके पर वे एमपी बोर्ड की 12वीं की टॉपर चांदनी विश्वकर्मा के घर भी गए।

वहां उन्होंने पूरे परिवार के साथ बातचीत की। उन्होंने परिजनों के साथ सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ यहां जनता से संपर्क-संवाद दिया। यहां तक आने के लिए ईवी का इस्तेमाल किया । इसे चलाकर अच्छा भी लगा। ईवी केवल पेट्रोल के दाम ही नहीं बचाती, बल्कि हमारे कई अन्य तरह के खर्चे भी कम करती है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने, सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की प्रभावशीलता के संबंध में स्थानीय निवासियों से संवाद भी किया।



मुख्यमंत्री ई-स्कूटर से जन संवाद के लिए भीम नगर बस्ती पहुंचे।

### अचानक बदल गया भीमनगर का माहौल



उधर, मुख्यमंत्री के पहुंचने पर भीम नगर का माहौल पूरी तरह बदल गया। अमूमन अपने-अपने कामों में मशरूफ रहने वाले भीम नगर के लोग आज बेहद उत्साहित और जागरूक दिखाई दिए। मुख्यमंत्री को अचानक अपने सामने देख लोग अचंभित हो गए। लोगों को समझ में ही नहीं आया कि अचानक क्या हो गया। इस बीच मुख्यमंत्री ने लोगों से बातचीत करनी शुरू कर दी। मुख्यमंत्री ने आम लोगों ने विभिन्न मुद्दों पर संवाद किया। उन्होंने नन्हीं बेटियों को गोद में लेकर दुलार किया और सेल्फी ली। उन्होंने आम लोगों के हाल जाने और उनकी समस्याएं सुनी। उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी जिंदगी भविष्य में और भी बेहतर होगी।

अब नहीं बढ़ाई जाएगी तबादलों की तारीख

## ज्यादातर विभागों में प्रक्रिया पूर्ण, अंतिम दिन दो दर्जन विभागों में आदेश जारी

देर रात तक चलती रही तबादला आदेश जारी करने की प्रक्रिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के कुछ विभागों मसलन स्कूल शिक्षा, गृह व कुछ अन्य विभागों को छोड़कर बाकी ज्यादातर विभागों ने तबादले में छूट के अंतिम दिन सोमवार को प्रक्रिया पूरी कर ली। आज अंतिम दिन दो दर्जन विभागों में तबादले के आदेश जारी हुए। आदेश जारी होने की प्रक्रिया देर रात तक चलती रही।

पहले यह संभावना थी कि एक सप्ताह के 20 जून तक के लिए तबादले में छूट बढ़ सकती है, किंतु मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से तबादले की तारीख बढ़ाने से मना कर दिया था। इसके बाद ही तय हो गया था कि अब तबादले की तारीख नहीं बढ़ेगी। प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग ने अपनी अलग नीति जारी की है। इस विभाग में तबादले की प्रक्रिया 10 जून से शुरू हुई थी। इसीतरह पुलिस विभाग में भी तबादले की तारीख अभी तय नहीं है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री के पास जितने भी विभाग हैं, उनमें से संभवतः 6 विभागों में तबादले की प्रक्रिया देर रात तक पूरी हो गई या फिर नहीं होगी। इसकी एक वजह यह भी है कि गृह विभाग में इंस्पेक्टर के तबादले होने हैं, पर लगातार जरूरत के अनुसार होते रहेंगे। उसके नीचे के कॉडर में प्रक्रिया विभागीय मंत्री के स्तर से होना है। राज्य पुलिस सेवा व भारतीय पुलिस सेवा के तबादले हमेशा कमेटी के जरिए होते हैं। यह अनवरत समन्वय में जाकर किए जाते हैं।

### कैबिनेट की बैठक में उठेगा यह मुद्दा

इसी तरह वन विभाग में रेंजर से नीचे के तबादले का अधिकार राज्य मंत्री को दिया गया है। यह प्रक्रिया निबटा लिया जा रहा है। रेंजर के तबादले विभागीय मंत्री यानी मुख्यमंत्री के पास फाइलें जाएगी, वह भी देर रात तक हो जाने की संभावना है। इसी तरह दूसरे विभागों में तबादले या तो देर रात पूरे हो गए, या फिर अब नहीं होंगे। सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को होने वाली कैबिनेट की बैठक में भी यह मुद्दा उठेगा। कैबिनेट के सदस्य तबादले की डेट बढ़ाने की गुजारिश मुख्यमंत्री से करेंगे। जरूरत पड़ने पर ढील दी जा सकती है। हालांकि इस पर अभी संशय की स्थिति है।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग तथा इंडो-जर्मन एग्रीवोल्टाइक परियोजना मिलकर करेंगे काम

# मुख्यमंत्री की मौजूदगी में एग्रो सौर पीवी के लिए हुआ एमओयू

## प्रदेश में एग्री सौर पीवी के विकास में जर्मन कम्पनी जीआईजेड करेगी सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रदेश में एग्रो सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की मंशा पर एक और उपलब्धि हासिल हुई है। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मप्र ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड तथा जर्मन सरकार समर्थित इंडो-जर्मन एग्री वोल्टाइक सहयोग परियोजना (आईजीसीए) के मध्य सोमवार को मंत्रालय, भोपाल में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया गया।

एग्री वोल्टाइक, कृषि एवं सौर ऊर्जा के संयुक्त उपयोग को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया एक संगठन है। इसका उद्देश्य कृषि भूमि पर खेती के साथ-साथ उसी खेत में ही सौर ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करना है, जिससे अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता कम हो, खाद्य सुरक्षा बनी रहे तथा भूमि संबंधी विवादों से भी बचा जा सके। इस काम में जर्मन कंपनी सरकार को सहयोग देगी।





### ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में होगी सहायक

यह पहल पीएम-कुसुम 2.0 सहित विभिन्न योजनाओं के अनुरूप राज्य में विशिष्ट एग्रीवोल्टाइक ढांचा विकसित करने, किसानों की आय बढ़ाने, भूमि उपयोग दक्षता सुधारने, उत्पादित ऊर्जा की सुरक्षा सुदृढ़ करने तथा जलवायु-अनुकूल ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में सहायक होगी। यह गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन मई 2030 तक प्रभावी रहेगा। इस अवसर पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग मनु श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक मप्र ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड अमनवीर सिंह बैंस, भारत में जर्मन दूतावास के पदाधिकारी, एग्री वोल्टाइक संगठन से एलेक्जेंडर, जर्मनी की जीआईजेड कंपनी के पदाधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### एग्री सौर पीवी के तहत सरकार किसानों को सब्सिडी देगी

इसके तहत सरकार किसानों को सब्सिडी देगी। इससे किसान अपनी जमीन के मालिकाना हकदार होंगे।यह किसानों के लिए डबल सौगात होगी। राज्य सरकार और इंडो-जर्मन एग्री वोल्टाइक सहयोग परियोजना के मध्य हुई इस परस्पर साझेदारी के तहत कंपनी की ओर से एग्रीवोल्टाइक परियोजनाओं की पहचान, तकनीकी एवं आर्थिक मूल्यांकन, डिजाइन, वित्तीय व्यवहार्यता, क्रियान्वयन में सहयोग किया जाएगा।

## सीएम से मिले जीनानी कंपनी के पदाधिकारी, निवेश की जताई मंशा



**भोपाल।** सीएम से मंत्रालय में बंगलुरू बेस्ड जीनानी डॉट एआई कम्पनी के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। पदाधिकारियों ने मप्र में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र (आईटी सेक्टर) में निवेश करने की मंशा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कंपनी पदाधिकारियों से कहा कि वे निवेश के संदर्भ में ठोस परियोजना प्रस्ताव और स्पष्ट रोडमैप लेकर आएं, सरकार कम्पनी की सभी प्रकार की मदद करेगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एम सेलवेंद्रम, जीनानी डॉट एआई कम्पनी के सह-संस्थापक एवं मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी अनंत नागाराज, कंपनी के हेड ऑफ एआई ट्रांसफार्मेशन (पब्लिक सेक्टर) कर्नल आदिश वाबुमकर (रिटायर्ड) भी उपस्थित थे।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर व्यापक संभावनाएं

कंपनी के पदाधिकारियों ने बताया कि मप्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर व्यापक संभावनाएं हैं। जीनानी डॉट एआई के विभिन्न मॉडलों को प्रदेश में कृषि, स्वास्थ्य, वन, ग्रामीण विभाग और राजस्व विभागों में प्रभावी रूप से लागू कर दक्षता बढ़ाने और नागरिक सेवाओं में सुधार पर विस्तार से काम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर काम करती है, जिसमें शासकीय और निजी क्षेत्र शामिल हैं।

# क्रिज़ैक ने फॉरेनएडमिट्स के साथ मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख टेक्नोलॉजी आधारित इंटरनेशनल स्टूडेंट प्लेटफॉर्म्स में शामिल क्रिजैक लिमिटेड ने आज एडुमेंट कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड में रणनीतिक निवेश की घोषणा की। यह कंपनी फॉरेनएडमिट्स का संचालन करती है, जो एआई आधारित स्टूडेंट प्लेटफॉर्म है। फॉरेनएडमिट्स अब तक 1 लाख से ज्यादा छात्रों की मदद कर चुका है और 1,500 करोड़ रुपए से अधिक के एजुकेशन लोन दिलाने में सहयोग कर चुका है। कम्पल्सरिली कन्वर्टिबल डिबेंचर्स (सीसीडी) और कम्पल्सरिली कन्वर्टिबल प्रेफरेंस शेयर्स (सीसीपीएस) के जरिए किया गया यह निवेश क्रिजैक की विकास यात्रा में एक अहम् कदम है। इसके साथ कंपनी एआई आधारित फाइनेंसिंग और वीजा सेवाओं में भी अपनी पहुँच बढ़ाएगी, ताकि विदेश में पढ़ाई की तैयारी कर रहे छात्रों को उनकी पूरी यात्रा के दौरान बेहतर सहयोग मिल सके।इस निवेश के बाद क्रिजैक छात्रों और अपने काउंसलिंग पार्टनर्स को विदेश में पढ़ाई से जुड़े सबसे अहम् पड़ावों पर और बेहतर मदद दे सकेगा। इसमें सही देश और संस्थान का चयन, एजुकेशन लोन की व्यवस्था और वीजा हासिल करना शामिल है। एआई तकनीक की मदद से ये सेवाएँ पहले से ज्यादा तेज, सटीक और बड़े स्तर पर उपलब्ध कराई जाएँगी। वहीं, फॉरेनएडमिट्स अपनी मौजूदा ब्रांड पहचान और प्रबंधन के साथ पहले की तरह स्वतंत्र रूप से काम करता रहेगा। इससे उसकी तेज कार्यशैली और छात्रों को प्राथमिकता देने वाली सोच भी बरकरार रहेगी, जिसने उसकी अब तक की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।स्टूडेंट प्लेटफॉर्म से आगे बढ़कर, अब एआई आधारित एक ही जगह पर कई सुविधाएँ देने की दिशा में क्रिजैक क्रिजैक लगातार नई तकनीकों और साझेदारियों में निवेश करता रहा है, जिससे वह विदेश में पढ़ाई से जुड़ी सेवाएँ देने वाले प्रमुख प्लेटफॉर्म्स में अपनी मजबूत पहचान बनाए हुए है। कंपनी यूके, कनाडा, आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड के 400 से ज्यादा संस्थानों को अपने वैश्विक काउंसलिंग पार्टनर्स नेटवर्क के साथ जोड़ती है। फॉरेनएडमिट्स में किया गया यह निवेश इसी सफर का अगला बड़ा कदम है। इसके जरिए कंपनी एआई आधारित फाइनेंसिंग और वीजा तैयारी जैसी सेवाओं को सीधे छात्रों तक पहुँचाएगी।


- अब विदेश में पढ़ाई के लिए लोन और वीज़ा की राह होगी आसान

दस्तावेजों की पड़ताल जारी, भारतमाला परियोजना से जुड़े मामले का संदेह

## ठेकेदार दीपेश गांधी के निवास पर ईडी और ईओडब्ल्यू का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भारतमाला परियोजना से जुड़े कथित मामले में ईडी और ईओडब्ल्यू ने धमतरी में छापा मारा है। मंगलवार की सुबह टीम ने धमतरी के आमापारा स्थित ठेकेदार दीपेश गांधी के निवास पर दबिश दी। घर पर पहुंचकर टीम दस्तावेज और कागजातों की जांच पड़ताल कर रही है। टीम के साथ फोर्स के जवान भी मौजूद रहे। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई कथित भारतमाला परियोजना से संबंधित बताई जा रही है। हालांकि ईडी और ईओडब्ल्यू ने अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। फिलहाल दस्तावेज और कागजों की जांच पड़ताल चल रही है। इस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। जांच के बाद ही टीम इस मामले में बयान जारी करेगी।



### तीन गाड़ियों में सवार होकर पहुंची टीम

ईडी की टीम करीब तीन गाड़ियों में सवार होकर पहुंची। भारतमाला परियोजना के तहत यह छापा मारा गया है। धमतरी शहर सहित आमापारा वार्ड में उस वक्त हड़कम मच गया जब ईडी की टीम पहुंचने की सूचना लोगों को मिली। आमापारा वार्ड निवासी ठेकेदार दीपेश गांधी के घर ईडी की टीम तीन कार में सवार होकर सुरक्षा बलों के साथ पहुंची। और अहम दस्तावेज खंगालने में जुटी रही।

राजस्व मामलों के लिए डिजिटल केस मैनेजमेंट सिस्टम लागू होगा

## हरियाणा में खुलेंगी आधुनिक तकनीक की 52 स्टेटिकल कृषि लैबः सीएम सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सीएम नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई हाई पावर्ड परचेज कमेटी (एचपीपीसी) की बैठक में राज्य में किसानों की कृषि भूमि में नाइट्रोजन की जांच के लिए 28 लाख रुपये की लागत से आधुनिक तकनीक की 52 स्टैटिक कृषि लैब स्थापित करने की मंजूरी दी गई। बैठक में राजस्व, कृषि एवं किसान कल्याण, क्रीड, कौशल विकास, गुरुग्राम मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी, पंचकूला मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी, एचएसवीपी, बिजली निगम, लोक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिंचाई तथा हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम सहित विभिन्न विभागों के लगभग 1468.25 करोड़ रुपये के 32 कार्यों को भी स्वीकृति प्रदान की गई।





### राजस्व मामलों का होगा पारदर्शी निपटारा

मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग के न्यायालयीन मामलों के प्रभावी निपटान के लिए राजस्व कोर्ट केस मैनेजमेंट सिस्टम को भी मंजूरी दी। लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से शुरू होने वाले इस सिस्टम के माध्यम से प्रदेश के सभी राजस्व कार्यालयों में राजस्व संबंधी मामलों का पारदर्शी और समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। इससे भूमि बंटवारे सहित विभिन्न कानूनी विवादों के समाधान में सुविधा मिलेगी। बैठक में कौशल्या डैम, पंचकूला के सुदृढ़ीकरण, यमुना वाटर सर्विसेज सर्कल रोहतक में भालोठ सब-ब्रांच की आरडी 124000 से 156014 तक पुनर्निर्माण, बरवाला ब्रांच से हिसार एयरपोर्ट तक कच्चे पानी के लिए पंपिंग स्टेशन निर्माण तथा राणा डिस्ट्रीब्यूटरी के निर्माण को मंजूरी दी गई।

संस्कृति विभाग की करें पुनर्संरचना, गतिविधियों का भी करें विस्तार

# सभी समाजों को, उनकी परम्पराओं को जोड़ें, आल्हा ऊदल स्मृति उत्सव और श्रावण महोत्सव को भी मनाएं

मुख्यमंत्री ने की संस्कृति विभाग की गहन समीक्षा

- प्रदेश में बन रहे 17 सांस्कृतिक लोक और 20 संग्रहालय
- ज्योतिर्लिंगों, शक्तिपीठों को भी जोड़ें योजना में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आगामी छह-सात माह में बड़े त्यौहार, सांस्कृतिक पर्व एवं मेले मनाए जाएंगे। यह सभी त्यौहार हमारी धार्मिक आस्थाओं और प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता के प्रतीक हैं। इन सभी अवसरों पर संस्कृति विभाग सभी समाजों को, उनकी आस्थाओं और सांस्कृतिक परम्पराओं को जोड़कर वृहद आयोजन करें। आल्हा-ऊदल वीर रस गायन के प्रतीक हैं, उनकी स्मृति में आयोजन किए जाएं। श्रावण महोत्सव और भुजरिया पर्व भी मनाएं। मुख्यमंत्री सोमवार को मंत्रालय में संस्कृति विभाग के तहत संचालित योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र की कला, संस्कृति, परम्पराएं और समृद्ध पुरातात्त्विक धरोहरें प्रदेश की अमूल्य पूंजी हैं, जिन्हें संरक्षित और संवर्धित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए योजनाबद्ध और प्रभावी प्रयास किए जाएं। बैठक में संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संस्कृति विभाग की ओर से वित्त वर्ष 2026-27 के लिए तैयार किए गए 'कला पंचांग' का विमोचन भी किया।



### प्रस्तावों पर संस्कृति विभाग भी अपनी ओर से अनुशंसा करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पद्म पुरस्कारों के लिए प्रदेश के कलाकारों, समाजसेवियों, पर्यावरणविदों के केंद्र सरकार को भेजे जाने वाले प्रस्तावों पर संस्कृति विभाग भी अपनी ओर से अनुशंसा करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी पद्म पुरस्कार विजेताओं की आर्थिक मदद के लिए एक स्थायी योजना तैयार की जाये, ताकि जरुरतमंदों को शासन की योजना के तहत आर्थिक सहयोग दिया जा सके। अपर मुख्य सचिव संस्कृति शिव शेख़र शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 17 धार्मिक, सांस्कृतिक लोक और 20 संग्रहालयों का निर्माण किया जा रहा है। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, आयुक्त पुरातत्व मदन नागरगोजे, संचालक, संस्कृति एनपी नामदेव सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

## रेल इलेक्ट्रिफिकेशन में के2 इन्फ्राजेन को मिला 158.58 करोड़ का प्रोजेक्ट

**गुरुग्राम।** के2 इन्फ्राजेन लिमिटेड को कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड से 158.58 करोड़ (जीएसटी सहित) का नया लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस (**LOA**) मिला है। इस प्रोजेक्ट के तहत नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे के प्रमुख सेक्शनों में रेल इलेक्ट्रिफिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड किया जाएगा। काम में 1×25 केवी से 2×25 केवी तक इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम का अपग्रेडेशन शामिल है, जिसमें डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमीशनिंग का काम किया जाएगा।यह परियोजना जोधपुर डिवीजन के लूनी-ए स ए म आ र - बी ए ल डी आ ई सेक्शन और जयपुर डिवीजन के जयपुर-सवाई माधोपुर सेक्शन में लागू होगी। कुल मिलाकर यह काम 403 रूट किलोमीटर और 497.65 ट्रैक किलोमीटर क्षेत्र में फैला है।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी का संचालन

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी निम्न समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी:-

09611/09612 अजमेर जं.-योग नगरी ऋषिकेश-अजमेर जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09611 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09611 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09612 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09612 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:45 | अजमेर जं. | 09:55 | --- |
| 20:18 | 20:20 | किशनगढ़ | 08:17 | 08:19 |
| 20:45 | 20:47 | फुलेरा जं. | 07:30 | 07:32 |
| 21:50 | 22:00 | जयपुर | 06:35 | 06:45 |
| 22:11 | 22:14 | गांधी नगर जयपुर | 06:04 | 06:07 |
| 22:40 | 22:42 | दौसा | 04:36 | 04:38 |
| 23:13 | 23:15 | बाँदीकुई जं. | 04:13 | 04:15 |
| 23:25 | 23:27 | राजगढ़ | 03:52 | 03:54 |
| 00:01 | 00:04 | अलवर | 03:24 | 03:27 |
| 00:24 | 00:26 | खैरथल | 03:06 | 03:08 |
| 02:48 | 02:50 | रेवाड़ी | 02:30 | 02:32 |
| 03:28 | 03:30 | गुड़गाँव | 01:22 | 01:24 |
| 03:45 | 03:47 | दिल्ली छावनी | 01:00 | 01:02 |
| 04:30 | 04:45 | दिल्ली जं. | 00:15 | 00:30 |
| 07:30 | 07:32 | शामली | 21:40 | 21:45 |
| 08:28 | 08:30 | रामपुर मनिहारान | 20:57 | 20:59 |
| 10:18 | 10:20 | टपरी जं. | 20:33 | 20:35 |
| 11:04 | 11:06 | रूड़की | 19:43 | 19:45 |
| 11:50 | 11:55 | हरिद्वार | 18:58 | 19:03 |
| 12:50 | --- | योग नगरी ऋषिकेश | --- | 17:55 |

**चलने के दिन: 09611 अजमेर जं. से** दिनांक 17.06.2026 से 15.07.2026 तक (प्रत्येक बुधवार को) और **09612 योग नगरी ऋषिकेश से** दिनांक 18.06.2026 से 16.07.2026 तक (प्रत्येक वृहस्पतिवार) को।

**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2064/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# नीट: सवाल शुचिता का ही नहीं, प्रतिष्ठा का भी

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। पिछले वर्ष पेपर लीक और परीक्षा प्रक्रिया पर उठे सवालों ने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों का भरोसा झकझोर दिया था। यही कारण है कि इस बार होने वाले नीट री-एग्जाम को लेकर केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) किसी भी प्रकार की चूक की गुंजाइश नहीं छोड़ना चाहते। इस परीक्षा की निष्पक्षता और विश्वसनीयता केवल लाखों छात्रों के भविष्य से ही नहीं जुड़ी है, बल्कि शुचिता के साथ सरकार की प्रतिष्ठा भी इससे दांव पर लगी हुई है। इसलिए इस बार सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती, जिससे इस परीक्षा की पवित्रता पर सवाल उठे या इसकी शुचिता प्रभावित हो। पहली बार इस परीक्षा के पेपर को केंद्र तक ले जाने के लिए वायुसेना के विमानों और हेलीकॉप्टर का प्रयोग होगा। इसके अलावा, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। पेपर सेटिंग से लेकर परीक्षा केंद्र तक हर तरह की सुरक्षा पुख्ता की जा रही है। केंद्र सरकार ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए सोशल मीडिया पर भी शिकंजा कस दिया है और टेलीग्राम को भी परीक्षा तक प्रतिबंधित कर दिया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा 69ए के तहत टेलीग्राम पर रोक लगाई है। यह रोक 22 जून 2026 तक रहेगी। हालांकि आदेश कब से लागू होगा, इसकी तारीख नहीं दी गई है। नीट री-एग्जाम 21 जून को होगा। सरकार ने एग्जाम के बाद भी टेलीग्राम को अपना मैसेज एडिट फीचर 30 जून तक बंद रखने का निर्देश दिया है। यानी भारत में टेलीग्राम पर पहले से भेजे गए मैसेज 30 जून तक एडिट नहीं हो पाएंगे। असल में टेलीग्राम अपने उपभोक्ताओं को एक फीचर देता है, जिसमें पूर्व में किए गए मैसेज को एडिट किया जा सकता है। ऐसे में कुछ शरारती तत्व पूर्व में किए गए मैसेज को एडिट कर परीक्षा का पेपर जोड़ देते हैं और भ्रम फैलाते हैं कि पेपर पहले ही लीक हो चुका है। इससे परीक्षार्थियों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं। लेकिन इस बार ऐसा न हो, इसलिए सरकार ने पहले ही टेलीग्राम पर रोक लगा दी है। इसके अलावा भी कई हैंडल बंद किए गए हैं और व्हाट्सएप समेत सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। परीक्षा से पहले और बाद में अफवाहों तथा फर्जी दावों को रोकना भी इस बार सुरक्षा रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार समझती है कि आज केवल पेपर लीक रोकना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि गलत सूचनाओं को फैलने से रोकना भी उतना ही जरूरी है। हालांकि जब तक परीक्षा नहीं हो जाती, तब तक सरकार की चिंता बढ़ी रहेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि परीक्षा के लिए कम से कम दस अलग-अलग प्रश्नपत्र सेट तैयार किए जाएं और कंप्यूटर आधारित रैंडम सिस्टम के जरिए अंतिम समय पर तय किया जाए कि किस केंद्र पर कौन-सा पेपर जाएगा। ऐसी व्यवस्था पेपर लीक करने वाले गिरोहों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। इसके साथ ही प्रश्नपत्रों की डिजिटल ट्रैकिंग, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही और त्वरित जांच तंत्र को भी मजबूत किया जाना चाहिए। कुल मिलाकर नीट री-एग्जाम को लेकर इस शुचिता के साथ सरकार की प्रतिष्ठा भी दांव पर है। 21 जून को होने वाली परीक्षा निर्बाध और निर्विवाद रूप से संपन्न हो, इसके लिए पूरी तैयारी के साथ सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती।

# युद्ध विराम का सकारात्मक होगा प्रभाव



शांति समझौता
राज कुमार सिन्हा

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम और शांति समझौता वैश्विक अर्थव्यवस्था, कूटनीति और मध्य-पूर्व की भू-राजनीति को गहराई से प्रभावित करेगी। होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल और गैस की निर्बाध आपूर्ति बहाल होने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तत्काल गिरावट आएगी, जिससे वैश्विक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। समुद्री मार्ग के खुलने से अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सप्लाई चेन की बाधाएं दूर होंगी, जिससे एशियाई और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को आर्थिक स्थिरता मिलेगी। भारत, चीन और जापान जैसे बड़े तेल आयातक देशों को राजकोषीय घाटा कम करने और अपनी मुद्रा को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम और शांति समझौता वैश्विक अर्थव्यवस्था, कूटनीति और मध्य-पूर्व की भू-राजनीति को गहराई से प्रभावित करेगी। होर्मुज़ जलडमरूमध्य से तेल और गैस की निर्बाध आपूर्ति बहाल होने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तत्काल गिरावट आएगी, जिससे वैश्विक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। समुद्री मार्ग के खुलने से अंतरराष्ट्रीय व्यापार और सप्लाई चेन की बाधाएं दूर होंगी, जिससे एशियाई और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को आर्थिक स्थिरता मिलेगी। भारत, चीन और जापान जैसे बड़े तेल आयातक देशों को राजकोषीय घाटा कम करने और अपनी मुद्रा को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

भारत अपनी जरूरत का 80 फीसदी से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। युद्ध विराम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतें नीचे आएंगी, जिससे भारत का आयात बिल कम होगा और राजकोषीय घाटा नियंत्रित रहेगा। भारत का अधिकांश तेल और एलपीजी होर्मुज़ जलडमरूमध्य के रास्ते आता है। युद्ध विराम से इस समुद्री मार्ग पर हमलों का खतरा खत्म हो जाएगा, जिससे भारत को बिना किसी रुकावट के ईंधन की आपूर्ति होती रहेगी। फारस की खाड़ी में तनाव कम होने से जहाजों का बीमा प्रीमियम घटेगा। इससे भारतीय तेल कंपनियों की लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी और देश में पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने में मदद मिलेगी। यदि इस युद्ध विराम के बाद भविष्य में ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंध पूरी तरह हटते हैं, तो भारत दोबारा ईरान से सस्ते और रियायती दरों पर कच्चे तेल का आयात शुरू कर सकता है, जो भारत के लिए एक बड़ा रणनीतिक फायदा होगा। 26 अप्रैल 2026 को भारत के लिए अमेरिकी प्रतिबंधों के समाप्त होने के बाद से चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट गहरे संकट में था। इस नए युद्ध विराम समझौते से भारत के लिए नई उम्मीदें जगी है। प्रतिबंधों की अवधि खत्म होने के बाद भारत ने वहां से अपने कुछ कर्मचारी हटा लिए थे और अपने निवेश को सुरक्षित करने के लिए 'वेट एंड वॉच' की नीति अपनाई थी। युद्ध विराम के बाद भारत इस रणनीतिक बंदरगाह पर कार्गो संचालन को फिर से पूरी तरह शुरू करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। चाबहार बंदरगाह पाकिस्तान को बाईपास करके अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंचने का भारत को सीधा रास्ता देता है। शांति समझौते के कारण समुद्री मार्गों पर तनाव खत्म होने से भारत का यह महत्वाकांक्षी व्यापारिक कॉरिडोर एक बार फिर सुरक्षित और सक्रिय हो जाएगा। भारत को मध्य एशिया और अफगानिस्तान तक पहुंचने के लिए पाकिस्तान के जमीनी रास्ते की जरूरत नहीं रहेगी। मुंबई या कंडला बंदरगाह से सामान सीधे ओमान की खाड़ी के रास्ते ईरान के चाबहार बंदरगाह पहुंचेगा, जिससे दूरी और समय दोनों में भारी बचत होगी। चाबहार बंदरगाह को इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर से जोड़ा जा रहा है। इसके जरिए भारतीय सामान ईरान के रेलवे नेटवर्क का उपयोग करके कैस्पियन सागर और वहां से सीधे रूस व यूरोप तक पहुंच सकेगा।

यह मार्ग पारंपरिक स्वेज नहर मार्ग की तुलना में 30 फिसदी सस्ता और 40 प्रतिशत तेजी से पहुंचेगा। संघर्ष विराम से पूरे खाड़ी क्षेत्र में तनाव कम होगा, जिससे व्यापक युद्ध की आशंका टलेगी। लेबनान, यमन



और इराक जैसे देशों में परोक्ष युद्धों के थमने की संभावनाएं बनेगी। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश इस युद्ध विराम का स्वागत किया है क्योंकि उनका ध्यान अपनी अर्थव्यवस्थाओं पर है, जिसके लिए क्षेत्रीय शांति अनिवार्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका- ईरान में जंग खत्म करने पर बनी सहमति का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जंग से दुनिया भर में गंभीर आर्थिक परेशानी पैदा हुई है।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने मांग की है कि इस शांति काल का उपयोग संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में बिना किसी बाधा के मानवीय सहायता, भोजन और चिकित्सा आपूर्ति पहुंचाने के लिए किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सभी क्षेत्रीय देशों से संयम बरतने और अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों का सम्मान करने की अपील की है ताकि वैश्विक व्यापारिक जहाज सुरक्षित आ-जा सकें। संयुक्त राष्ट्र ने दोनों पक्षों से आग्रह किया है कि वे इस अस्थाी युद्ध विराम का उपयोग एक दीर्घकालिक और स्थायी राजनयिक समाधान खोजने के लिए करें। आगामी 19 जून को 60 दिनों के अस्थायी युद्ध विराम को एक स्थायी अंतरराष्ट्रीय संधि में बदलने के लिए स्विट्जरलैंड में एक उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें अमेरिका और यूरोपीय संघ का मुख्य उद्देश्य ईरान के यूरेनियम संवर्धन को परमाणु हथियार बनाने के स्तर से बहुत नीचे लाना है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के निरीक्षकों को ईरान के सभी परमाणु केंद्रों तक बिना किसी बाधा के सीधी पहुंच देने पर बात होगी। वार्ता का एक बड़ा हिस्सा इस बात पर केंद्रित होगा कि ईरान लेबनान में हिज्बुल्लाह, यमन में हुती विद्रोहियों और इराक एवं सीरिया के सशस्त्र समूहों को वित्तीय और सैन्य सहायता देना पूरी तरह बंद करे। इसके बदले में ही इज़राइल की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की जाएगी। अमेरिका ईरान के लंबी दूरी के मिसाइल विकास और ड्रोन तकनीक के निर्यात पर कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने की मांग करेगा, जिसका इस्तेमाल हालिया संघर्षों में हुआ था। यदि ईरान ऊपर दी गई शर्तों को चरणबद्ध तरीके से मानता है, तो अमेरिका ईरान के तेल और बैंकिंग क्षेत्रों पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंधों को हमेशा के लिए हटाने का एक टाइमलाइन जारी करेगा।

वार्ता की शुरुआत में ही अमेरिका ईरान करीब 1.25 लाख करोड़ की संपत्ति को डीफ्रीज करेगा। साथ ही, खाड़ी देशों के सहयोग से ईरान के पुनर्निर्माण के लिए प्रस्तावित 300 अरब डॉलर के फंड को औपचारिक रूप दिया जाएगा। यदि ऐसा संभव हो सका, तो यह समझौता केवल एक युद्ध को रोकने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि 21वीं सदी में सहयोग, संवाद और साझा सुरक्षा पर आधारित नई वैश्विक व्यवस्था की नींव रखने वाला ऐतिहासिक पड़ाव बन सकता है। अतः अमेरिका और ईरान के बीच हुआ युद्धविराम केवल दो देशों के बीच तनाव कम होने की घटना नहीं है, बल्कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन, ऊर्जा सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था को पुनर्परिभाषित करने वाला महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक मोड़ साबित हो सकता है। इस पूरी प्रक्रिया की सफलता कई चुनौतियों पर निर्भर करेगी। विशेष रूप से इजरायल का आक्रामक रुख इस शांति प्रक्रिया को कभी भी अस्थिर कर सकता है। इसलिए केवल युद्धविराम पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि सभी पक्षों को पारस्परिक विश्वास, कूटनीतिक धैर्य और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के आधार पर दीर्घकालिक समाधान विकसित करना होगा। यदि ऐसा संभव हो सका, तो यह समझौता केवल एक युद्ध को रोकने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि 21वीं सदी में सहयोग, संवाद और साझा सुरक्षा पर आधारित नई वैश्विक व्यवस्था की नींव रखने वाला ऐतिहासिक पड़ाव बन सकता है।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पंचायती राज व्यवस्था
डॉ. अशोक कुमार जायसवाल




# पंचायतीराज संस्थाओं में वित्तीय समावेशन एवं आत्म निर्भर पंचायत

भारत के संविधान का अनुच्छेद 280 (3) (ख ख) राज्यों में पंचायतों के संसाधनों को बढ़ाने, राज्य के समेकित निधि को मजबूती प्रदान करने, केन्द्रीय वित्त आयोंग के लिए अनुदान की सिफारिश करने तथा अनुदानों की प्रर्याप्तता का आंकलन करने का आधार एवं पंचायतीराज संस्थाओं के लिए निर्धारित अनुदानों के आबंटन की अनुशंसा करता है तथा अनुच्छेद 243 (झ) राज्य वित्त आयोग का गठन तथा राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों को क्रियान्वयन करने की शक्ति प्रदान करता है। 16वें वित्त आयोग ने स्थानीय निकायों को अपने आय के संसाधनों (ओ.एस.आर.) को स्वयं श्रृजित करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया है। आयोग ने अपने अनुशंसा वर्ष 2026-2031 तक ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए अनुदान के रुप में राशि 4,35,236/–करोड रुपये निर्धारित किये है। ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए आबंटित मूल अनुदान राशि 3,48,188/– करोड रुपये तथा कार्य निष्पादन अनुदान राशि 8,70,48/– में से ग्रामीण स्थानीय निकाय कार्य निष्पादन अनुदान राशि 43,524/-करोड रुपये और राज्य कार्य निष्पादन अनुदान राशि 43,524/– करोड रुपये में विभाजित किया है। मूल अनुदान राशि को दो भागों में टाइड अनुदान राषि 1,74,094/– करोड रुपये तथा अनटाइड अनुदान राशि 1,74,094/- करोड रुपये समान रुप से विभाजित किया है। सम्पूर्ण कार्य निष्पादन अनुदान अनटाइड है तथा टाइड अनुदान मुख्यतः स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन और जल प्रबंधन में विभक्त किया है। टाइड अनुदान में ओ एण्ड एम व्यय भी शामिल है।

छत्तीसगढ राज्य हेतु 16वें वित्त आयोग ने अपनी अनुशंसा में वर्ष 2026-2031 तक पंचायतीराज संस्थाओं में अनुदान के रुप में राशि 11,664/-करोड रुपये निर्धारित किये है। छत्तीसगढ़ राज्य में पंचायतीराज संस्थाओं के लिए आबंटित मूल अनुदान राशि 9,331/-करोड रुपये तथा कार्य निष्पादन अनुदान राशि 2,333/-करोड रुपये में से पंचायतीराज संस्थाओं का कार्यनिष्पादन अनुदान राशि 1166.5/– करोड रुपये तथा राज्य कार्य निष्पादन अनुदान राशि 1166.5/– करोड रुपये में विभाजित किया है, मूल अनुदान दो भागों में टाइड अनुदान राशि 4665.5/-करोड रुपये तथा अनटाइड अनुदान राशि 4665.5/– करोड में विभाजित किया है। 16वें वित्त आयोग के तहत कार्य निष्पादन अनुदान (10 प्रतिशत) पंचायतीराज संस्थाओं को प्राप्त करने के लिए निम्न माप दण्डों पर खरा उतरना होगा यथा-ग्राम पंचायत को गणना वर्ष में स्वयं के राजस्व (ओ.एस.आर.) में वृद्धि दिखानी होगी, तीसरे वर्ष से लागू जिसमें ग्राम पंचायत की न्यूनतम स्वयं की आय (ओ.एस.आर.) कम से कम रुपये 1200/–प्रति परिवार प्रति वर्ष होगा, वर्ष 2025–2026 के स्वयं के आय (ओ.एस.आर.) पर 2.5 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि वृद्धि करना होगा। जनपद पंचायत में तीसरे वर्ष से लागू, जनपद पंचायत की कम से कम 75 प्रतिशत ग्राम पंचायत कार्य निष्पादन अनुदान प्राप्त करने की शर्तों को पूरा करता हो, जिला पंचायत में गणना वर्ष में अनुदान की पात्रता पहले वर्ष में निम्न किसी एक को प्राप्त करने से जुडी है, या तो दूसरे वर्ष में स्वयं के आय का 1.025 गुणा या वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वयं के आय पर 2.5 प्रतिवर्ष की चक्रवृद्धि वृद्धि, इन दोनों में से जो भी कम हो। पंचायतों में वित्तीय समावेषन एवं आत्म निर्भरता विकेन्द्रीकरण को मजबूती प्रदान करने, पंचायतो के वित्तीय क्षमता को बढ़ाने, पंचायतों को अधिक संसाधन उपलब्ध कराने और स्थानीय स्तर पर साक्ष्य आधारित निर्णय लेने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने में सहायक है। पंचायतीराज मंत्रालय ने पंचायतों के स्वयं के आय में वृद्धि (ओ.एस.आर.संग्रह) को डिजिटल एवं पारदर्षी बनाने हेतु अभिनव प्रयोग करते हुए ''समर्थ पंचायत पोर्टल'' विकसित किया, समर्थ पंचायत पोर्टल एक डिजिटल प्लेट फार्म है, जो कर और गैर कर मांगो को सृजित करने, कर रजिस्टरों और राजस्व की ऑन लाईन ट्रेकिंग की सुविधा प्रदान करता हैं। यह डिजिटल सशक्तिकरण, वित्तीय समावेषन में पारदर्शिता, दक्षता और विस्तार शीलता लाने में सहायक है। सर्मथ पंचायत पोर्टल से वित्तीय वर्ष 2025–26 में देश की कुल 15,193 ग्राम पंचायतों ने करारोपण का संकल्प पारित कर 11663 ग्राम पंचायतों द्वारा कर एवं गैर करो को कॉफ्रिगर कर 49,51,51 कर दाताओं को पंजीकृत कर 83,36,22,765/– रुपये का मांग पत्र भेजकर 19,43,93,805/– रुपये संग्रह किये, वित्तीय वर्ष 2025–26 में छत्तीसगढ़ राज्य की 11,653 ग्राम पंचायतों द्वारा करारोपण का संकल्प पारित कर 9,678 ग्राम पंचायतो द्वारा कर एवं गैर कर को कॉफ्रिगर कर 37,65,730 कर दाताओं को पंजीकृत कर 80,43,96,165 /– रुपये का मांग पत्र भेजकर 18,61,27,298/– रुपये संग्रह किये (16 जुन 2026 की स्थिति मे)। छत्तीसगढ़ पंचायतीराज अधिनियम 1993 की धारा–77 की उपधारा (1) एवं छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत अनिवार्य कर तथा फीस (शर्ते तथा अपवाद) नियम 1996 के अन्तर्गत भूमि तथा भवनो पर सम्पत्ति कर, प्रकाश कर, व्यवसाय कर, बाजार कर, ग्राम पंचायत के किसी बाजार या स्थान में बेचे गये पशुओं के रजिस्ट्रीकरण पर फीस, सफाई कर तथा धारा–77 की उपधारा (2) एवं छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत वैकल्पिक कर तथा फीस (शर्ते अपवाद) नियम 1996 के तहत वैकल्पिक कर का प्रावधान निहित है। इसके अतिरिक्त समय–समय पर शासन के आदेशों एवं निर्देशों के आधार पर भी सेवा शुल्क लिए जाने का प्रावधान है तथा ग्राम पंचायत (भवनों के परिनिर्माण तथा विस्तार पर नियंत्रण की उपविधियॉ) आदर्श उपविधियॉ(6), छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत (कोलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन तथा शर्ते) नियम 1999, छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत सीमाओं से निर्यात किये गये मॉल पर सीमा कर (निर्धारण संग्रहण) नियम 2003 जिसके तहत सर्मथ पंचायत पोर्टल पर करो एवं गैर करो का एकत्रिकरण किया जा रहा है, इस प्रकार पंचायतीराज संस्थाओं में वित्तीय समावेशन एवं आत्म निर्भरता, लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण को मजबूत करने, पंचायतों को सत्त एवं सशक्त बनाने और विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी।

*-संकाय सदस्य (पंचायती राज)*
*ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा, रायपुर*

## गावत संतत संभु भवानी



संकलित
दर्शन

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं। सबके बीच संतुलन बनाकर भगवान महादेव चलते हैं।

## हे श्री कृष्णा! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है। आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढ़ता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की।

अंतर्मन




आज की पाती

### ऊर्जा क्रांति की नई पारदर्शी शुरुआत

दुनिया तेजी से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है और इसी दिशा में सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने ऐसी अल्ट्रा–थिन सोलर सेल विकसित की है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा उत्पादन की पूरी तस्वीर बदल सकती है। यह तकनीक इतनी पतली है कि इनसान के बाल के 10,000वें हिस्से जितनी मोटाई में भी बिजली पैदा कर सकती है। खास बात यह है कि यह सोलर सेल पारदर्शी और रंगहीन है, इसलिए इसे खिड़कियों, कारों की विंडशील्ड, मोबाइल स्क्रीन, स्मार्ट ग्लास और ऊंची इमारतों के कांच पर आसानी से लगाया जा सकता है। अब तक सोलर ऊर्जा का मतलब बड़े और भारी पैनल माने जाते थे, जिन्हें छतों पर लगाने के लिए पर्याप्त जगह चाहिए होती है। नई तकनीक 'बिल्डिंग इंटीग्रेटेड फोटोवोल्टिक' अवधारणा को नई गति दे सकती है। *– सुभाष सोनी, दुर्ग*

ट्रेंड

### गर्व का क्षण



भारत के लिए गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्लोवाकिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' से सम्मानित किया गया है।
- **नितिन गडकरी,** केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

### सपनों पर चोट



आज इस देश में, कड़ी मेहनत का फल नहीं मिलता, बल्कि सपने देखने की हिम्मत करने पर सज़ा मिलती है। हर पेपर लीक, हर रद्द परीक्षा, हर रुकी हुई भर्ती - ये सिर्फ़ सिस्टम की नाकामी नहीं हैं, बल्कि लाखों लोगों के सपनों पर चोट है।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### ऐतिहासिक उपलब्धि



एक समय था जब अवैध शिकार की घटनाएं अखबारों की सुर्खियां बनती थीं, और आज स्थिति यह है कि शिकार का एक भी मामला न होना सामान्य बात बन गई है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि असम द्वारा किए गए अथक प्रयासों का प्रमाण है।
- **हिमंत विश्व शर्मा,** सीएम, असम

### बेरोज़गारी दर



मई के महीने में देश में बेरोज़गारी दर 5.5 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो पिछले 11 महीनों में सबसे ज़्यादा है। यह देश भर में संगठित और असंगठित क्षेत्रों में काम की तलाश कर रहे लोगों के लिए बुरी खबर है। मध्य प्रदेश जैसे राज्यों पर इसका सबसे बुरा असर पड़ेगा।
- **कमलनाथ,** पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

करंट अफेयर

## शिकागो में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण



अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने शिकागो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास परिसर में स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। स्वामी विवेकानंद एक महान दार्शनिक, चिंतक और आध्यात्मिक नेता थे। उन्होंने वेदांत और योग के संदेश को विश्वभर में पहुंचाया। अमेरिका में उन्हें विशेष रूप से वर्ष 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में दिए गए ऐतिहासिक और प्रेरणादायी संबोधन के लिए याद किया जाता है। विनय मोहन क्वात्रा ने प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करना मेरे लिए गर्व का क्षण है। यह हमारे प्रवासी भारतीय समुदाय की ओर से मिला एक अनमोल उपहार है। सेवा, मानवता और सार्वभौमिक सद्भाव का उनका (स्वामी विवेकानंद) कालजयी संदेश आज भी हम सभी को प्रेरित करता है। हमारे जीवंत और ऊर्जावान भारतीय समुदाय से जुड़ने का अवसर मिलने के लिए मैं हृदय से आभारी हूं। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के अनावरण का समारोह रविवार को शिकागो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में आयोजित किया गया।

ऑफ बीट

## टीएनटी जितना शक्तिशाली होता है उल्काओं का 'सोनिक बूम'



पृथ्वी जिस अंतरिक्षीय वातावरण में स्थित है, वह पूरी तरह शांत नहीं है। वैज्ञानिकों के अनुसार हमारा ग्रह सौरमंडल के निर्माण के समय से बचे असंख्य पथरीले और धात्विक मलबे के बीच से लगातार गुजरता है। अधिकांश छोटे कण पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते ही जलकर समाप्त हो जाते हैं और रात के आकाश में चमकते टूटते तारे के रूप में दिखाई देते हैं। लेकिन कभी–कभी बड़े या तेज गति से आने वाले पिंड के वायुमंडल में प्रवेश करते ही विस्फोट, तेज चमक और सोनिक बूम जैसी घटनाएं होती हैं, जो लोगों को चौंका देती हैं। उल्का का सोनिक बूम वह तेज धमाके जैसी आवाज़ होती है, जो तब सुनाई देती है जब कोई उल्कापिंड पृथ्वी के वायुमंडल में बहुत तेज गति से प्रवेश करता है और ध्वनि की गति से भी तेज चलता है। हाल ही में 30 मई 2026 को अमेरिका के मैसाचुसेट्स और न्यू हैम्पशायर की सीमा क्षेत्र में एक तेज धमाके जैसी आवाज ने लोगों को हिला दिया। यह आवाज इतनी तेज थी कि इसे पूर्वी अमेरिका के कई हिस्सों में महसूस किया गया। नासा के अनुसार, यह उल्का लगभग 3 से 5 फुट (लगभग 1 से 2 मीटर) व्यास का था। यह लगभग 42,000 मील प्रति घंटे (करीब 68,000 किलोमीटर प्रति घंटे) की गति से पृथ्वी की ओर आ रहा था।

अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

- एनसीआर में आरआरटीएस के साथ विकसित होंगे चार नए ग्रीन फील्ड नमो सिटी
- रीजनल प्लान-2041 को अंतिम रूप देने के लिए केंद्र सरकार और संबंधित राज्य सरकारों (हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान एवं दिल्ली) के वरिष्ठ अधिकारियों की एक सब-कमेटी गठित
- सब-कमेटी 15 अगस्त, 2026 तक अपनी अंतिम रिपोर्ट बोर्ड को सौंपेगी, एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की अगली बैठक दिसंबर 2026 में गुरुग्राम में होगी

### केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में नई दिल्ली में एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की 42वीं बैठक में लिया गया निर्णय


# एनसीआर के एरिया में नहीं होगा कोई बदलाव, रिजनल प्लान 2041 होगा तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के क्षेत्रीय दायरे में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और वर्तमान सीमा बनी रहेगी। यह फैसला मंगलवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआर प्लानिंग बोर्ड) की 42वीं बैठक में लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का रीजनल प्लान-2041 पर चर्चा हुई। इसमें एनसीआर के भविष्य के विकास, शहरी नियोजन, पर्यावरण संरक्षण, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और सस्टेनेबल ग्रोथ से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई।

एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की 42वीं बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ए.के. शर्मा व राजस्थान के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री झाबर सिंह खर्रा इस बैठक में शामिल हुए।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैठक के उपरांत संवाददाताओं से बातचीत के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। आज बैठक में तय किया गया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के क्षेत्रीय




दायरे में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और वर्तमान सीमा बनी रहेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का रीजनल प्लान-2041 पर चर्चा हुई। इसमें एनसीआर के भविष्य के विकास, शहरी नियोजन, पर्यावरण संरक्षण, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और सस्टेनेबल ग्रोथ से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई।

रीजनल प्लान-2041 को अंतिम रूप देने के लिए केंद्र सरकार और संबंधित राज्य सरकारों (हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान एवं दिल्ली) के वरिष्ठ अधिकारियों की एक सब-कमेटी गठित की गई है। यह सब-कमेटी 15 अगस्त, 2026 तक अपनी अंतिम रिपोर्ट बोर्ड को सौंपेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी योजना बोर्ड की अगली बैठक दिसंबर 2026 में गुरुग्राम (हरियाणा) में आयोजित की जाएगी। आज की बैठक में आरआरटीएस (रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम) के साथ-साथ चार नए ग्रीनफील्ड शहर विकसित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

बोर्ड के सभी सदस्य राज्य एक-एक नए ग्रीन फील्ड शहर की विकास योजना भेजेंगे। नमो सिटी के नाम से विकसित होने वाले यह शहर आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल और आत्मनिर्भर शहरी केंद्र के रूप में विकसित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी योजना बोर्ड के इन निर्णयों से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र का संतुलित और सशक्त विकास सुनिश्चित होगा। हरियाणा सरकार एनसीआर के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और ग्रीनफील्ड शहरों तथा आरआरटीएस परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कातिकिथाला, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर सहित एनसीआर क्षेत्र से संबंधित राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ठेकेदार पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज

**सोलापुर।** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में एक दिन पहले हुए एक



सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने एक ठेकेदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। मालशिरस तहसील के तहत तांदुलवाड़ी गांव के पास रविवार दोपहर एक वाहन सड़क किनारे खेत में बने कुएं में गिर गया था।

### भिवाड़ी में टंकी की दीवार ढही, 3 बच्चों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के भिवाड़ी शहर में



पानी की टंकी की दीवार ढहने से तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार हादसा सोमवार दोपहर पुराना समतल रोड के औद्योगिक क्षेत्र में एक निर्माणाधीन कारखाने में हुआ। पुलिस के अनुसार हादसे में चार साल की बच्ची मीनू शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई।

### नैनीताल में झील में गिरी कार, सभी सेफ

**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल के पास खुर्पाताल में एक बड़ा



हादसा हो गया। हालांकि गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। पर्यटकों की एक कार अनियंत्रित होकर झील में गिर गई। हादसा खुर्पाताल के सरिता ताल में हुआ। मुरादाबाद से आए पर्यटकों की एक कार अनियंत्रित हो गई।

### नवी मुंबई से नोएडा के लिए अकासा एयर शुरू

**मुंबई।** घरेलू एयरलाइन कंपनी अकासा एयर ने नवी मुंबई



अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मंगलवार सुबह क्यूपी-2017 विमान को रवाना करते हुए नव निर्मित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए सेवाएं शुरू कर दी, जिससे मुंबई महानगर क्षेत्र और दिल्ली-एनसीआर के बीच सीधा हवाई संपर्क स्थापित हो गया है।

### पराली प्रबंधन के लिए केंद्र सरकार की व्यापक रणनीति

# जन-जागरण, रियल टाइम मॉनिटरिंग और तकनीकी समाधान पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पराली प्रबंधन और इसके स्थायी समाधान पर एक उच्च स्तरीय अंतर-मंत्रालयी बैठक मंगलवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में आयोजित की गई। बैठक में एनसीआर के 14 जिलों की 70 तहसीलों में 'पराली सुरक्षा बल' की सक्रिय निगरानी से पराली जलाने की घटनाओं में और कमी लाने पर जोर दिया गया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने पराली प्रबंधन और इसके स्थायी समाधान पर हुई इस उच्च स्तरीय अंतर-मंत्रालयी बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) योजना के अंतर्गत हुई प्रगति तथा आगामी कटाई मौसम में धान की पराली के प्रभावी प्रबंधन के लिए राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि पराली जलाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषित होता है, बल्कि धरती माता का स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। इससे मित्र कीट नष्ट होते हैं, मिट्टी की उर्वरता घटती है और प्रदूषण के कारण जनस्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस दृष्टि से इसे रोकना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए वर्ष 2018-19 में फसल अवशेष प्रबंधन योजना शुरू की गई थी। तब से पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश तथा आईसीएआर को कुल 4,266.47 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इस सहायता से राज्यों में 3.54 लाख से अधिक फसल अवशेष




- पराली प्रबंधन और इसके स्थायी समाधान पर एक उच्च स्तरीय अंतर-मंत्रालयी बैठक कृषि भवन में हुई
- वर्ष 2026-27 के लिए 544.15 करोड़ का प्रावधान; 46,000 से अधिक मशीनों के वितरण और 141 पराली आपूर्ति श्रृंखला परियोजनाओं का लक्ष्य
- एनसीआर के 14 जिलों की 70 तहसीलों में 'पराली सुरक्षा बल' की सक्रिय निगरानी से पराली जलाने की घटनाओं में और कमी लाने पर जोर

प्रबंधन मशीनों का वितरण तथा 43,500 से अधिक कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापना संभव हुई है। वर्ष 2026-27 की तैयारियों के संबंध में उन्होंने बताया कि सीआरएम योजना के अंतर्गत 544.15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जिसमें से पहली किस्त के रूप में 272.07 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि राज्यों ने चालू वर्ष के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिनमें 46,000 से अधिक फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों का वितरण, 910 कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापना तथा 141 पराली आपूर्ति श्रृंखला परियोजनाओं का विकास शामिल है। बैठक में वर्ष 2026 की धान कटाई के दौरान अनुमानित 2.762 करोड़ टन पराली के प्रबंधन हेतु राज्यों द्वारा तैयार कार्ययोजनाओं की भी समीक्षा की गई।

दोनों मंत्रियों ने बायोमास विद्युत संयंत्रों, संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) इकाइयों, एथेनॉल उत्पादन संयंत्रों तथा पेलेट निर्माण इकाइयों के माध्यम से पराली के एक्स-सीटू उपयोग को और सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास पराली के लिए स्थायी बाजार तैयार कर रहे हैं तथा कृषि अवशेषों को आर्थिक संसाधनों में परिवर्तित कर रहे हैं।

बैठक में कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु स्थापित निगरानी एवं संस्थागत व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि फसल अवशेष प्रबंधन के लिए गठित अंतर-मंत्रालयी समिति नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित कर रही हैं। राज्यों को अगस्त 2026 से पहले मशीनों का वितरण पूर्ण करने, कस्टम हायरिंग केंद्रों को मजबूत बनाने, उपलब्ध मशीनरी का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने तथा व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने की सलाह दी गई है।

बैठक में विशेष रूप से कम अवधि में तैयार होने वाली तथा कम पानी की आवश्यकता वाली धान की किस्मों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया जिससे धान कटाई और गेहूं बुवाई के बीच उपलब्ध समयावधि बढ़ाई जा सके।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि सरकार ने पहले ही लंबी अवधि वाली धान किस्मों की खेती को हतोत्साहित करने तथा उपयुक्त वैकल्पिक किस्मों को बढ़ावा देने के लिए आईसीएआर और राज्य कृषि संस्थानों के माध्यम से आवश्यक कदम उठाए हैं। शिवराज सिंह चौहान ने धान की बुवाई से लेकर कटाई तक फसल की सतत निगरानी पर विशेष बल दिया ताकि धान की कटाई और गेहूं की बुवाई के बीच उपलब्ध समयावधि (विंडो पीरियड) को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के 14 जिलों की कम-से-कम 70 तहसीलों में 'पराली सुरक्षा बल' को सक्रिय कर कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जाएगी जिससे पराली जलाने की घटनाओं में और अधिक कमी लाई जा सके।

### महाराष्ट्र में 'ऑपरेशन टाइगर' की चर्चा

# उद्धव बोले- जिन्हें जाना है, चले जाएं, मेरा 'वक्त' फिर आएगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में 'ऑपरेशन टाइगर' की आशंका के बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने चेतावनी के लहजे में अपने सांसदों से कहा है कि आज मेरा वक्त नहीं है, कल जरूर आएगा। तब तक हमें सहना पड़ेगा, संघर्ष करना पड़ेगा। सूत्रों के मुताबिक रविवार को



- 22 को बुलाई विधायकों की बैठक

मातोश्री में हुई बैठक में उद्धव ने कहा कि जिन लोगों ने बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना छोड़ी है, उन्हें एक दिन पछतावा जरूर होगा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी।

उद्धव ने कहा है कि जो भी नेता पार्टी छोड़ना चाहते हैं, वो जा सकते हैं और उन्हें रोकने की कोई कोशिश नहीं की जाएगी। बैठक में मौजूद सूत्रों के अनुसार, ठाकरे ने सांसदों से कहा कि जो लोग पार्टी छोड़ना चाहते हैं, वे आजाद हैं और वह बस उनके अच्छे भविष्य की कामना करेंगे। हालांकि, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने इन खबरों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि वे पूरी बैठक में मौजूद थे और उद्धव ठाकरे ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया कि जो सांसद पार्टी छोड़कर जाना चाहते हैं, चले जाएं। उद्धव ठाकरे ऐसा कभी नहीं कह सकते।

### 7 सांसद हमारे संपर्क में: तुमाने



शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायक कृपाल तुमाने ने बड़ा दावा किया कि 'ऑपरेशन टाइगर' के तहत 7 सांसद और 16 विधायक उनके संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि बातचीत आखिरी दौर में है। उन्होंने इसकी तुलना अस्पताल के ऑपरेशन से की और कहा कि जांच हो चुकी है, बस तारीख तय होना बाकी है। यह सब मानसून सत्र से पहले होगा। हमारे लिए सारी जानकारी बताना सही नहीं है। लेकिन यह लगभग तय है कि वे हमारे साथ जुड़ेंगे। ये बातचीत एक महीने से चल रही है, लेकिन आज यह आखिरी चरण में है।

### 9 सांसदों में सिर्फ 4 पहुंचे थे

रविवार को उद्धव ठाकरे द्वारा बुलाई गई बैठक में सांसद अरविंद सावंत, अनिल देसाई, राजाभाऊ वाजे और संजय पाटिल व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए, वहीं ओमप्रकाश राजे निंबालकर, भाऊसाहेब वाकचौरे, नागेश बापुराव पाटिल अष्टिकर और संजय देशमुख ने ऑनलाइन भाग लिया। संजय जाधव ने फोन पर ठाकरे से बात की, राउत ने कहा था। यवतमाल-वाशिम से सांसद देशमुख ने कहा कि उन्होंने पारिवारिक कारणों से बैठक में भाग नहीं लिया। लेकिन सोमवार को उन्होंने दिल्ली में शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव से मुलाकात की, जिससे उनके दल-बदल की अटकलें तेज हो गईं।

### भारतीय रेल ने प्रमुख कोयला गलियारे की क्षमता बढ़ाने के लिए

# 755 करोड़ रुपये की चांपा-कोरबा तीसरी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के कोयला-समृद्ध क्षेत्रों में रेलवे की क्षमता में सुधार करते हुए, भारतीय रेल ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) की 42 किमी लंबी चांपा-कोरबा तीसरी रेल लाइन परियोजना को लगभग 755 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से मंजूरी प्रदान की है। बढ़ते कोयला परिवहन, अतिरिक्त माल ढुलाई और नेटवर्क क्षमता में वृद्धि के लिए अत्यधिक इस्तेमाल होने वाले रेल गलियारे का आधुनिकीकरण और उसकी क्षमता का विस्तार किया जा रहा है।

इस परियोजना के अंतर्गत चांपा और कोरबा के बीच तीसरी रेलवे लाइन का निर्माण किया जाएगा, जिसमें पहले से स्वीकृत मड़वारानी-सरगबुंदिया खंड को शामिल नहीं किया गया है। इस रेल गलियारे की पहचान भारतीय रेल के 'मिशन 3000 एमटी' और 'उच्च-घनत्व नेटवर्क (एचडीएन) कॉरिडोर' पहल के तहत की गई है, जिनका उद्देश्य माल ढुलाई को सुदृढ़ करना तथा देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सहयोग प्रदान करना है। कोरबा, जिसे व्यापक रूप से भारत की ऊर्जा राजधानी के नाम से जाना जाता है, अनेक ताप विद्युत संयंत्रों का केन्द्र है और देश के सबसे महत्वपूर्ण कोयला परिवहन केन्द्रों में से एक है। चांपा-कोरबा रेल खंड, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि. (एसईसीएल) और महानदी कोलफील्ड्स लि. (एमसीएल) की कोयला खदानों को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क तथा मुम्बई-हावड़ा उच्च घनत्व वाले गलियारे से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण रेल कड़ी के रूप में कार्य करता है। वर्तमान में इस रेल खंड पर प्रतिदिन लगभग 10 जोड़ी यात्री ट्रेनें और लगभग 55 जोड़ी मालगाड़ियाँ चलती हैं। एसईसीएल और एमसीएल की संयुक्त कोयला उत्पादन क्षमता लगभग 247 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है, जिसके बढ़कर लगभग 450 एमटीपीए तक पहुँचने का अनुमान है। इसके फलस्वरूप आने वाले वर्षों में लगभग 200 एमटीपीए अतिरिक्त कोयला यातायात बढ़ने की संभावना है।

# राम मंदिर का दान लेकर कौन हुआ चम्पत, कांग्रेस की मांग समयबद्ध जांच हो हाईकोर्ट जज के नेतृत्व में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा ने दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में अयोध्या राम मंदिर दान राशि में कथित अनियमितताओं के मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए चंदे के उपयोग को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं और पूरे मामले की हाईकोर्ट के सिटिंग जज से समयबद्ध निष्पक्ष कराई जानी चाहिए। करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस मामले में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और किसी भी स्तर पर वित्तीय अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार



लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। अजय राय ने कहा कि अयोध्या केवल उत्तर प्रदेश या किसी एक राजनीतिक दल का विषय नहीं है, बल्कि देशभर के करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। ऐसे में दान राशि के प्रबंधन और उसके उपयोग को लेकर उठ रहे सवालों का स्पष्ट जवाब जनता को मिलना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस मामले पर खुलकर जवाब देने से बच रही है और तथ्यों को सामने लाने के बजाय मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल की जांच पर भी जनता की निगाहें टिकी हुई हैं। उन्होंने मांग की कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और राजनीतिक प्रभाव से मुक्त होनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके। कांग्रेस ने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। यदि दान राशि के उपयोग में किसी प्रकार की गड़बड़ी हुई है तो यह केवल वित्तीय अनियमितता नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की भावनाओं के साथ भी जुड़ा गंभीर मामला है। कांग्रेस इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की रणनीति पर काम कर रही है और आने वाले दिनों में संसद से लेकर सड़क तक इस विषय पर आवाज बुलंद की जा सकती है।

### घरेलू पेट्रोल पर शुल्क यथावत

# सरकार ने डीजल और एटीएफ निर्यात पर बढ़ाया विंडफॉल टैक्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मंगलवार से डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर विंडफॉल गेन टैक्स बढ़ा दिया है। हालांकि, पेट्रोल पर शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया है।

विंडफॉल गेन टैक्स की समीक्षा हर 15 दिन में की जाती है और कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर भी इसका निर्धारण किया जाता है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी नोटिफिकेशन में कहा गया कि सरकार ने डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को बढ़ाकर 14




रुपए प्रति लीटर कर दिया है, जो कि पहले 13.5 रुपए प्रति लीटर था। वही, एटीएफ पर एसएईडी को बढ़ाकर 12.5 रुपए प्रति लीटर कर दिया है, जो कि पहले 9.5 रुपए प्रति लीटर है। हालांकि, पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है और इसे 1.5 रुपए प्रति लीटर पर जारी रखा गया है।

### पहली बार भगवान राम को चढ़ाया दुर्लभ आम

**अयोध्या।** दुनिया के सबसे महंगे आमों में गिने जाने वाले जापान के मियाजाकी आम, जिसे 'एग ऑफ द सन' भी कहा जाता है, को पहली बार राम मंदिर में भगवान राम



को अर्पित किया गया। यह दुर्लभ आम अयोध्या के किसान ओमप्रकाश सिंह ने उगाया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 2.5 लाख से 3 लाख रुपए प्रति किलो बताई जाती है, जबकि एक आम की कीमत करीब 1 लाख रुपए तक पहुंचती है। किसान ने बताया कि उन्होंने करीब दो साल पहले इस जापानी किस्म के पौधे को अयोध्या की जलवायु में परखने के लिए लगाया था।

### उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं जो पेपर लीक में जिम्मेदार

# नीट एग्जाम के लिए टेलीग्राम ब्लॉक करने पर खरगे ने घेरा केंद्र को, फिर मांगा शिक्षा मंत्री का इस्तीफा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नीट एग्जाम परीक्षा से जुड़े विवाद और कथित पेपर लीक प्रकरण को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। खरगे ने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा के पुनर्परीक्षण के दौरान टेलीग्राम को अस्थायी रूप से ब्लॉक करना सरकार की विफलताओं को छिपाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि सरकार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई करने के बजाय सबसे पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की जवाबदेही तय करनी चाहिए। सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपने बयान में खरगे ने कहा कि मोदी सरकार ने नीट परीक्षा के री-एग्जाम के लिए टेलीग्राम को



अस्थायी रूप से बंद कर दिया, लेकिन उन लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की जो कथित तौर पर परीक्षा प्रणाली में भ्रष्टाचार और पेपर लीक के लिए जिम्मेदार हैं।

उन्होंने कहा कि करोड़ों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है और शिक्षा मंत्री को इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए।

### 10 वर्षों में 90 पेपर लीक, 9 करोड़ युवा प्रभावित

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षों में देशभर में लगभग 90 भर्ती एवं प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं, जिससे करीब 9 करोड़ युवाओं को नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार कभी भारतीय वायु सेना की मदद लेती है, कभी टेलीग्राम को ब्लॉक करती है और कभी छोटे आरोपियों को पकड़कर बड़े पेपर लीक नेटवर्क को बचाने की कोशिश करती है, लेकिन मूल समस्या का समाधान नहीं कर पाती। खरगे ने कहा कि बार-बार हो रहे पेपर लीक और परीक्षा घोटालों ने युवाओं का भरोसा सरकारी भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं से उठाना शुरू कर दिया है। उनका आरोप है कि सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए प्रशासनिक कदमों का सहारा ले रही है, जबकि युवाओं को न्याय और पारदर्शिता की जरूरत है।

### युवाओं की आत्महत्याओं का भी उठाया मुद्दा

कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि परीक्षा प्रणाली में लगातार हो रही अनियमितताओं और भविष्य को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के कारण कई युवा मानसिक तनाव का शिकार हुए हैं। कुछ अभ्यर्थियों ने मजबूरी में आत्महत्या जैसा कदम भी उठाया है। इतने गंभीर घटनाक्रम के बावजूद पीएम मोदी ने इस मुद्दे पर पर्याप्त संवेदनशीलता नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि देशभर में लाखों परिवार अपने बच्चों की शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर भारी खर्च करते हैं। कई माता-पिता ऋण लेकर वर्षों तक अपने बच्चों को तैयारी करवाते हैं, लेकिन जब परीक्षा रद्द होती है या पेपर लीक की खबरें सामने आती हैं तो सबसे बड़ा नुकसान इन्हीं युवाओं और उनके परिवारों को उठाना पड़ता है।

### नीट से लेकर यूपीपीएससी तक सवालों के घेरे में

खरगे ने कहा कि नीट, यूजीसी, नेट, एसएससी और सीएयूईटी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं को लेकर लगातार विवाद सामने आते रहे हैं। हाल के वर्षों में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। अब संघ लोक सेवा आयोग जैसी संस्था की परीक्षाएं भी विवादों और आरोपों के घेरे में आ रही हैं, जो चिंताजनक है। जिन संस्थाओं को देश में निष्पक्ष और पारदर्शी चयन प्रक्रिया का प्रतीक माना जाता था, उनकी साख पर भी असर पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### एपीएसईजेड ने कलेरिस के साथ साझेदारी बढ़ाई

**नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने अमेरिकी वैश्विक सॉफ्टवेयर कंपनी केलरिस के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार किया है। साथ ही वह स्वचालन एवं अनुकूलन को गति देने के लिए दो चरणों में 10 करोड़ डॉलर तक का निवेश करेगी। एपीएसईजेड ने मंगलवार को बयान में कहा कि यह 10 करोड़ डॉलर का निवेश वर्ष 2031 तक की उसकी महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रौद्योगिकी और कार्बन-मुक्त पहल में प्रस्तावित 85 करोड़ डॉलर के कुल निवेश का हिस्सा है।

### बैंक ऑफ जापान ने ब्याज दर एक प्रतिशत बढ़ाई

**टोक्यो।** बैंक ऑफ जापान ने कमजोर जापानी येन और बढ़ती कीमतों से उत्पन्न चुनौतियों का हवाला देते हुए अपनी नीतिगत ब्याज दर को मंगलवार को बढ़ाकर एक प्रतिशत कर दिया। केंद्रीय बैंक दशकों तक ब्याज दरों को शून्य या उसके आसपास बनाए रखने के बाद हाल के समय में मौद्रिक नीति को सामान्य बनाने का प्रयास कर रहा है। ईरान में युद्ध के कारण उत्पन्न मुद्रास्फीतिक दबाव जापान पर भारी पड़ा है क्योंकि वह अपनी जरूरत का लगभग पूरा तेल एवं गैस आयात करता है।

### रुपया पांच पैसे मजबूत होकर 94.53 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को लगातार तीसरे सत्र में मजबूत होता हुआ पांच पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.53 (अस्थायी) पर रहा। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका-ईरान संघर्ष में तनाव कम होने और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर हुए कूटनीतिक समझौतों के बाद वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर तत्काल खतरा काफी हद तक घट गया है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# एनएसई ने 11 नए क्षेत्रीय इंडेक्स किए लांच, निफ्टी पावर, रिटेल व हॉस्पिटल्स शामिल

## अब कुल 34 इंडेक्स से अर्थव्यवस्था ट्रैक करना होगा आसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की इंडेक्स सर्विसेज कंपनी एनएसई इंडाइसेज लिमिटेड ने बाजार में 11 नए सेक्टोरल इंडेक्स लांच किए हैं। इस कदम से अब निफ्टी के तहत कुल सेक्टोरल इंडेक्स की संख्या बढ़कर 34 हो गई है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था के अलग-अलग सेक्टर्स को ज्यादा सटीकता से ट्रैक किया जा सकेगा। एनएसई के लांच किए गए ये नए इंडेक्स उन सेक्टर्स को कवर करते हैं, जिन्होंने हाल के सालों में भारतीय बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनाई है। इनमें पावर, कैपिटल गुड्स, टेलीकम्युनिकेशंस, कंस्ट्रक्शन, रिटेल, हेल्थकेयर और फाइनेंशियल सर्विसेज जैसे मुख्य सेक्टर्स शामिल हैं। इस विस्तार से एसेट मैनेजर्स, इंस्टीट्यूशनल इंवेस्टर्स और पैसिव इंवेस्टमेंट प्रोडक्ट्स को बेंचमार्क के लिए ज्यादा विकल्प मिलेंगे।

### सेक्टोरल इंवेस्टिंग का बढ़ रहा क्रेज

यह लांचिंग ऐसे समय में हुई है जब भारत की आर्थिक ग्रोथ से जुड़े थीम्स पर फोकस करने वाले इंवेस्टर्स के बीच सेक्टोरल इंवेस्टिंग (किसी खास सेक्टर में निवेश) को लेकर दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) और इंडेक्स फंड्स जैसे पैसिव प्रोडक्ट्स के जरिए अब ज्यादा से ज्यादा सेक्टर्स निवेश के लिए उपलब्ध हैं। इसी बदलती मांग को पूरा करने के लिए बेंचमार्क प्रोवाइडर्स लगातार अपने प्रोडक्ट्स बढ़ा रहे हैं।




### पैसिव इंवेस्टमेंट को मिलेगी मजबूती

स्टॉक एक्सचेंज का मानना है कि ये नए बेंचमार्क देश में लगातार बढ़ रहे पैसिव इंवेस्टमेंट इकोसिस्टम में एक बड़ा रोल निभा सकते हैं। आमतौर पर सेक्टोरल इंडेक्स ही ईटीएफ, इंडेक्स फंड्स और स्ट्रक्चर्ड प्रोडक्ट्स का आधार बनते हैं। इसकी मदद से इंवेस्टर्स को अलग-अलग कंपनियों के शेयर चुनने की जगह एक खास इंडस्ट्री में सीधे निवेश करने का मौका मिलता है। एसेट मैनेजर्स के लिए ये नए इंडेक्स आने वाले समय में रेफरेंस इंडेक्स के रूप में काम करेंगे।

### इकोनॉमी की ज्यादा सटीक कवरेज

एनएसई इंडाइसेज के मुताबिक, इस नए कदम का उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था की ज्यादा गहरी और सटीक (ग्रैनुलर) कवरेज देना है। कंपनी ने बताया कि इन नए इंडेक्स की मदद से स्थापित और तेजी से उभरते हुए दोनों ही तरह के सेक्टर्स को बेहतर तरीके से पेश किया जा सकेगा, जिससे देश की अर्थव्यवस्था में सेक्टोरल रिप्रजेंटेशन मजबूत होगा।

## भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक मूर्ति ने जारी की रिपोर्ट

# वित्त वर्ष 2024-25 में 13 राज्यों ने दर्ज किया राजस्व अधिशेष, 15 घाटे में : कैग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश, गुजरात, झारखंड, मणिपुर और नौ अन्य राज्यों ने 2024-25 में राजस्व अधिशेष दर्ज किया है, जबकि शेष 15 राज्यों को राजस्व घाटे का सामना करना पड़ा। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के. संजय मूर्ति द्वारा मंगलवार को जारी 'राज्य वित्त 2024-25' रिपोर्ट के अनुसार, 18 राज्यों ने राजस्व अधिशेष, तीन राज्यों ने राजस्व घाटे और सात राज्यों ने शून्य राजस्व घाटे का लक्ष्य रखा था।

■ उप्र, गुजरात, झारखंड, मणिपुर सहित नौ ने अधिशेष दर्ज किया

रिपोर्ट में कहा गया कि 2024-25 में 15 राज्य राजस्व घाटे में रहे जबकि 13 राज्य राजस्व अधिशेष में थे। राजस्व अधिशेष का लक्ष्य रखने वाले 18 राज्यों में से नौ ने इसे हासिल किया। वहीं असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मिजोरम और तेलंगाना राजस्व घाटे में रहे। सात राज्यों.... गोवा, झारखंड, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश ने शून्य राजस्व घाटे का लक्ष्य रखा था।



### राजस्थान, तमिलनाडु वर्ष के अंत में राजस्व घाटे में रहे

इनमें से गोवा, झारखंड, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश ने राजस्व अधिशेष हासिल किया जबकि पंजाब, राजस्थान और तमिलनाडु वर्ष के अंत में राजस्व घाटे में रहे। इसके अलावा 15 राज्य 2024-25 में राजस्व घाटे में रहे। वहीं हिमाचल प्रदेश, मिजोरम, पंजाब और पश्चिम बंगाल को वित्त आयोग से राजस्व घाटा अनुदान प्राप्त हुआ।

### 15 घाटे वाले राज्यों का राजस्व घाटा 3,46,385 करोड़ रहा

रिपोर्ट में कहा गया कि यदि वित्त आयोग द्वारा 2024-25 के लिए राज्यों के लिए निर्धारित सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के तीन प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को देखें, तो 18 राज्य इस लक्ष्य से ऊपर रहे। वहीं 15 घाटे वाले राज्यों का कुल राजस्व घाटा 3,46,385 करोड़ रुपये रहा, जो उनके संयुक्त जीएसडीपी का 1.5 प्रतिशत था।

### शुद्ध राजस्व घाटा 2,19,041 करोड़ रहा

सभी 28 राज्यों के समायोजन के बाद शुद्ध राजस्व घाटा 2,19,041 करोड़ रुपये रहा, जो संयुक्त जीएसडीपी का 0.68 प्रतिशत है। मूर्ति ने कहा, '' मुझे उम्मीद है कि यह रिपोर्ट सरकारों, शोधकर्ताओं, नीति-निर्माताओं और नागरिकों के लिए तथ्यों पर आधारित एक उपयोगी संसाधन साबित होगी। इससे राज्यों की वित्तीय स्थिति को बेहतर ढंग से समझने और सही जानकारी के आधार पर वित्तीय फैसले लेने में मदद मिलेगी।''

### राज्यों की अपनी कर आय का महत्व बढ़ा

रिपोर्ट में बताया गया कि राज्यों की अपनी कर आय का महत्व बढ़ा है, जो 2024-25 में 40.52 लाख करोड़ रुपये के कुल राजस्व का 50 प्रतिशत रही। राज्य जीएसटी, राज्यों की अपनी कर आय का 43 प्रतिशत से अधिक रहा। सभी राज्यों का संयुक्त बजट व्यय 2024-25 में 51.20 लाख करोड़ रुपये रहा, जो उनके संयुक्त जीएसडीपी का 15.78 प्रतिशत है। दशकीय प्रवृत्ति के अनुसार वेतन, पेंशन और ब्याज भुगतान राजस्व व्यय का बड़ा हिस्सा बने हुए हैं।

### 28 राज्यों का राजस्व व्यय 43 फीसदी बढ़ा

वित्त वर्ष 2024-25 में 28 राज्यों के राजस्व व्यय का 43 प्रतिशत से अधिक इन्हीं मदों पर खर्च हुआ, जिसमें नगालैंड में 74 प्रतिशत और महाराष्ट्र में 29 प्रतिशत का अंतर देखा गया। राज्यों की कुल देनदारियां 31 मार्च, 2025 तक 90.51 लाख करोड़ रुपये थीं। सभी 28 राज्यों में राजकोषीय घाटा दर्ज किया गया।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 544 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। सेंसेक्स 544 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 135 अंक की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 544.15 अंक चढ़कर 76,808.48 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 582.41 अंक चढ़कर 76,846.74 अंक तक पहुंच गया था। वहीं निफ्टी 135.25 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,989.15 अंक पर बंद हुआ। यह घरेलू बाजारों में तेजी का लगातार तीसरा दिन रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 2,975.93 अंक यानी चार प्रतिशत की बढ़त हुई है जबकि निफ्टी 827.55 अंक यानी 3.57 प्रतिशत चढ़ गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के शुद्ध खरीदार बनने से भी कारोबारी धारणा को समर्थन मिला।

### अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रसेवा का संगम: रावलवास में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-178 का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** द रॉयल सैनिक विद्यापीठ, रावलवास में 3 हरियाणा बटालियन एनसीसी, हिसार द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-178 का शुभारंभ हुआ। 16 जून से 25 जून तक आयोजित होने वाले इस 10 दिवसीय शिविर में लगभग 600 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। शिविर का संचालन कैम्प कमांडेंट कर्नल सुनील कटारिया एवं डिप्टी कैम्प कमांडेंट कर्नल किशन दत्त के नेतृत्व में किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास तथा राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करना है। शिविर के दौरान कैडेट्स को ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, फायरिंग, फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट, डिजास्टर मैनेजमेंट, योग, शारीरिक दक्षता, व्यक्तित्व विकास तथा नेतृत्व कौशल से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

# दिल्ली में सोना 200 रुपये सस्ता हुआ, घरेलू मांग कम होने के बीच चांदी स्थिर



**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतों में मामूली गिरावट आई और यह 200 रुपये सस्ता हो गया, जबकि घरेलू मांग कम होने के कारण चांदी की कीमतें अपरिवर्तित बनी रहीं। बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के 1,59,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के बंद भाव से 200 रुपये टूटकर 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। हालांकि, चांदी की कीमत 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। विश्लेषकों ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव कम होने से घरेलू शेयर बाजारों में धारणा मजबूत हुई और रुपये को समर्थन मिला, जिससे निवेशक कीमती धातुओं से दूरी बनाने लगे। हालांकि, वैश्विक स्तर पर मजबूत रुझानों ने स्थानीय बाजारों में गिरावट को सीमित कर दिया, क्योंकि ऊर्जा-जनित महंगाई को लेकर चिंताएं कम होने से विदेशी बाजारों में सर्राफा कीमतों में बढ़त हुई। वैश्विक बाजारों में, हाजिर सोना और चांदी की कीमतें क्रमशः लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 4,344.36 डॉलर और 70.43 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थीं। मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''तेल की कम कीमतों से हाजिर सोने को फायदा मिल रहा है। मंगलवार को तेल की कीमतें नए निचले स्तर पर आ गईं, क्योंकि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से अमेरिका-ईरान समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत 16 जून से नए मार्ग से रवाना

**जम्मू।** यात्रियों को तेज और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे, जम्मू मंडल द्वारा ट्रेन संख्या 26406/26405 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - अमृतसर - श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस को 16 जून को रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह द्वारा अमृतसर स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके उपरांत ट्रेन बटाला और गुरदासपुर होते हुए नए मार्ग पर सफलतापूर्वक संचालित हुई। नए मार्ग से ट्रेन अब जालंधर सिटी के स्थान पर बटाला व गुरदासपुर होकर चलेगी। इससे यात्रा समय में लगभग 40 मिनट की बचत होगी और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों के यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। समय-सारणी पर बात करें, तो ट्रेन संख्या 26406 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - अमृतसर यह ट्रेन सुबह 06.40 बजे श्री माता वैष्णोदेवी कटरा से चलेगी और दोपहर में 12.20 बजे अमृतसर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 26405 अमृतसर - श्री माता वैष्णो देवी कटरा ट्रेन अमृतसर से 16.25 पर रवाना होकर, रात में 22 बजे श्री माता वैष्णोदेवी कटरा पहुंचेगी। इस ट्रेन के मार्ग परिवर्तित होने से स्थानीय लोगों को भरपूर लाभ मिलेगा, जैसे कि, समय की बचत जिसमें नए मार्ग से कटरा-अमृतसर की यात्रा अब लगभग 40 मिनट तेज हो गई है। नई कनेक्टिविटी के तहत बटाला, गुरदासपुर और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को अब वंदे भारत की सीधी सुविधा मिलेगी।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C./84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **राज कुमार, पुत्रः** राम परवेश **पताः** मकान नंबर एस–26, इंद्र कल्याण कैंप, ब्लॉक बी, भाग IV, गौतमपुरी, बदरपुर, नई दिल्ली, ने **FIR No. 476/2022 U/s 33 DEA थानाः बदरपुर, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज कुमार** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 476/2022 U/s 33 DEA थानाः बदरपुर, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद जोशी
एसीजेएम, कमरा नंबर 515
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/8077/SE/2026
(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि

**कुंभ** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** — शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# गूगल ने टेलीग्राम ऐप को प्ले स्टोर से हटाया




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गूगल ने संदेश ऐप टेलीग्राम को प्ले स्टोर से हटा दिया और सरकार के आदेश का पालन करते हुए एप्पल भी जल्द ऐसा कर सकती है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सरकार ने आगामी नीट परीक्षा में पेपर लीक की आशंका को रोकने के लिए गूगल और एप्पल को टेलीग्राम ऐप को अस्थायी रूप से ऐप स्टोर से हटाने का आदेश दिया है। एक सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, '' सरकार ने गूगल और एप्पल से ऐप को अस्थायी रूप से हटाने को कहा है। गूगल ने इसे हटा दिया है, एप्पल भी ऐसा करेगी।'' जांच के दौरान गूगल प्ले स्टोर पर यह संदेश दिखाई दिया कि ऐप उपलब्ध नहीं है। इस मामले में गूगल, एप्पल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से पूछे गए सवालों पर कोई तत्काल प्रतिक्रिया नहीं मिली। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की सिफारिशों पर कार्रवाई करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत आदेश जारी किया है। इसके तहत भारत में टेलीग्राम मंच की पहुंच को एक निर्धारित और सीमित अवधि तक (22 जून, 2026 तक) प्रतिबंधित किया गया है। यह अवधि नीट (स्नातक) 2026 पुनर्परीक्षा के दिन और उसके तुरंत बाद तक लागू रहेगी।

# भारत में 2031 तक 5जी ग्राहकों की संख्या 1.1 अरब पहुंचेगी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में 2031 के अंत तक 5जी ग्राहकों की संख्या 1.1 अरब को पार कर सकती है, जो कुल कनेक्शन का 81 प्रतिशत होगी। स्वीडन की दूरसंचार उपकरण बनाने वाली कंपनी एरिक्सन की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के अंत तक 5जी ग्राहकों की संख्या 43 करोड़ तक पहुंच गई थी और कुल मोबाइल कनेक्शन में इनकी हिस्सेदारी 35 प्रतिशत थी। 'एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट' के अनुसार, भारत प्रति स्मार्टफोन मोबाइल डेटा खपत के मामले में भी वैश्विक स्तर पर अग्रणी बना हुआ है। औसत मासिक उपयोग 37 जीबी है जिसके 2031 तक लगभग दोगुना होकर 70 जीबी तक पहुंचने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 5जी को अपनाने की रफ्तार जारी है, जिसे किफायती 5जी स्मार्टफोन और उपकरणों की उपलब्धता, लगभग सभी जिलों में विस्तारित नेटवर्क दायरे और 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) सेवाओं के बढ़ते विस्तार से बल मिल रहा है। इसमें कहा गया कि 46 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ 4जी अब भी प्रमुख प्रौद्योगिकी बनी हुई है। हालांकि, उपयोगकर्ताओं के 5जी की ओर रुख के कारण 2025 में इसके ग्राहकों के लगभग 57 करोड़ से घटकर 2031 तक करीब 16 करोड़ रह जाने का अनुमान है।

## इनविट ने यूनिट धारकों को 22,800 करोड़ किए वितरित

**नई दिल्ली।** अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) ने वित्त वर्ष 2025-26 में यूनिटधारकों को करीब 22,800 करोड़ रुपये का वितरण किया। भारत इनविट एसोसिएशन (बीआईए) ने मंगलवार को जारी बयान में कहा, 'वित्त वर्ष 2025-26 में इनविट ने 22,769 करोड़ रुपये का वितरण किया जिससे स्थापना के बाद से कुल वितरण 91,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।' इसके दौरान इनके प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) भी 2024-25 के 6.3 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 7.1 लाख करोड़ रुपये हो गईं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **छगना देवी उर्फ रजनी पत्नी धर्म सिंह निवासी झुग्गी नंबर डी–709, टी हट्स, के–ब्लॉक, जहांगीरपुरी दिल्ली** ने **FIR No. 11/2020 U/S 33 Delhi Excise Act, अन्तर्गत थाना जहांगीरपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **छगना देवी उर्फ रजनी** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **छगना देवी उर्फ रजनी** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रही है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 11/2020 U/S 33 Delhi Excise Act, अन्तर्गत थाना जहांगीरपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **छगना देवी उर्फ रजनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री साहिल गुप्ता
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम कक्षा-06
उत्तरी जिला, कोर्ट नंबर 06, पहली मंजिल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/7760/NW/2026(Court Matter)

## शब्द पहेली - 6259



**बाएँसेदाए±**
1. कार्य,काम-2
2. अग्नि,अनल-2
3. संग,संगत-2
4. मदिरा,शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार,सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया,परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी,चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा,सरल-2
19. वीर,बहादुर-2
20. दलदल,गाद-3
21. तांत,टेलीग्राम -2
22. वंश,खानदान-2
23. नशा,नशापानी-3
24. चिट्ठी,पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण,दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर,तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर,मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव,पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स,हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1. समय,वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर,सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक,द्वारयंत्र-2
7. धाय,नर्स,दाई-2
8. अवरोध,रुकावट-3
9. मगन,मग्न-2
10. सप्त,सप्तम-2
11. लक्ष्मी,रमा-3
12. मौज,मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन,रगस-3
15. गमन,जाना-2
16. पुनः,वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य,दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल,गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

**शब्द पहेली -6258 का हल**





# 23 सेकंड में लुकाकू ने बदला मैच का रुख



■ ग्रुप जी : मिस्र ने बेल्जियम को ड्रॉ पर रोका
■ फैंस ने खड़े होकर किया स्वागत

एजेंसी ▶▶| सिएटल

बेल्जियम के स्टार खिलाड़ी केविन डी ब्रुइन और रोमेलु लुकाकू को गोल करने की कुछ बेहतरीन मौके मिले लेकिन वे इनका फायदा नहीं उठा पाए, जिसके कारण बेल्जियम को मिस्र के खिलाफ विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप जी का मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। लुकाकू ने दूसरे हाफ में जब स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा तो बेल्जियम के प्रशंसकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। उन्हें अपना जलवा दिखाने के लिए केवल 23 सेकंड का समय लगा क्योंकि उन्होंने बेल्जियम की तरफ से बराबरी का गोल करने में अहम भूमिका निभाई। मिस्र ने 66,775 दर्शकों की मौजूदगी में ग्रुप जी के इस मैच में शुरुआती बढ़त हासिल की। उसकी तरफ से इमाम अशूर ने 19वें मिनट में गोल किया, जो उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था।

# ईरान ने की पिछड़ने के बाद वापसी, न्यूजीलैंड से खेला ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| इंगलवुड

ईरान ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप जी का अपना मैच 2-2 से ड्रॉ खेला। ईरानी खिलाड़ियों ने अपना जोश और जज्बा बनाए रखा तथा 64वें मिनट में मोहम्मद मोहेबी के गोल से बराबरी हासिल की। न्यूजीलैंड के लिए एलिजा जस्ट (सातवें और 54वें मिनट) ने दोनों हाफ की शुरुआत में गोल किए, लेकिन ईरान ने दो गोल करके ऑल व्हाइट्स (न्यूजीलैंड की टीम) को विश्व कप इतिहास में अपनी पहली जीत से वंचित रखा। रामिन रेजाइयन ने 32वें मिनट में ईरान की तरफ से पहला गोल किया। उन्होंने इसके बाद मोहेबी के गोल में मदद की। न्यूजीलैंड ने सातवें मिनट में दर्शकों को उस समय चौंका दिया जब कप्तान क्रिस वुड ने गोल किक को रोककर गेंद को जस्ट की ओर धकेल दिया, जिन्होंने कई रक्षकों के बीच से खूबसूरत गोल किया। ईरान ने 32वें मिनट में बराबरी कर ली जब रेजाइयन ने गोल दागा। जस्ट ने 54वें मिनट में



वुड की मदद से फिर गोल किया। वुड ने जस्ट को शानदार पास दिया, जिस पर उन्होंने गोल करने में कोई गलती नहीं की। लेकिन 64वें मिनट में ईरान ने फिर से बराबरी कर ली जब रेजाइयन के लंबे पास पर मोहेबी ने गोल दागा। इसके बाद दोनों टीमों को गोल करने के मौके मिले, लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा पाईं।

## खिताब के बचाव के लिए उतरेगा अर्जेंटीना, आज अल्जीरिया से मुकाबला

**कनसास सिटी।** अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कैलोनी जानते हैं कि विश्व कप का फैसला टूर्नामेंट के पहले मैच में नहीं होगा। उनकी टीम ने चार साल पहले यह साबित कर दिया था। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना 2022 में कतर में सऊदी अरब से मिली हार की तरह ही शुरुआत करना चाहता है। अर्जेंटीना ने तब पहला मैच गंवाने के बाद शानदार वापसी की थी। उसने ग्रुप चरण के अपने बाकी बचे दो मैच में पोलैंड और मैक्सिको को हराया, क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में पराजित किया और आखिर में एक और पेनल्टी शूटआउट में फ्रांस को हराकर अपना तीसरा विश्व खिताब जीता। अर्जेंटीना के अल्जीरिया के खिलाफ 2026 विश्व कप के पहले मैच से एक दिन पहले स्कैलोनी ने कहा, 'हमें पिछले विश्व कप का अनुभव है, इसलिए यह पहला मैच निर्णायक नहीं है। मेरा मतलब है, यह महत्वपूर्ण है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पहला मैच ही सब कुछ है।' विश्व कप के इतिहास में अभी तक केवल दो देश ही अपने खिताब का बचाव कर पाए हैं। इटली ने 1938 में और ब्राजील ने 1962 में यह कारनामा किया था। इसका मतलब है कि पिछले 64 साल से कोई भी टीम अपना खिताब नहीं बचा पाई है तथा अर्जेंटीना और उसके स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के लिए यह बड़ी चुनौती होगी। अर्जेंटीना हालांकि इतिहास में अपना नाम दर्ज करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्कैलोनी ने कहा, 'हम आश्वस्त और आत्मविश्वास से भरे हैं। हम यहां हैं और यह हमारे लिए बहुत अच्छा समय है।'

## वर्ल्ड कप डेब्यू पर चमके सरप्रीत सिंह

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के मिडफील्डर सरप्रीत सिंह भारतीय मूल के पहले ऐसे फुटबॉलर बन गए हैं, जिन्होंने विश्व कप के मैच में शुरुआती एकादश में जगह बनाई। सरप्रीत ईरान के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ रहे मैच में न्यूजीलैंड की शुरुआती एकादश में शामिल थे। ऑकलैंड में पंजाबी माता-पिता के घर जन्मे 27 वर्षीय सरप्रीत ने इस मैच से विश्व कप में पदार्पण किया और अपने प्रदर्शन से प्रभावित भी किया। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच डैरेन बेज़ले ने उन्हें शुरुआती एकादश में शामिल किया और उन्होंने लगभग पूरा मैच खेला। उनकी जगह 90वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी ने ली थी। दस नंबर की जर्सी पहने सरप्रीत ने ईरान के गोल पर तीन शॉट लगाए, लेकिन वह ईरान के गोलकीपर को चकमा नहीं दे पाए।



## उरुग्वे ने बनाया दबदबा, सऊदी अरब को ड्रॉ पर रोका

**मियामी गार्डन्स।** सऊदी अरब ने गेंद पर कम नियंत्रण बनाए रखने के बावजूद बढ़त हासिल की और आखिर में उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप फुटबॉल का मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। सऊदी अरब के लिए अब्दुलेलह अल अमरी ने 41वें मिनट में रिबाउंड पर गोल किया, जबकि उरुग्वे के मैक्सी अराउजो ने 80वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। उरुग्वे ने दूसरे हाफ में अधिकतर समय दबदबा बनाए रखा लेकिन सऊदी अरब की रक्षा पंक्ति के खिलाड़ियों ने अच्छे बचाव किए। आखिर में मैक्सी ने गोलकीपर मोहम्मद अल-ओवैस को चकमा देते हुए गोल दागा।

### उरुग्वे ने किए गोल करने 28 प्रयास

उरुग्वे की टीम ने गेंद पर अधिक नियंत्रण बनाए रखा। उसने सऊदी अरब के सात के मुकाबले गोल करने के 28 प्रयास किए। मैक्सी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपना चौथा गोल किया। अल अमरी ने सऊदी अरब को बढ़त दिलाकर उरुग्वे के प्रशंसकों को सन्न कर दिया था। उनके शॉट को पहले उरुग्वे के फर्नांडो मुस्लेरा ने गोल में नहीं जाने दिया था। मुस्लेरा हालांकि गेंद पर नियंत्रण नहीं बनाए रख पाए अल अमरी ने फुर्ती दिखाते हुए गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। अल अमरी गोल करने के बाद घुटनों के बल बैठ गए और उन्होंने अपना सिर जमीन पर टिका दिया। उनके इस प्रयास से सऊदी अरब के प्रशंसक झूमने लगे थे।



## खबर संक्षेप



### एशियाई स्क्वाशः अभय-सेंथिल को मिली शीर्ष वरीयता

**चेन्नई।** अभय सिंह और वेलावान सेंथिलकुमार मलेशिया में गुरुवार से शुरू हो रही तीसरी एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में उतरेंगे तो उनकी नजरें अपना दबदबा कायम रखने पर होंगी । गत चैंपियन भारतीय जोड़ी को पूल ए में शीर्ष वरीयता मिली है जबकि राहुल बैथा और सूरज कुमार को आठवीं वरीयता मिली है, जो पूल बी में हैं। पिछले साल अभय ने अनाहत सिंह के साथ मिश्रित खिताब भी जीता था। अनाहत ने जोशना चिनप्पा के साथ महिला युगल खिताब भी अपने नाम किया था। अनाहत इस सप्ताह मलेशिया में नहीं खेल रही है क्योंकि वह अगले महीने कनाडा में होने वाली विश्व जूनियर चैंपियनशिप की तैयारी में व्यस्त है। जोशना और रथिका सीलान को दूसरी वरीयता मिली है जबकि जनत विधि और पूजा अरथी को सातवीं वरीयता दी गई है। जोशना और सेंथिल कुमार मिश्रित युगल खेलेंगे।

### भारत ए टीम में शामिल हुए अशोक शर्मा

**दांबुला।** तेज गेंदबाज अशोक शर्मा को श्रीलंका में चल रही त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए चोटिल युद्धवीर सिंह की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है। अशोक ने आईपीएल में गुजरात टाइटन्स की तरफ से खेलते हुए अपनी तेज गति से सभी को प्रभावित किया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने कहा, 'युद्धवीर सिंह ने 13 जून को गेंदबाजी करते समय दाहिने कंधे में तकलीफ की शिकायत की थी और 11 जून को अभ्यास सत्र के दौरान भी उन्हें इसी तरह का दर्द महसूस हुआ था। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने एक विशेषज्ञ से परामर्श करने के बाद सिफारिश की है कि युद्धवीर को चोट से पूरी तरह से उबरने के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैबिलिटेशन से गुजरना चाहिए।'



# सीरीज में अजेय बढ़त के साथ टीम इंडिया करेगी नए प्रयोग

### आज दोपहर 1.30 बजे से अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरा वनडे

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

भारतीय टीम प्रबंधन अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संयोजनों को आजमाना चाहता है और इसलिए अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कुलदीप यादव और यशस्वी जायसवाल को खेलने का मौका मिल सकता है।

भारत ने धर्मशाला में बारिश से प्रभावित मैच में आसान जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना रखी है और दूसरे मैच में जीत हासिल करने पर उसे अजेय बढ़त मिल जाएगी। भारतीय टीम हालांकि इससे कहीं आगे की सोच रही है। भारत को विश्व कप पहले से पहले लगभग दो दर्जन मैच खेलने हैं और टीम प्रबंधन पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह विभिन्न संयोजनों को



आजमाएगा। अफगानिस्तान के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला इस दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है।

### हमारा सारा ध्यान अलग अलग संयोजन पर : गिल

*कप्तान शुभमन गिल ने पहले मैच से पहले कहा, 'हमारा सारा ध्यान अलग-अलग संयोजन आजमाने और यह देखने पर है कि हमारे लिए वास्तव में क्या कारगर साबित होगा।' कुलदीप की हाल की फॉर्म अच्छी नहीं रही है लेकिन उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें मौका दिया जा सकता है क्योंकि वह बीच के ओवरों में खेल पर नियंत्रण बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। बाएं हाथ का यह स्पिनर दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में नियमित रूप से खेला, लेकिन उसके बाद से उनके फॉर्म में गिरावट आई है। कुलदीप आईपीएल में भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे तथा अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में भी उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जहां वे लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते दिखे।*

## मकाऊ ओपन : मुख्य ड्रॉ में रौनक ने बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मकाऊ

भारत के रौनक चौहान ने क्वालीफिकेशन मैच के बीच से म्यांमार के अपने प्रतिद्वंद्वी हेन टुट के चोटिल होने के कारण हटने पर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। दोनों खिलाड़ियों ने एक-एक गेम जीता, जिसके बाद जब चौहान 14-21, 21-15, 19-17 से आगे चल रहे थे तो टुट ने मैच से हटने का फैसला किया। चौहान बुधवार को मुख्य ड्रॉ के पहले



दौर में दुनिया के 133वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के झी यिंग वू से भिड़ेंगे। भारत के अलाप मिश्रा को इससे पहले टुट के खिलाफ 18-21, 18-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी लेकिन म्यांमार का यह खिलाड़ी चौहान के खिलाफ रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर हो गया। महिला युगल में अश्विनी भट और शिखा गौतम को क्वालीफिकेशन मैच में अमालिया प्रातिव और सिति फादिया रमाधांती की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ 10-21, 8-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

# महिला टी20 विश्व कप : टीम इंडिया की नीदरलैंड से भिड़ंत आज, लय बरकरार रखना भारत का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| लीड्स

पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में शानदार जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम बुधवार को नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले महिला टी20 विश्व कप के अपने दूसरे ग्रुप मैच में बल्लेबाजी में और बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में स्मृति मंधाना ने शीर्ष क्रम में और ऋचा घोष ने निचले क्रम में अच्छी बल्लेबाजी की थी, जिससे भारत 64 रन से जीत हासिल करने में सफल रहा था। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित



मैच शाम 7 बजे से

बाकी बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। भारती फुलमाली मध्य क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, लेकिन पहले मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाई थी।

### स्पिनरों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

भारत को नीदरलैंड से किसी तरह की खास चुनौती मिलने की संभावना नहीं है लेकिन उसे सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए लीग चरण में ऑस्ट्रेलिया या दक्षिण अफ्रीका में से किसी एक को हराना होगा। पाकिस्तान के खिलाफ शुरू में फील्डिंग अच्छी नहीं थी, लेकिन पारी आगे बढ़ने के साथ भारतीय खिलाड़ियों ने कुछ अच्छे कैच लिए। गेंदबाजी विभाग में तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ कोई खास कमाल नहीं दिखा पाईं। लेकिन स्पिनरों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। दीप्ति शर्मा और श्री चरणी की स्पिन जोड़ी ने मिलकर आठ विकेट लिए। दीप्ति शर्मा ने चार ओवर में केवल 10 रन देकर पांच विकेट लिए और फॉर्म में वापसी की।

## 19 से एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप, टीम घोषित

**नई दिल्ली।** ओलंपियन सीए भवानी देवी 19 से 24 जून तक होने वाली सीनियर एशियाई तलवारबाजी चैंपियनशिप में भारत की 24 सदस्यीय टीम का हिस्सा होंगी। भारतीय टीम में 12 पुरुष और 12 महिला खिलाड़ी हैं। चैंपियनशिप में 30 से अधिक देशों के 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे और यह जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका होगा। भवानी देवी ने कहा,' इतने बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी करना भारतीय तलवारबाजी के लिए काफी महत्वपूर्ण है। घरेलू दर्शकों के सामने खेलना फख्र की बात है और इससे खेल की लोकप्रियता भी बढेगी।' प्रतिस्पर्धा फॉइल, एपी और साबरे श्रेणियों में खेली जाएगी।



## टाइम पत्रिका

# 100 सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों में स्मृति

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना को टाइम पत्रिका ने इस वर्ष खेल जगत के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में शामिल किया है। वह इस सूची में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय हैं। टाइम पत्रिका की 2026 की खेल जगत के 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची में ऐसे खिलाड़ी, कोच, समर्थक और निवेशक शामिल हैं, जिन्होंने खेलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस सूची में अमेरिकी बास्केटबॉल के दिग्गज लेब्रॉन जेम्स, फुटबॉल स्टार लियोनेल मेस्सी, क्रिस्टियानो रोनाल्डो, चीनी-अमेरिकी स्कीयर एलीन गु, टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज, बास्केटबॉल खिलाड़ी विक्टर वेम्बन्यामा, दिग्गज गोल्फर रोरी मैकलॉय, दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट कप्तान तेम्बा बावुमा जैसे खेल जगत के सुपरस्टार शामिल हैं। भारतीय महिला राष्ट्रीय टीम की उप-कप्तान 29 वर्षीय मंधाना इस विशिष्ट क्लब का हिस्सा हैं। टाइम पत्रिका में मंधाना के बारे में कहा गया है, 'मंधाना घरेलू एकदिवसीय मैच में दोहरा शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं, वह तीनों अंतरराष्ट्रीय प्रारुपों में



शतक बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं और 17 शतकों के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट में सबसे अधिक शतक की संयुक्त रिकॉर्ड धारक हैं।'

### लगातार दूसरी जीत से टीम इंडिया के हुए छह अंक

# नेशंस कप : भारत की सेमीफाइनल में एंट्री, जापान को हराया

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

कप्तान सलीमा टेटे और लालरेम्सियामी के गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने जापान को 2-1 से हराकर एफआईएच नेशंस कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

यह टूर्नामेंट में भारत की दूसरी जीत थी। उसने अपने पहले मैच में अमेरिका को हराया था। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम अगले सत्र में एफआईएच प्रो लीग में खेलेगी। भारत पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। भारत के लगातार दूसरी जीत से छह अंक हो गए हैं और उसने अंतिम चार में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है।



### कप्तान सलीमा ने 33वें मिनट में दागा गोल

भारत ने तीसरे क्वार्टर में स्कोरिंग की शुरुआत की, जब फॉरवर्ड खिलाड़ियों के लगातार दबाव बनाने के बाद सलीमा टेटे ने 33वें मिनट में गोल दागा। भारत की बढ़त हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रही और जापान ने इसके दो मिनट बाद ही ऐ हिरमित्सु के गोल से स्कोर बराबर कर दिया। लालरेम्सियामी ने हालांकि 49वें मिनट में गोल दागा, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। जापान ने अंतिम क्षणों में आक्रामक खेल दिखाया लेकिन भारत ने उसके हमलों को नाकाम करते हुए जीत हासिल की।

### मिडफील्डर ज्योति ने खेला 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच

यह मैच मिडफील्डर ज्योति के लिए भी एक यादगार अवसर था, जिन्होंने सीनियर स्तर पर अपना 100वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। पहले हाफ में काफी करीबी मुकाबला रहा, जिसमें दोनों टीमों ने मौके बनाए लेकिन मध्यांतर से पहले कोई भी गोल करने में असफल रही। तीसरे क्वार्टर में खेल में तब जान आ गई जब भारत ने 33वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बढ़त हासिल की। निक्की प्रधान ने नवनीत कौर के शॉट को बड़ी कुशलता से सलीमा की ओर मोड़ दिया, जिन्होंने सहजता से गेंद को गोल में डाल दिया। जापान ने तुरंत ही पलटवार किया और 35वें मिनट में हिरमित्सु ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया।




# फ्रांस में हुई भारत-कनाडा के प्रधानमंत्रियों के बीच मुलाकात द्विपक्षीय सहयोग से लेकर ऊर्जा, व्यापार के मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

खालिस्तानी चरमपंथियों के ओटावा में गाहे-बगाहे होने वाले भारत विरोधी प्रदर्शनों के बीच मंगलवार को फ्रांस के एवियन में जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कनाडा के अपने समकक्ष और प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ एक अहम द्विपक्षीय बैठक हुई है।

जिसमें दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने भारत, कनाडा के बीच जारी द्विपक्षीय सहयोग में हुई सराहनीय प्रगति की समीक्षा की। इसके अलावा व्यापार, ऊर्जा, नवाचार, शिक्षा और दोनों देशों की आम जनता के बीच आदान-प्रदान पर आधारित एक मजबूत साझेदारी बनाने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया है।

**मौजूदा साल में दोनों नेताओं के बीच हुई यह दूसरी प्रत्यक्ष मुलाकात है**



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। मौजूदा साल में दोनों नेताओं के बीच हुई यह दूसरी प्रत्यक्ष मुलाकात है। इससे पहले कनाडा के प्रधानमंत्री ने 2026 के मध्य में भारत की यात्रा की थी और उस दौरान भी दोनों नेताओं के बीच राजधानी के हैदराबाद हाउस में एक द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई थी।

# दुनिया को एकजुटता- समानता पर आधारित साझेदारियों की ओर बढ़ना चाहिए: पीएम मोदी

**फ्रांस के एवियन में जी-7 सम्मेलन के एक आउटरीच सत्र को संबोधित करते हुए बोले पीएम**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के कई भागों में चल रहे युद्ध के संकटकाल में मंगलवार को फ्रांस के एवियन शहर में जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन की शुरुआत हुई। जिसमें भारत का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने खासतौर पर वैश्विक चुनौतियों के मद्देनजर कहा कि परस्पर रूप से एक तेजी से जुड़े हुए विश्व में अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के निर्माण में विश्वास बेहद महत्वपूर्ण है। आज पूरी दुनिया को दानदाता-लाभार्थी से आगे बढ़कर एकजुटता और समानता पर आधारित साझेदारियों की ओर आगे बढ़ना चाहिए। इस सत्र का विषय, 'नई साझेदारियों की जड़ें जमाना और वैश्विक एकजुटता का पुनर्निर्माण' था। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए दी है। जिसमें उन्होंने पीएम मोदी के संबोधन से जुड़ी हुई कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं।



### सतत विकास को लेकर जताई प्रतिबद्धता

उन्होंने सत्र में शामिल जी-7 समूह देशों और दुनियाभर के संगठनों के दिग्गज नेताओं के समक्ष भारत के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत सतत और समावेशी वैश्विक विकास को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ता के साथ प्रतिबद्ध बना रहेगा।

### वसुधैव कुटुंबकम में भारत का विश्वास

पीएम ने यह भी कहा कि भारत ने हमेशा से ही मानवता सबसे पहले दृष्टिकोण का पालन किया है। अंतरराष्ट्रीय सोलर अलायंस, आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन (सीडीआरआई), ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस, मिशन लाइफ और एक पेड़ मां के नाम जैसी भारत के नेतृत्व वाली अंतरराष्ट्रीय पहल के माध्यम से इसकी साफ तौर पर झलक देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि भारत की सोच उसके वसुधैव कुटुंबकम के शाश्वत दर्शन यानी पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में मानने पर आधारित है।

## खबर संक्षेप

### बचाए गए 21 चालक दल से मिले भारतीय राजदूत

**दुबई।** ओमान में भारत के राजदूत प्रशांत पिसे ने अमेरिकी हमले का शिकार हुए तेल टैंकर एमटी सेतेबेलो से सुरक्षित बचाए गए चालक दल के 21 भारतीय सदस्यों की स्वदेश वापसी से पहले मंगलवार को उनसे मुलाकात की।



अमेरिका ने 10 जून को पलाऊ के ध्वज वाले तेल टैंकर एमटी सेतेबेलो पर हमला किया था, जिसमें सवार 24 भारतीय नाविकों में से तीन की मौत हो गई थी। ओमान स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमले के समय एमटी सेतेबेलो ओमान के तट से लगभग 30 समुद्री मील की दूरी पर था।

### हेमकुंड साहिब से लौट रहे निहंगों ने किया हमला

**देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली जिले के कर्णप्रयाग का एक हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें स्थानीय लोग और श्रद्धालुओं के बीच मारपीट हो रही है।



इस हिंसक झड़प में तलवारबाजी भी हुई है। तलवारबाजी में चार स्थानीय लोग घायल हो गए। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने चौकी परिसर सहित बद्रीनाथ हाईवे जाम कर दिया। इसके अलावा कुछ लोगों ने पंचपुलिया भी जाम कर दी। गौचर में यात्रा को रोक दिया गया है। इलाके में तनाव का माहौल है।

### चीन में भूकंप, मचा हड़कंप, घर से भागे



**बीजिंग।** चीन का किंगहाई प्रांत मंगलवार को तेज भूकंप के झटकों से दहल उठा। डरे लोग घर से निकल पड़े। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.3 मापी गई है। इस शक्तिशाली झटके के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। लोग डर के मारे अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र हैक्सी प्रान्त में था। चीनी प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव दल को अलर्ट मोड पर डाल दिया है। स्थानीय आपदा प्रबंधन और चीनी मीडिया के हवाले से बेहद चौंकाने वाले आंकड़े सामने आ रहे हैं।

**सुरक्षा परिषद सुधारों को लेकर हुई अंतर-सरकारी वार्ता में भारत के राजदूत की दो टूक टिप्पणी**

# केवल अस्थायी सदस्यता के विस्तार से नहीं खुलेगी यूएनएससी में सुधारों की राह: हरीश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधारों के नाम पर केवल अस्थायी सीटों के विस्तार को लेकर भारत के स्थायी प्रतिनिधि और वरिष्ठ राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने साफ शब्दों में भारत के पक्ष को पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि परिषद में महज अस्थायी सदस्यों की सीटों की संख्या बढ़ाने से कोई सुधार नहीं होगा।

समूहों और सदस्य देशों ने पिछले काफी लंबे वक्त से इस मामले पर इंतजार किया है। ऐसे में इसे केवल अस्थायी सीटों तक सीमित रखकर जमीनी स्तर पर कोई लाभ नहीं होगा। ऐसा कोई भी सुधार केवल अपर्याप्त और विफलता के ही करीब होगा। नई स्थायी सदस्यता को जोड़कर ही परिषद में बेहतर अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधित्व और संतुलन को स्थापित किया जा सकता है। भारतीय समयानुसार बीते सोमवार देर रात सुरक्षा परिषद सुधारों को लेकर हुई अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) में भाग लेते हुए हरीश ने यह जानकारी दी है।

### यूएनएससी में 5 स्थायी सदस्यों का दबदबा

परिषद में सदस्यों की कुल संख्या 15 है। जिसमें स्थायी 5 और अस्थायी 10 सदस्य शामिल हैं। स्थायी सदस्यों में दुनिया के पांच बड़े देश जैसे अमेरिका, रूस,




चीन, ब्रिटेन और फ्रांस शामिल हैं। जिन्हें पी5 भी कहा जाता है। जबकि अस्थायी सदस्य देशों में 10 देश शामिल हैं। जिनका कार्यकाल 2 साल का होता है। स्थायी सदस्य देशों को परिषद द्वारा किसी देश विशेष के खिलाफ लिए गए निर्णय को अपनी वीटो पावर से रोकने यानी रद्द करने का अधिकार होता है। यूएनएससी द्वारा लाए गए किसी भी फैसले पर अगर किसी स्थायी सदस्य देश ने अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल कर लिया। तो वह निर्णय परिषद द्वारा पारित नहीं किया जा सकता है। भारत पिछले काफी लंबे समय से परिषद की स्थायी श्रेणी में व्यापक और व्यावहारिक सुधारों की वकालत कर रहा है।

### पाक समर्थित समूह को सुनाई खरी-खोटी

पी.हरीश ने यह भी कहा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार बड़े पैमाने पर अपर्याप्त और असफल होंगे। अगर उन्हें केवल अस्थायी सीटों तक ही सीमित कर दिया जाएगा। क्योंकि ऐसा करने से परिषद के पी5 पावर स्ट्रक्चर मसलन उनके निर्णय लेने के संरचनात्मक ढांचे में कोई मूलभूत बदलाव नहीं आएगा। समूहों और सदस्य देशों ने वास्तविक और अर्थपूर्ण सुधारों के लिए लंबी अवधि से इंतजार किया है। वहीं, इन सबके बीच इटली के नेतृत्व वाला समूह (यूनाइटिंग फॉर कंसेंसिंग, यूएफसी) सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यों की संख्या में विस्तार करने का प्रबल विरोधी है। जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है। 1990 से यह समूह सुधारों की कवायद को अपने प्रक्रियागत उपायों के इस्तेमाल से रोकने की कोशिश कर रहा है। यूएनएससी की जिस बैठक को भारत के राजदूत संबोधित कर रहे थे। उसका ध्यान एलिमेंट्स पेपर नामक एक दस्तावेज पर केंद्रित था। जिसमें यूएन सदस्यों देशों के विस्तार के साथ ही सामंजस्य और विस्तार के बिंदु शामिल थे। यूएफसी जैसे समूहों ने यूएन में यथास्थितिवाद को और अधिक मजबूत करते हुए अपने हितों का संरक्षण किया है।

### स्थायी सीटों में सुधार के पक्ष में भारत

भारतीय राजदूत ने परिषद की स्थायी श्रेणी के विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि इस दिशा में भारत के लगातार प्रयास संतुलन और समानता की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जिसमें वीटो ताकत वाले पांच पी5 देशों के निर्णय लेने वाले मानकों में बदलाव, उनके प्रभुत्व को संतुलित करने का मामला भी प्रमुखता से शामिल है। इस मामले में सुधारों को हासिल करने के लिए नई दिल्ली लंबे वक्त से प्रयास कर रही है। जिसमें स्थायी और गैर स्थायी जैसी दोनों सदस्यता श्रेणियों में विस्तार किया जाना शामिल है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आईजीएन में भी अन्य यूएन प्रक्रियाओं के तहत पाठ आधारित वार्ता होनी चाहिए। सह-अध्यक्षों को इस बाबत तय समयसीमा और अन्य बिंदुओं का ध्यान रखना चाहिए।

### वास्तविकताओं से कोसों दूर परिषद

उन्होंने कहा कि यूएनएससी की स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान वर्ष 1945 में की गई थी। जिसे देखते हुए यह 21वीं सदी की सोच और मौजूदा उद्देश्यों के हिसाब से भी ठीक नहीं है। साथ ही यह समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रदर्शित नहीं करती है। इसके विपरीत यूएन महासभा समानता के सिद्धांतों का पालन करती है। जबकि इसके विपरीत यूएनएससी में राज्यों की संप्रभु समानता का सिद्धांत लागू नहीं होता है। नई दिल्ली नियमित रूप से इस बात पर जोर दे रही है कि वह इस महत्वपूर्ण मंच पर स्थायी सीट पाने की सही मायने में दावेदार है। बीते वक्त में भारत वर्ष 2021-22 में परिषद में अस्थायी सदस्य बना था। हरीश के मुताबिक, परिषद में चर्चा के लिए पेश किए गए एलिमेंट पेपर न ही समूची वास्तविकता का सही ढंग से पूर्णतः समावेश करता है। न ही अधिकतर सदस्य देशों की भावनाओं को प्रदर्शित करता है। जिसे देखते हुए बदलाव अपेक्षित है।

**डिजाइन और बौद्धिक संपदा अधिकारों पर होगा पूर्ण नियंत्रण**

# वायु सेना खुद बनाएगी लंबी दूरी के घातक कामिकेज ड्रोन, निविदा पूछताछ जारी की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना ने लंबी दूरी के स्वदेशी कामिकेज ड्रोन बनाने की योजना शुरू की है। 16000 फीट की ऊंचाई और 30 किग्रा वॉरहेड क्षमता वाले इन ड्रोनों का डिजाइन और मालिकाना हक खुद वायु सेना के पास रहेगा। आधुनिक युद्ध के मैदान में ड्रोन तकनीक और लोइटरिंग म्यूनिशन की बढ़ती भूमिका को देखते हुए भारतीय वायु सेना ने रक्षा क्षेत्र में एक बेहद क्रांतिकारी और बड़ा कदम उठाया है। वायु सेना ने भारतीय उद्योग जगत के साझेदारों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से स्वदेशी लंबी दूरी के कामिकेज ड्रोन विकसित करने की एक मेगा परियोजना शुरू की है। इन ड्रोनों को वन-वे अटैक अनमैन्ड एरियल



सिस्टम यानी एकतरफा हमला करने वाली मानव रहित प्रणाली भी कहा जाता है। इस परियोजना का खास पहलू यह है कि भारतीय वायु सेना इस बार केवल एक खरीदार के रूप में काम नहीं करेगी, बल्कि ड्रोन के पूरे डिजाइन और बौद्धिक संपदा अधिकारों पर अपना पूर्ण नियंत्रण बनाए रखेगी। वायु सेना ने इस हाई-टेक परियोजना के लिए चुनिंदा भारतीय कंपनियों को एक सीमित निविदा पूछताछ जारी कर दी है।

### 30 किलो का वारहेड लेकर 16 हजार फीट ऊपर उड़ेगा

इस पूरे प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी तमिलनाडु के कोयम्बटूर में स्थित वायु सेना के 5 बेस रिपेयर डिपो सुलूर को सौंपी गई है, जो इस परियोजना के लिए मुख्य नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगा। यह ड्रोन समुद्र तल से 16,000 फीट तक की अत्यधिक ऊंचाई पर उड़ान भरने में पूरी तरह सक्षम होगा, जिससे यह लद्दाख और तवांग जैसे ऊंचाई वाले पहाड़ी मोर्चों पर भी आसानी से काम कर सकेगा। यह अपने साथ कम से कम 30 किलोग्राम का मोड्युलर पेलोड ले जा सकेगा, जो दुश्मन के बख्तरबंद वाहनों, कमांड सेंटरों और बंकरों को पलक झपकते ही तबाह करने के




**इजराइल और अमेरिका आमने सामने**

# ट्रंप ने फिर निकाली नेतन्याहू पर भड़ास, कहा इजराइल से बेहतर तो सीरिया लड़ सकता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की रणनीति पर नाराजगी जताई है। ट्रंप ने साफ कहा कि हिज्बुल्लाह से निपटने में इजराइल से बेहतर काम सीरिया कर सकता है। उनका मानना है कि लेबनान में इजराइल की सैन्य कार्रवाई ने ईरान के साथ चल रही शांति वार्ता को लगभग पटरी से उतार दिया था। ट्रंप का यह बयान जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान कतर के अमीर से मुलाकात में सामने आया, जिसने पश्चिम एशिया की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है। ट्रंप का कहना है कि इजराइल हिज्बुल्लाह के खिलाफ अभियान तो चला रहा है,



लेकिन इसमें आम लोगों की जान भी जा रही है। ट्रंप ने तंज भरे अंदाज में कहा, इजरायल सबको मारे बिना यह काम नहीं कर सकता, इसलिए सीरिया को यह काम करना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान इसलिए भी बहुत अहम माना जा रहा है, क्योंकि सीरिया लंबे समय से इजराइल का कट्टर विरोधी देश रहा है।

### ईरान को परमाणु बम नहीं रखने देंगे

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान को किसी भी हाल में परमाणु हथियार नहीं रखने दिए जाएंगे, चाहे शांति समझौता हो या नहीं।



उनका यह बयान तब आया है, जब पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच एक समझौते पर सहमति बनी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109